जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, रविवार 16 नवम्बर, 2025


## बच्चे तो बड़े हो जाएंगे पर घर नहीं



### इसलिए आज बुक करवाइए
### बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट छोटी छोटी प्राइस में

**कोठीः सिर्फ ₹4700/Sq Ft** | **फ्लैटः सिर्फ ₹4000/Sq Ft**

### FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 65 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 75 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 80 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.05 CRORE | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.10 CRORE | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.50 CRORE | 50,000 |

FIXED PRICE GUARANTEED

पजेशन पर ₹10 लाख प्राइस बढ़ेगी !

NO MIDDLE-MEN

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर**

# गरीबी से बड़ा कोई अभिशाप नहीं और इससे मुक्ति दिलाने में शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण से बेहतर कोई उपाय नहीं

मेरा जीवन एक साधारण गाँव में शुरू हुआ जहाँ अकूत गरीबी थी। मेरे पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे और मैं प्रायः उनको इस संघर्ष में देखता था कि कैसे वे एक ओर अपने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे और दूसरी ओर सरकारी अफसरों और नेताओं से हाथ जोड़कर अपने पदस्थापन स्थान के विकास के लिए याचना करते थे।मैंने तब इस बात को स्वयं जिया कि कैसे गरीबी न केवल जीवन की गुणवत्ता को कम करती है,बल्कि यह व्यक्ति की आत्मा को भी छलनी कर देती है। इस अभिशाप से मुक्ति पाने की छटपटाहट में मैंने शिक्षा,स्वास्थ्य,शांति और पर्यावरण के महत्व को आत्मसात और क्रियान्वित किया।

शिक्षा ने मेरे लिए विश्व के बंद दरवाजे खोले। शिक्षा मेरे लिए ज्ञान की वह रोशनी लेकर आई,जिसने मुझे अपनी स्थितियों को समझने और उन्हें बदलने की रणनीति और शक्ति दी। स्वास्थ्य ने मुझे यह सिखाया कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ और निर्मल मन निवास करता है,और यही निर्मल मन व्यक्ति के समठा कल्याण का बीज है। शांति ने मुझे आंतरिक संतुलन और सामंजस्य के चमत्कारी प्रभाव को समझाया,जो हमारे भीतर सहयोग और सद्भावना को बढ़ाता है। हमारे आसपास का पर्यावरण और उसको बेहतर रखने के प्रति सचेत रहनेसे मुझे यह समझ पाना सुलभ हुआ कि प्राकृतिक संसाधन हमारे जीवन केमूल आधार हैं,और इनकी सुरक्षा करना हमारी असल में हमारी अपनी भलाई के लिए अनिवार्य है।

इस प्रकार,मेरी कहानीआपकोयह सिखा सकती है कि गरीबी से लड़ने और विजय पानेहेतु शिक्षा, स्वास्थ्य,शांति,और पर्यावरण कोसाथ लेकर चलना होगा। ये चारों स्तंभ व्यक्तिगत जीवन के साथ ही समठा समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। जब हम इन स्तंभों को सशक्त बनाते हैं, तो हम न केवल गरीबी के विरुद्ध एक प्रबल लड़ाई लड़ सकते हैं,बल्कि एक ऐसे समाज की नींव रख सकते हैं जो अधिक समृद्ध,स्वस्थ, और शांतिपूर्ण हो।

अपनी जीवन यात्रा में मैंने यह भी सीखा कि जब समाज एक साथ मिलकर काम करता है,तो बदलाव लाना तुलनात्मक रूप से शीघ्रतापूर्वक संभव हो पाता है। शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना, स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना,शांति की दिशा में काम करना,और पर्यावरण की रक्षा करना–ये सभी कार्य तब और अधिक प्रभावी होते हैं जब हम सभी इसमें साझा प्रयत्न करते हैं।मेरी कहानी यह भी दर्शाती है कि गरीबी एक बड़ी चुनौती है, लेकिन इसे पराजित करने के लिए हमारे पास शक्तिशाली रणनीतियाँ उपलब्ध हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति, और पर्यावरण के माध्यम से हम व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बना सकते हैं, और साथ ही पूरे समाज और राष्ट्र को भी उन्नित की ओर ले जा सकते हैं। इस दिशा में मिल जुलकर किया गया कार्य एक ऐसे भविष्य की ओर ले जा सकता है जहाँ गरीबी मात्र इतिहास का हिस्सा बन कर रह जाए।

शिक्षा का महत्व तो जगजाहिर है। यह व्यक्ति को न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होती है। एक अनपढ़ व्यक्ति जो अपने अधिकारों से अनभिज्ञ होता है, उसे प्रायः शोषण का सामना करना पड़ता है। जब वही व्यक्ति शिक्षित हो जाता है, तो वह न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है, बल्कि अपने जीवन की बेहतरीहेतु सही निर्णय ले सकता है। उदाहरण के लिए, एक छोटे गाँव की एक युवती जिसने शिक्षा प्राप्त की और अपने गाँव में एक स्कूल खोला, उसने अपना जीवन तो बदला ही साथ ही अपने गाँव के बच्चों को भी शिक्षित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य साधन है। बीमारियों से मुक्त एक स्वस्थ व्यक्ति अपने कार्य में अधिक सक्षम होता है और तुलनात्मक रूप से अधिक आय अर्जित कर सकता है। इसके उलट, एक बीमार व्यक्ति अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सकता, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति दुष्प्रभावित होती है। स्वास्थ्य सेवाओं का सुलभ होना और उनकी गुणवत्ता दोनों ही महत्वपूर्ण है। एक स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध और सुखी समाज की नींव रख सकता है। एक छोटे गाँव में,जहाँ पहले स्वास्थ्य सेवाएं नहीं थीं, वहाँ एक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना से न केवल बीमारियों का बेहतर प्रबंधन हुआ, बल्कि लोगों की जीवन गुणवत्ता में भी सुधार हुआ।

शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही शांति भी गरीबी से मुक्ति का एक अनिवार्य घटक है। एक शांतिपूर्ण समाज में,व्यक्तियों, परिवारों और समाज को अपनी क्षमताओं को विकसित करने और आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के बेहतर अवसर प्राप्त होता है। जिस समाज में हिंसा और अशांति होती है उसमें सतत विकास की संभावनाएं घट जाती हैं और गरीबी बढ़ती जाती है। फलतः, शांति को बढ़ावा देना और आपसी संघर्षों को कम करना गरीबी से मुक्ति के लिए अनिवार्य है।

गरीबी को मिटाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और शांति के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरणीय स्थिरता से हमारे संसाधन सुरक्षित रहते हैं, जो कि सतत आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिकीय विकास और लोगों के कल्याण में मौलिक भूमिका निभाते हैं। जब पर्यावरण संरक्षित होता है, तो यह खाद्य सुरक्षा में योगदान देता है,प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करता है,और स्वच्छ जलवायु और मृदा प्रदान करता है। इस प्रकार,पर्यावरणीय स्थिरता प्राकृतिक पारिस्थितिकीय तंत्रों के साथ ही मानव समाज के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिरता के लिए भी अनिवार्य है। इसलिए, गरीबी उन्मूलन की हमारी रणनीतियों में पर्यावरणीय संरक्षण को भी प्रमुख स्थान देना चाहिए। प्राकृतिक जलवायु समाधान जिसमें कार्बन पृथक्करण और संचय, जैव-विविधता का संरक्षण, और आजीविका में सुधार शामिल हैं, एक ऐसा रास्ता देते हैं जो गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक संसाधनों का सुदृढीकरण भी करते हैं।

> **शिक्षा का महत्व तो जगजाहिर है। यह व्यक्ति को न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक होती है। एक अनपढ़ व्यक्ति जो अपने अधिकारों से अनभिज्ञ होता है, उसे प्रायः शोषण का सामना करना पड़ता है। जब वही व्यक्ति शिक्षित हो जाता है, तो वह न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है, बल्कि अपने जीवन की बेहतरीहेतु सही निर्णय ले सकता है। उदाहरण के लिए, एक छोटे गाँव की एक युवती जिसने शिक्षा प्राप्त की और अपने गाँव में एक स्कूल खोला, उसने अपना जीवन तो बदला ही साथही अपने गाँव के बच्चों को भी शिक्षित करने का मार्ग प्रशस्त किया**

इन चारों स्तंभों – शिक्षा, स्वास्थ्य, शांति और पर्यावरण – को सुदृढ़ करने से ही गरीबी के चक्र को तोड़ा जा सकता है और एक समृद्ध समाज की नींव रखी जा सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि सरकारें और समाज के सभी वर्ग इन क्षेत्रों में प्राथमिकता से निवेश करें। इन मूलभूत कारकों को सम्हाली बिना गरीबी के विरुद्ध एक प्रभावी और निर्णायक लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती।

यदि एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्च कोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन नहीं दे सकता, तो वास्तव में उसके पास देने के लिए और क्या बचता है? ये सभी तत्व न केवल एक समृद्ध समाज की नींव हैं,बल्कि ये हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण हैं। एक व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के रूप मेंहमारी प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हम इन मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करें और अपने नागरिकों को एक सुरक्षित, स्वस्थ, और शिक्षित भविष्य प्रदान करें।

इसी विश्वास के साथ हम एक श्रृंखलाबद्ध विश्लेषण प्रारम्भ कर रहे हैं कि यह ज्ञान व्यक्तियों, परिवारों समाज और सरकारों को गरीबी उन्मूलन के लिए एक नवाचारी और प्रमाण-आधारित दिशा प्रदान करेगा। यदि हमारा देश अपने नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को तो बढ़ाएगा ही साथ ही समाज के समग्र विकास को भी सुनिश्चित करेगा। इन मूलभूत कारकों को ध्यान रखकर तय की गई प्राथमिकता ही वह आधार है जिस पर एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है।

इस विश्लेषण में हम आने वाले समय में यह स्पष्ट करेंगे कि कैसे शिक्षा नागरिकों को नई तकनीकें और विचार सीखने में मदद कर सकती है,स्वास्थ्य सेवाएं कैसे उन्हें अधिक उत्पादक बना सकती हैं,पर्यावरणीय संरक्षण कैसे संसाधनों की रक्षा कर सकता है,और शांति कैसे हमारे समाज को अधिक सहयोगी और सद्भावपूर्ण बना सकती है। हम उम्मीद करते हैं कि इस विश्लेषण के माध्यम से प्राप्तनिष्कर्ष समाज और सरकारों को इन क्षेत्रों में नीतियाँ और कार्यक्रम विकसित करने के लिए प्रेरित करेंगे,जिससे गरीबी कम होने के साथ ही देश की समग्र प्रगति भी सुनिश्चित होगी।

हम इस श्रृंखलाबद्ध विश्लेषण को इस आशा और विश्वास के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं कि यह ज्ञान, गरीबी को मिटाने के लिए समाज और सरकारों को एक नई दिशा देगा। जब एक देश अपने बच्चों और नागरिकों को उच्चकोटि की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरणीय सुरक्षा, और शांतिपूर्ण जीवन प्रदान करने में सफल होता है, तो यह न केवल व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि समाज के समठा विकास को भी सुनिश्चित करता है। ये सभी तत्व एक समृद्ध समाज की नींव हैं और हर व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं।इससे न केवल हमारे देश की समठा उन्नित सुनिश्चित होगी, बल्कि यह हमारे नागरिकों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाने में भी मदद करेगा। यह आवश्यक है कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, और शांति के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा दें और इन्हें अपनी राष्ट्रीय नीतियों का केंद्र बिंदु बनाएं। इस प्रकार, हम एक ऐसे भविष्य की ओर अठासर होंगे जहाँ हर नागरिक के पास अपनी पूर्ण क्षमता को प्राप्त करने का अवसर होगा।

हम इस बात को समझते हैं कि गरीबी एक जटिल समस्या है जिसका समाधान एक क्षेत्र में कार्य करने से नहीं, अपितु एक समन्वित और समग्र दृष्टिकोण से ही हो सकता है। इसलिए हमारी श्रृंखला विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के विचारों और अनुभवों को साझा करेगी, और शोध-आधारित विचारों को आगे लायेगी, जिससे नवाचार और सुधार के लिए प्रेरणा मिल सके।अंत में, हम आशा करते हैं कि यह श्रृंखला न केवल जागरूकता बढ़ाएगी बल्कि समाज और सरकारों को उन नीतियों और कार्यक्रमों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी जो वास्तव में गरीबी को कम करने और हमारे देश को एक समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने में सहायक होंगे।

**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सहित अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंगप्रोफेसर )**

**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# मतदाता सूचियों के संबंध में चुनाव आयोग से जनता कुछ ओर स्पष्टता की उम्मीद तो करती ही है



महावीर सिंह

बिहार में बहुचर्चित मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण से जुड़े विवादों के बीच विधान सभा चुनाव संपन्न हुए।चुनाव आयोग पर राजनेताओं ने कई आरोप लगाए है और कुछ राजनीतिक दलों में ऐसे नेताओं को जम कर आड़े हाथों लेते हुए आयोग के बचाव का भी भरसक प्रयास किया है किंतु चुनाव आयोग ने विस्तार से, बहुत संतोषप्रद प्रतिक्रियाएं नहीं दी। कुछ ऐसा प्रतीत हुआ कि चुनाव आयोग विस्तृत तथ्य वो कानून आधारित प्रतिक्रिया के बजाए लूली लंगड़ी बचाव मुद्रा में दिखाई देता रहा। वैसे बिहार मतदान के समय भी कुछ जगह कैमरे पर लोगों में कहा है कि उनके पूरे मोहल्ले के या बहुत से मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में नहीं मिले। अभी बिहार विधान सभा के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में सम्पन्न हुए चुनावों में दिल्ली निवासी कुछ ख्यातनाम व्यक्तियों के बारे में वीडियो वायरल हुए है कि उन्होंने कुछ समय पूर्व फरवरी में दिल्ली विधान सभा के चुनावों में भी मतदान किया था और अब बिहार में भी किया है? इससे तो चुनाव आयोग द्वारा अभी हाल ही में बिहार में जो मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण हुआ उस पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है?

05 नवंबर 2025 को लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर हरियाणा की मतदाता सूचियों में कुछ ऐसी त्रुटियों की ओर ध्यान खींचा है जिन पर चुनाव आयोग को और चुनाव आयोग से जुड़े कुछ मुद्दों पर सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी ही चाहिए। चुनाव आयोग मात्र एक सरकारी निकाय न होकर एक संवैधानिक संस्था है। संविधान बनाने के समय देश में चुनावों का दायित्व किस प्रकार की संस्था को सौंपा जाए इस पर विस्तार से चर्चा हुई थी। इसके पश्चात एक उच्चस्तरीय स्वतंत्र संवैधानिक संस्था बनाई गई जिस पर देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करने की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।चुनाव निष्पक्ष हों, पारदर्शी तरीके से हों और सबसे बड़ी बात कि जनता तथा चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों को विश्वास हो कि ऐसा ही हो रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए अत्यावश्यक है कि चुनावों के प्रति जन विश्वास कायम रहे।जहां जहां इस जन विश्वास में कमी आती है वहां सरकारों पर धांधली से चुनाव जीतने के आरोप लगते है और सरकारें अस्थिर होती रहती है।

सबसे पहले तो सरकार को बताना चाहिए कि जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह आशा की थी कि त्रिसदस्यीय चुनाव आयोग में सरकार भी हो, प्रतिपक्ष भी हो तथा एक तीसरा इन दोनों से भिन्न उच्च नैतिक मानदंडों वाला विख्यात व्यक्ति हो तो इसमें तीसरा व्यक्ति सरकार में अपनी सरकार के मंत्री को ही क्यों रख लिया? इस संरचना से तो यह संस्था पूर्णतः सरकारी नियंत्रण वाली संस्था ही कहलाएगी।

सरकार से जनता इस जानकारी की भी अपेक्षा करती है कि कौन सी ऐसी परिस्थितियों उत्पन्न हुई कि चुनाव आयुक्तों को ऐसा कवच देना पड़ा कि उनके विरुद्ध, उनके चुनाव आयुक्त की हैसियत से किए किसी भी कार्य के लिए कभी भी कोई अपराधिक कार्यवाही होगी ही नहीं। क्यों???

यह नियम बनाने की भी क्या आवश्यकता थी कि पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी पर आए मतदाताओं के फोटोज अन्य विवरण का चित्रण मतदान के 45 दिन बाद नष्ट कर दिया जाए??? फर्जी मतदाताओं की तो इससे पहचान हो ही जाती।खैर सही उतर तो चुनाव आयोग या सरकार ही दे सकते है?? यह भी माना की जिस सरकार के पास संसद में बहुमत है वह कोई भी कानून बना सकती है किंतु यह भी सत्य है कि हर कानून से जनहित की ही पूर्ति होती है सही नहीं है? चुनाव आयोग जेसी संस्था के लिए तो कानून ऐसा होना चाहिए जो पक्ष विपक्ष दोनों को स्वीकार हो और जनता को भी उनके गंभीर दुरुपयोग का कोई संदेह न हो।

अब 05 अक्टूबर को उपर उल्लेखित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करते हैं ::--

एक प्रश्न है जिस पर चुनाव आयोग को तत्काल स्पष्टता करनी चाहिए कि एक ही वोटर के बीस-तीस अलग अलग पोलिंग स्टेशनों पर नाम कैसे आए? क्या आयोग स्तर से, मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन से पहले इस प्रकार के नामों की त्वरित जांच व हटाने का कोई तरीका नहीं??? इस प्रकार के कई नाम बताए गए। आयोग के हवाले से यह बताया गया कि क्या प्रमाण है कि ऐसे व्यक्तियों ने एक से अधिक जगह पर वोट डाला है??ऐसे आरोप भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास मात्र है।

आयोग का ऐसा दृष्टिकोण, यदि ऐसा है तो, किसी के भी गले उतरने वाला नहीं हो सकता। मान लेते है कि कई जगह नाम वाले व्यक्ति ने दो बार मतदान नहीं किया किंतु क्या यह सिद्ध कर देता है कि मतदाता सूचिया 100 प्रतिशत सही,शुद्ध है?? बिल्कुल नहीं।

रही बात एक से अधिक पोलिंग स्टेशनों पर मतदान की तो अगर पोलिंग स्टेशनस पास पास 2,4,5,10 किलोमीटर के दायरे में हो तो मतदान भी कई जगह किया जा सकता है। नहीं क्या??? आयोग या तो यह कहे कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह पूर्णतः गलत जानकारी दी गई है या यह सिद्ध करे कि एक ही फोटो दिखने वाले भिन्न भिन्न पोलिंग स्टेशनों पर जो मतदाता दिखाए गए हैं वे सब अलग अलग है। लेकिन जनता की दृष्टि में अपनी साख कायम रखने के लिए,कई पोलिंग स्टेशन की सूचियों में फोटो एक कैसे, इस पहेली तो आयोग को सुलझानी ही चाहिए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि,उचित सॉफ्टवेयर से एक जैसे फोटो वाले नामों को ,एक जैसी व्लदियत वाले नामों की,एक जैसे पते वाले नामों की पहचान अत्यंत ही आसान है तो फिर हुई क्यों नहीं? या फिर इन आरोपों व सुझावों को निराधार सिद्ध किया जाए। आरोप किसी आम आदमी ने नहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने लगाए है।

मैंने आईटी के एक सामान्य स्तर वाले जानकार से पूछा कि यह एक ही मतदाता की फोटो से कई पोलिंग स्टेशन पर मतदाता के रूप में नाम कैसे आ सकता है? उनका कहना था कि ँ ध्द्वारा तैयार मतदाता नामों की सूची मय फोटो को निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में, ठेकेदार के डेटा एंट्री ऑपरेटरस अपलोड करते है। उनके कॉन्ट्रेक्ट की शर्तों में कुछ परसेंटेज तक त्रुटियां मान्य होती है अर्थात यदि इस सीमा तक त्रुटि होती है तो उनका भुगतान नहीं रुकता और त्रुटि शुद्धिकरण का काम भी उसी वेंडर को दिया जाता है जिसका अलग से भुगतान होता है। इस कारण कुछ त्रुटिया वेंडरस द्वारा एंट्री ऑपरेटर से जानबूझ कर करवाई जाती है।

जब उन्हें बताया गया कि गलतियों का शुद्धिकरण तो मतदाता के अंतिम प्रकाशन से पहले हो जाता है, उसके बाद त्रुटियां रहना तो काफी गम्भीर बात है तो उनका कहना था वे सामान्य प्रक्रिया बता रहे हैं।मतदाता सूचियों में इस प्रकार की त्रुटियां क्यों – कैसे रही, इस बारे में उन्हें कुछ नहीं पता।

जब उनसे पूछा की चलिए उपरोक्त बताई कारण से एक पोलिंग स्टेशन पर एक वोटर की फोटो व नाम कई बार आ गया किंतु दूर दूर के पोलिंग स्टेशंस की मतदाता सूचियों में एक ही नाम और फोटो कैसे आ सकते है ? यह तो तभी संभव है जब कोई एक ही व्यक्ति इस प्रकार के नाम डेटा एंट्री ऑपरेटर्स को उपलब्ध करवाए या कोई व्यक्ति किसी सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन से दूर बैठ कर इस प्रकार की एंट्रीज कर दे? अर्थात सेंट्रलाइज्ड तरीके से मतदाता सूचियों में छेड़छाड़ की जाए। ओर अगर ँ ध्द स्तर से यह गलतियां हुई है या जानबूझ कर की हैं तो उनके विरुद्ध निर्वाचन अधिकारी ने कोई कार्यवाही भी की होगी।यह तो चुनाव आयोग बता ही सकता है, नहीं??

दूसरा बिंदु जो उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाया गया वह था एक ही पोलिंग स्टेशन पर 0 हाउस नम्बर में अनेक मतदाताओं के नाम। जिनका कोई घर नहीं क्यों कि या तो घुमंतू जातियों के है या वास्तव में बेघर हैं तो फिर उनको किसी मतदान केंद्र की मतदाता सूचियों में किस प्रकार की जांच के आधार पर अंकित किया गया है ??? ऐसे आदमियों की पहचान किसी दस्तावेज से तो हुई होगी,उस दस्तावेज में कोई न कोई रहने का स्थान भी दिया होगा या फिर ऐसे लोगों की पहचान की जरूरत ही नहीं थी? आधार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पुराने मतदाता फोटो पहचान पत्र आदि में भी घर,पते का कोई न कोई अंकन होता ही है। घुमंतू जाती के लोग भी एक किसी एक स्थान पर अपना एक डेरा, टोला जरूर रखते है जहां वे आते जाते रहते है।तो 0 की जगह बंजारा या गवारिया या अन्य का डेरा ही अंकित कर देते। मतदान के समय कैसे पहचान होगी ऐसे आदमियों की,कोई वहां का है भी या नहीं???

दूसरा बिंदु जिस पर आयोग से स्थिति स्पष्ट करना तो बनता है, वह है कि एक छोटे मकान में 20,30,50,100 मतदाताओं के नाम कैसे? हो सकता है कोई बहुत बड़ा मकान हो उसमें स्थाई रूप से बहुत सारे लोग रहते हों जिनमें मकान मालिक व उसके परिवार के अतिरिक्त कई किराएदार हों। ऐसे मामलों में भी ँ ध्द द्वारा मौके पर जांच की जाती है।आयोग चाहे तो स्थिति स्पष्ट कर सकता है।यदि किराएदार है तो फिर स्थाई किराएदार बाशिंदे है उनकी बात अलग हो सकती है किंतु यदि सीजनल कामगार, मजदूर आदि है तो फिर ऐसे लोगों का नाम क्यों आना चाहिए?? उनका नाम तो वे जहां के स्थाई निवासी है वहां होना चाहिए।

आयोग द्वारा यह मात्र यह कह देना कि यह सब बेबुनियाद के प्रश्न है, आयोग को बदनाम किया जा रहा है या फिर कोई यह कह दे कि नेता प्रतिपक्ष हल्के छिछोरे आरोप लगाने के आदि है या ऐसे वैसे बोलने पर उन्हें सुप्रीम कोर्ट से हिदायत भी दी गई है, आदि वक्तव्यों से जनता के मन के संदेह दूर नहीं होंगे।

बात तो यह है कि आयोग प्रत्येक आरोप का विस्तार से खंडन क्यों नहीं करता या स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं करता?? कुछ राजनीतिक दल अनावश्यक रूप से आयोग के बचाव में क्यों कूद पड़ते है?

नेता प्रति पक्ष ने जो कुछ कहा उस से यह बिल्कुल सिद्ध नहीं होता कि वोटों की चोरी हुई है किंतु इस प्रकार के लोगों ने जिनके नाम कई कई पोलिंग स्टेशन पर है उन्होंने कई बार वोट नहीं डाला या फिर उस नाम से किसी ओर ने वोट डाल दिया, यह जांच तो केवल और केवल चुनाव आयोग ही कर सकता है।किस पोलिंग स्टेशन पर किस ने मतदान किया यह रिकॉर्ड तो चुनाव आयोग के पास ही है??? कोई अन्य कैसे जांच कर सकता है???

**–महावीर सिंह, पूर्व आईएएस**

# सप्त शक्ति कमान का थार मरुस्थल में युद्ध तत्परता का सशक्त प्रदर्शन सम्पन्न

## युद्ध अभ्यास का उद्देश्य अपनी युद्ध तत्परता और परिचालन दक्षता का मूल्यांकन करना था

**बीकानेर,** (निसं)। सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन ने थार मरुस्थल स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में एक व्यापक युद्ध अभ्यास को संपन्न किया, जिसका उद्देश्य अपनी युद्ध तत्परता और परिचालन दक्षता का मूल्यांकन करना था।

सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने युद्ध अभ्यास की कार्यवाही की समीक्षा की, जिसका उद्देश्य सामरिक प्रक्रियाओं को निखारना, इण्टर आर्म्स समन्वय को बढ़ाना और चुनौतीपूर्ण वातावरण और भू-भाग की स्थितियों के तहत सभी संस्थाओं और टुकड़ियों के एकीकरण का परीक्षण करना था। अभ्यास में सैनिकों की सहनशक्ति, अनुशासन और उच्च-तीव्रता वाले वास्तविक युद्ध क्षेत्र के माहौल में प्रदर्शन की क्षमता का परीक्षण किया गया और यह अभ्यास ये सुनिश्चित करने पर केंद्रित था कि इंफ़ैंट्री, मैकेनाइज्ड फोर्सेज, एयर डिफेन्स, आर्टिलरी फायर सपोर्ट, इंजीनियर्स और लॉजिस्टिक्स सहित संयुक्त सैन्य अभियानों को सटीकता और चुस्ती के साथ संचालित किया जा सके। साथ ही कमान और नियंत्रण प्रक्रियाओं, इंटेलिजेंस समन्वय तथा युद्धक तैयारी बढ़ाने के लिए (ड्रोन्स) के प्रभावी उपयोग का भी अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में भाग लेने वाले सैनिकों ने संचालन योजनाओं, लॉजिस्टिक क्षमता और संचार नेटवर्क को सफलतापूर्वक परखा, जिससे डिवीजन की उच्च स्तरीय तैयारी और बदलते खतरों का सामना करने की क्षमता का स्पष्ट प्रदर्शन हुआ।



**आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने थार मरुस्थल में युद्ध तत्परता के सशक्त प्रदर्शन का अवलोकन किया।**

एक गतिशील और विवादित युद्ध परिदृश्य का अनुकरण करते हुए, युद्ध अभ्यास में डिसिशन मेकिंग, अनुकूलन क्षमता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं के संदर्भ में हर स्तर की कमान का परीक्षण किया। फार्मेशन ने जटिल संचालन चुनौतियों का सामना करने के लिए तेज, समन्वित और सुव्यवस्थित गतियों को निष्पादित करने में उत्कृष्ट पेशेवरिता और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। आर्मी कमांडर ने भाग लेने वाले सैनिकों को उनके पेशेवर व्यवहार, इनोवेशन और मिशन केंद्रित दृष्टिकोण के लिए सराहा। उन्होंने कहा कि सैनिकों का प्रदर्शन भारतीय सेना की प्रतिबद्धता, साहस और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाता है, चाहे परिस्थितियाँ कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों। साथ ही उन्होंने भैरव बटालियन के साथ भी संवाद किया और उनके उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और ऑपरेशनल रेडीनेस की सराहना की।

> ■ **सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने युद्ध अभ्यास की कार्यवाही की समीक्षा की**

## राशिफल रविवार 16 नवम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, हस्त नक्षत्र रात्रि 2:11 तक, प्रीति योग सोमवार प्रातः 7:23 तक, कौलव करण दिन 3:43 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 2:11 तक है। द्विपुष्कर योग और राजयोग रात्रि 2:11 से रात्रि 4:48 तक है। आज मार्गशीर्ष संक्रांति, सूर्य वृश्चिक में प्रवेश दिन 1:87 पर करेगा। पुण्यकाल प्रातः 7:13 से आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:11 से 9:31 तक, लाभ-अमृत 9:31 से 12:11 तक, शुभ 1:32 से 4:52 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:51, सूर्यास्त 5:32 तक

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आवश्यक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**तुला**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। आज मन में असंतोष बना रहेगा।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

**मीन**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 105 प्रभात जयपुर, रविवार, 16 नवम्बर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



Why The Bhumihars Matter So Much In Bihar!
In Bihar politics, where caste and community often dictate allegiance more than ideology, the Bhumihar community presents a paradox
Lal Bahadur Shastri On BBC
Wars Over Nutmeg
The Brutal History Of Massacres and Bloodshed in the Spice Trade

# अंदर ही अंदर विस्फोटक स्थिति पहुँच गई है कांग्रेस में

## बेचैनी का कारण राहुल गांधी व उनके काम करने का स्टाइल है, जिसमें वो अभी भी कोई जिम्मेवारी ओढ़ने को तैयार नहीं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवंबर। बिहार में कांग्रेस पार्टी की करारी हार के बाद पार्टी के भीतर बेचैनी और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। इस नाराज़गी का केन्द्र राहुल गांधी हैं, जो पार्टी के सारे अहम फैसलों पर नियंत्रण रखते हैं और ऐसे निर्णय ले रहे हैं, जो "तर्कहीन" व समझ से परे लगते हैं।

राहुल गांधी को अब भी एक "पार्ट-टाइम नेता" के रूप में देखा जाता है, जो न तो पार्टी के छोटे-बड़े मुद्दों में रुचि लेते हैं, न ही रोजमर्रा के संगठनात्मक कामकाज में। वे अहम फैसलों में भाग नहीं लेते और उन्होंने पार्टी को ऐसी टीम के हवाले कर दिया है जिसमें के.सी. वेणुगोपाल जैसे लोग शामिल हैं, जो पार्टी को ऐसे चलाते हैं, मानो उन्हें कांग्रेस का "मालिकाना हक" सौंप दिया गया हो।

- जिस तरह से राहुल गांधी कोई रूचि नहीं दिखा रहे पार्टी के कामकाज के बारे में, उनकी छवि एक पार्ट टाइम राजनीतिज्ञ की बन गई है।
- बिहार में उन्होंने एक नौसिखिया व्यक्ति अल्लुवेरा को प्रभारी बना के भेजा, जिसने कभी भी पार्टी में कोई महत्वपूर्ण पद नहीं पाया था।
- अल्लुवेरा और तेजस्वी के संबंध इतने खराब हो गए कि तेजस्वी ने उनसे मिलने को मना कर दिया, सीटों के बंटवारे पर बातचीत तो बहुत दूर की बात है।
- राहुल गांधी ने बिहार में वोट चोरी को अति महतव देते हुए यात्रा निकाली, जिसमें तेजस्वी उनके साथ रहे, माहौल कुछ ठीक होने लगा था कि राहुल गांधी बीस दिन के लिए साउथ अफ्रीका चले गए, कोलंबियन कॉफी को ब्रू करने की बारीकियाँ समझने के लिए और बिहार की राजनीतिक उथल-पुथल को एकदम अनदेखा कर दिया।

बिहार को एक उदाहरण के रूप में लेते हुए, जहाँ पार्टी को भाजपा के हाथों भारी हार का सामना करना पड़ा, वहाँ राहुल ने अल्लुवेरा को बिहार जैसे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य का प्रभारी बना दिया, जिन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा, न किसी छोटे राज्य तक का प्रबंधन संभाला, न उन्हें कोई राजनैतिक अनुभव था। पार्टी में भी उन्होंने कोई खास पद नहीं सँभाला था। राहुल ने उन्हें अपने आदमी के रूप में वहाँ भेजा था, जो निहित स्वार्थों वाले, और लालू यादव के करीबी लोगों को उखाड़ फेंकेगा और अपनी पकड़ बनाएगा।

कांग्रेस बिहार में दिशाहीन थी, उसका कोई जनाधार नहीं बचा था और राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बैसाखियों का सहारा ले रही थी।

अल्लुवेरा और तेजस्वी यादव के बीच रिश्ते इतने खराब थे कि तेजस्वी उनसे मिलने तक को तैयार नहीं हुए, गठबंधन पर बातचीत तो दूर की बात थी।

राहुल गांधी ने तेजस्वी के साथ बिहार में एक यात्रा निकाली, लेकिन उसके तुरंत बाद वे 20 से अधिक दिनों के लिए दक्षिण अमेरिका चले गए। यात्रा से जो भी थोड़ी-बहुत गति बनी थी, वह वहीं ख़त्म हो गई, जब राहुल बिहार की स्थिति से पूरी तरह बेखबर "नई कोलंबियन कॉफी" के बारे में सीख रहे थे। बिहार में जो कुछ हो रहा था, उसे उन्होंने पूरी तरह नज़र अंदाज़ कर दिया था।

उन्होंने लालू यादव से मिलने से इनकार कर दिया, सीट बंटवारे में भाग नहीं लिया, टिकटों को लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई। उनका चुनाव प्रचार भी बहुत ही सीमित और औपचारिक था।

चुनाव खत्म होने से पहले ही, वे फिर विदेश चले गए और मतगणना के दिन भी मौजूद नहीं थे। वे आज सुबह दिल्ली लौटे, वेणुगोपाल और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'विवाहित वयस्क संतान का पिता की निजी संपत्ति में हक नहीं'

जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद से जुड़े एक मामले में कहा है कि विवाहित या वयस्क संतान का उसके पिता की स्वअर्जित संपत्ति में कोई हक नहीं है। पिता की निजी संपत्ति में बेटा उनकी मंजूरी से ही रह सकता है और पिता के कहने पर उसे संपत्ति को खाली करना होगा। अदालत ने कहा कि बेटे को संपत्ति पर कब्जा पिता ने स्नेहवश दिया था, यह किसी कानूनी अधिकार के तौर पर नहीं दिया गया। वहीं अदालत ने निचली कोर्ट व अपीलीय कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए, पिता के खिलाफ मुकदमा कर उन्हें

- हाई कोर्ट ने पिता के खिलाफ मुकदमा करके परेशान करने वाले बेटे पर एक लाख रूपए हर्जाना लगाया।

परेशान करने वाले बेटे पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने अपील को भी खारिज कर दिया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश रितेश खत्री की अपील पर दिए।

अदालत ने कहा कि अपीलार्थी पर लगाई गई हर्जाना राशि एक पिता के इस मुकदमे को लड़ने में झेली गई पीड़ा व उत्पीड़न की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं है। लेकिन यह भविष्य के लिए एक उदाहरण साबित होगा, ताकि इस तरह के मुकदमों को दुर्भावनापूर्ण तरीके से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# किसी भी सिंगल पार्टी से राजद का वोट शेयर ज्यादा था बिहार में

## फिर भी राजद को इतनी करारी हार क्यों मिली

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। लालू प्रसाद के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को हाल ही में खत्म हुए चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन उनके राजनैतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव के लिए एक छोटी सी सकारात्मक बात भी है: 243 सदस्यीय विधानसभा में सिर्फ 25 सीटों पर जीत के बावजूद, इस चुनाव में सबसे अधिक वोट शेयर प्राप्त करने वाली पार्टी राजद ही रही है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, राजद का वोट शेयर 23 प्रतिशत रहा (2020 के 23.11 प्रतिशत से थोड़ा कम), भाजपा का वोट शेयर 20.08 प्रतिशत रहा (2020 के 19.46 प्रतिशत से ज्यादा), जबकि जदयू को 19.25 प्रतिशत वोट मिले (2020 के 15.39 प्रतिशत से अधिक)।

इसके बावजूद, एनडीए की आँधी में राजद उड़ गया। वजह साफ है: एक गठबंधन के रुप में, एनडीए का कुल वोट शेयर 47 प्रतिशत रहा, जबकि महागठबंधन और उसके साथियों को मिलकर 35.89 प्रतिशत वोट मिले। साधारण शब्दों में कहें, तो राजद अपने सहयोगियों से निराश हुआ। लेकिन इसे दूसरे तरीके से भी देखा जा सकता है: प्रमुख पार्टियों में राजद ने सबसे ज्यादा सीटों-143-पर चुनाव लड़ा, जबकि भाजपा और जदयू ने 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ा, यानी राजद से 42 सीटें कम।

- उनके समर्थकों का मत है कि राजद को महागठबंधन के अन्य घटकों का कोई योगदान नहीं मिला, जबकि एनडीए में जदयू व भाजपा ने एक दूसरे की बहुत मदद की।
- राजद का वोट शेयर 23 प्रतिशत था और महागठबंधन का कुल वोट शेयर 35.89 प्रतिशत।
- दूसरी ओर जदयू का वोट शेयर 19.2 प्रतिशत था व भाजपा का 20.08 प्रतिशत, पर, एनडीए का कुल वोट शेयर 47 प्रतिशत बना।
- राजद ने हर सीट पर कड़ा संघर्ष तो किया, पर, उनकी टांगों में इतना दम नहीं था कि वे फिनिशिंग लाईन को अपने दम पर पार कर लेते।
- पर, दूसरा मत यह भी है कि राजद 143 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि, भाजपा और जदयू दोनों 101-101 सीटों पर लड़े।
- अतः यह भी निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि राजद ने अपनी ताकत का बहुत ज्यादा मूल्यांकन कर लिया, इससे यह हुआ कि राजद का वोट शेयर तो बढ़ा, पर, सीटें नहीं बढ़ीं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में निलंबित किया

## आर.के. सिंह एक पूर्व आईएएस हैं तथा दो बार आरा से सांसद निर्वाचित रह चुके हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। विधानसभा चुनाव परिणाम आने के एक दिन बाद, भारतीय जनता पार्टी ने आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज कुमार सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया। पार्टी ने कहा कि यह कदम उनकी बार-बार की "विरोधी पार्टी" गतिविधियों के कारण उठाया गया है।

इसी तरह की कार्रवाई पार्टी के बागी नेताओं, एमएलसी अशोक अग्रवाल और कटिहार की मेयर उषा अग्रवाल के खिलाफ भी की गई है। इन दोनों ने अपने बेटे सौरव कुमार अग्रवाल के लिए प्रचार किया था, जो विकासशील इंसान पार्टी के टिकट पर कटिहार विधानसभा सीट से भाजपा के मौजूदा विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे।

- पिछले कई महीनों से आर.के. सिंह पार्टी के राज्य स्तरीय नेतृत्व की जमकर आलोचना कर रहे थे, विशेषकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।
- आर.के. सिंह भाजपा सरकार के पावर खरीद के सौदों में 62 हजार करोड़ रूपए के भारी स्कैम का आरोप लगाते रहे हैं और इस बारे में कई दस्तावेज ऑनलाइन पेश करने का दावा भी किया है व केन्द्रीय सरकार में पावर व रिन्यूएबल एनर्जी विभाग के मंत्री रह चुके हैं तथा 2024 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा की बिहार इकाई के खिलाफ जमकर आरोप लगाते रहे हैं।

राज्य भाजपा मुख्यालय से जारी निलंबन पत्र में कहा गया कि सिंह के हालिया बयानों से संगठन को नुकसान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाई कोर्ट ने बैंक को 58.63 लाख रूपए लौटाने के आदेश दिए

जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि आरबीआई के परिपत्र के अनुसार, साइबर ठगी होने के तीन दिन के भीतर शिकायत करने पर बैंक संबंधित राशि उपभोक्ता को देने के लिए बाध्य है। इसके साथ ही, अदालत ने आईडीबीआई बैंक की अपील को

- हाई कोर्ट की खंडपीठ ने, आईडीबीआई को उपभोक्ता की सायबर ठगी में गई पूरी राशि ब्याज सहित लौटाने को कहा।

खारिज कर एकलपीठ के उस आदेश को सही माना है, जिसमें एकलपीठ ने बैंक को ठगी की गई पूरी 58.93 लाख रुपए की राशि छह फीसदी ब्याज सहित उपभोक्ता को लौटाने को कहा था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लालू की पुत्री रोहिणी आचार्य ने लालू परिवार से नाता तोड़ा और राजनीति छोड़ने का भी निर्णय लिया

## रोहिणी आचार्य ने लालू यादव को अपनी एक किडनी दी थी ट्राँसप्लांट के लिए, पर, आज वो इतनी खिन्न क्यों हैं कि परिवार से नाता तोड़ने की घोषणा कर चुकी हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवंबर। बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को मिली भारी हार के एक दिन बाद, पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने बड़ा धमाका करते हुए कहा है कि वे राजनीति छोड़ रही हैं और अपने परिवार से भी दूरी बना रही हैं।

"एक्स" पर एक रहस्यमयी पोस्ट में, आचार्य ने संकेत दिया कि राजद के वरिष्ठ नेता संजय यादव, जो तेजस्वी के करीब हैं, ने उनसे ऐसा करने को कहा।

- रोहिणी आचार्य यह स्पष्ट नहीं कर पाईं कि ऐसा अहम निर्णय क्यों लिया, हालांकि बार-बार वो कहती रहीं कि वो अपनी गलती स्वीकार करती हैं। हालांकि, यह भी स्पष्ट नहीं हुआ कि उनकी क्या गलती है।
- रोहिणी आचार्य अपने भाई तेज प्रताप यादव के पार्टी से निष्कासन से खुश नहीं थीं, पर, वे कई बार तेजस्वी से भी मधुर संबंध रखने की इच्छा व्यक्त करती रहीं और तेजस्वी के जन्मदिन पर तेजस्वी को "दिल का साफ व जुबान का पक्का" होने की बधाई दी तथा आशा व्यक्त की कि उनके कर्तव्यनिष्ठ भाई की सारी इच्छाएँ पूरी हों और सब स्वप्न फलीभूत हों।

2022 में लालू यादव को अपनी किडनी दान करने वाली रोहिणी आचार्य ने यह भी संकेत दिया कि वे किसी गलती की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रही हैं, हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि वे बिहार चुनाव में हार की बात कर रही थीं या किसी और मुद्दे की।

उन्होंने लिखा: "मैं राजनीति छोड़ रही हूँ और अपने परिवार से नाता तोड़ रही हूँ... संजय यादव और रमीज़ ने मुझसे यही कहा था और मैं सारी गलती अपने ऊपर ले रही हूँ।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## संक्षिप्त

### पासिंग आउट परेड

**टोंक।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र देवली में शनिवार को कॉन्स्टेबल/जीडी बेसिक कोर्स के 59वें बैच की पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। इस दौरान परेड में 1702 आरक्षकों ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर सीआईएसएफ में कॉन्स्टेबल के रूप में शामिल हुए। परेड का आईजी/पश्चिम खंड अभिषेक गोयल ने निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र देव आनंद का स्वागत कर सलामी दी गई। इस अवसर पर गोयल ने रिक्रूट आरक्षियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, उच्च स्तरीय उपस्थिति, अनुशासन और राष्ट्र सेवा सहित सीआईएसएफ के मूल मूल्यों के पालन के लिए बधाई दी। उन्होंने नए रंगरूटों को सक्षम सुरक्षा पेशेवर बनाने में आरटीसी देवली के प्रशिक्षकों के समर्पण और प्रयासों की भी सराहना की।

### चौपड़ा जिलाध्यक्ष बने

**टोंक।** वीर तेजा सेना संगठन के पदाधिकारियों ने जाट समाज की परम्परा, प्रतिष्ठा और बलिदान की भावना को आगे बढाने के उद्देश्य से शंकर लाल चौपडा को संगठन में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं के फलस्वरूप जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में मुकेश चौधरी को संगठन में गैर राजनीतिक रूप से समाज सेवा की आस्था, निष्ठा और जज्बे को देखते हुये जिला महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर समाज ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज के प्रति अपनी सेवाएँ देने तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। दिवाली स्नेह मिलन समारोह आज फुलेरा। बलाई समाज सेवा समिति, फुलेरा की ओर से दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रविवार 16 नवम्बर को सुबह 10 बजे गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से समिति के अध्यक्ष हनुमान कटारिया ने समाज के सभी सदस्यों एवं समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। अध्यक्ष कटारिया ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह का उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, संवाद व एकजुटता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम में समाजहित से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।


### किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**निवाई।** ललवाड़ी चौराहे पर किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ओमप्रकाश धनखड का राजस्थानी परंपरानुसार साफा बंधवाकर स्वागत किया। इस दौरान किसानों ने धनखड से किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। राष्ट्रीय महासचिव धनखड को किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने किसानों की पीड़ाओं पर चर्चा करते हुए सुअरों से फसल नुकसान की जानकारी दी व बनेठा में गौ अभ्यारण्य बनाने की मांग की। जिस पर धनखड ने किसानों को आश्वस्त किया कि दोनों मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा जाट, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान, चैनपुरा अध्यक्ष श्योजीराम जाट, पलेई अध्यक्ष सूरज चौधरी, पंचायत समिति सदस्य केदार गुर्जर, रामकरण बैरवा, पूरण बैरवा, जयनारायण बैरवा, श्रीराम जाट, रामरख चौधरी, रमेश राणा व शंकर भांवता सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### विधिक सेवा सप्ताह संपन्न

**निवाई।** रालसा के दिशा-निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक व सिकोइडिकॉन संस्था द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं कार्यवाहक सचिव कमल सोनी की अध्यक्षता में विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विवाह रोकथाम रणनीतिक सेमिनार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। संस्था के के जिला प्रभारी देवेन्द्र जांगिड ने बताया कि सेमिनार का संचालन चीफ एलएडीसी रमेश शर्मा ने किया। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम के मूल प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया।


नम्बर मिलाइए
9587884433




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# आदिवासी समाज के 58 प्रतिभावान बच्चे सम्मानित

**अलवर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, जिला प्रभारी मंत्री व कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा तथा वन राज्यमंत्री संजय शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के राज्य स्तरीय समारोह के उद्बोधन को वीसी के माध्यम से सुना गया तथा प्रदर्शनी एवं लघु फिल्म के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा की जीवन गाथा से आमजन, महिलाओं एवं बच्चों को रूबरू कराया गया। इस अवसर पर केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने भगवान बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में सम्पूर्ण देश में मनाया जा रहा है।

उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंग्रेजों के अत्याचारों के प्रति जनजाति समाज का जागरण कर अंतोजों के खिलाफ स्वाभिमान व स्वाधीनता की लडाई लडी तथा जनजाति समाज में



जिलास्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य मंत्री संजय शर्मा सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- 39 परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हुआ
- जिलास्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, प्रभारी मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, राज्यमंत्री संजय शर्मा सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि रहे मौजूद।

नशामुक्ति व स्वच्छता के लिए जागरूकता का कार्य किया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतिहास में भूला दिए गए हमारे महापुरूषों को प्रकाश में लाने का कार्य किया गया है। इसी कडी में उनकी प्रेरणा से संपूर्ण देश में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में उत्साह से मनाया जा रहा है।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का आदिवासी समाज के उत्थान में अद्वितीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समाज के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा के लिए योजनाएं पहुंचाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है तथा वर्तमान समय में शिक्षा की क्रांति भगवान बिरसा मुण्डा जैसे महापुरूषों के जागरण का ही परिणाम है।

इस दौरान अतिथियों ने आदिवासी समाज के 58 प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं बैग भेंट कर सम्मानित किया। आदिवासी समुदाय के इतिहास, आजादी व पर्यावरण संरक्षण में उनके योगदान विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. भागीरथ प्रसाद मीणा ने विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### महिलाओं व युवतियों को अध्ययन सामग्री बांटी

**फुलेरा।** मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के तहत निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स में चयनित महिलाओं व युवतियों को पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना के अंतर्गत कस्बे के बालाजी रोड स्थित निजी कंप्यूटर्स सेंटर पर शनिवार को आरएससीआईटी कोर्स में 17 तथा आरएससीएफए कोर्स में 10 युवतियों का चयन हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका पार्षद पूजा भाटी तथा विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुमित्रा नाथावत एवं समाजसेविका पूनम कुमावत उपस्थित रहीं। सेंटर इंचार्ज प्रकाश चन्द कुमावत एवं टीम ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अतिथियों द्वारा फीता काटकर महिला प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया और चयनित प्रशिक्षणार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। आगंतुक अतिथियों ने बताया कि डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा महिलाओं को आत्मनिर्भर व सम्मानजनक रोजगार का अवसर प्रदान करती है। साथ ही सभी चयनित युवतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण में नियमित रूप से भाग लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन कविता कुमावत एवं मीना कुमावत ने किया। इस दौरान चयनित युवतियाँ उपस्थित रहीं, कार्यक्रम उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कोमल को गोल्ड मेडल

**सांभरझील।** बीए, एलएलबी ऑनर्स में सांभर की कोमल माथुर पुत्री अखिलेश माथुर को मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

इससे पहले भी मणिपाल यूनिवर्सिटी की ओर से कोमल को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी जिसे उन्होंने अपने निरंतर परिश्रम उत्कृष्ट प्रदर्शन से इसे सार्थक कर दिखाया। स्कूली शिक्षा के दौरान भी मेधावी छात्रा होने का गौरव हासिल हो चुका है।

कोमल ने इसका श्रेय सर्वप्रथम अपने माता-पिता और कॉलेज प्रशासन को दिया है जिनकी प्रेरणा से उन्हें यह सफलता हासिल हुई है।

कमल के सम्मानित होने पर सांभर नागरिक विकास समिति की सचिव अनिल कुमार गट्टानी, कायस्थ समाज के सदस्यों सहित एनी गणमानी लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### चिकित्सा शिविर आयोजित

**टोंक।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय पर जिला सआदत अस्पताल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिनमें कई लोगों ने निःशुल्क जांच और उपचार का लाभ प्राप्त किया।

इन शिविरों में विशेषज्ञो ने अपनी सेवाये दी व चिकित्सको ने सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया और टीकाकरण जैसी सेवाएं दी गई। इस दौरा पीएमओ डॉ हनुमान बैरवा ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला अस्पताल में चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर मे विशेषज्ञ परामर्श व सामान्य चिकित्सा परामर्श, रक्तचाप, मधुमेह (शुगर), हीमोग्लोबिन की जांच, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच (एएनसी चेकअप), और आवश्यक दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया।

इन शिविर में बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, 1353 मरीजों को लाभ मिला। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढाना और लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था, जो भगवान बिरसा मुंडा के सामाजिक चेतना और आत्मनिर्भरता के संदेश के अनुरूप था।


NAME CHANGE

I, Mandori mother of JC-285031Y Sub (TIFC) Late Krishan Kumar Vill- Bhandor Nichi, Post Beri, Teh Mohinder Garh, Dist- Mohinder Garh, State Haryana. In my son's service record my name recorded as Manohari Devi whereas my correct name is Mandori and my DOB recorded as 01.07.1956 whereas my correct DOB is 01.07.1952.



**न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग**
जयपुर प्रथम जयपुर
(फार्म नं. 3)
परिवाद अन्तर्गत धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019
परिवाद संख्या 466/24

नारायण लाल सैन बनाम ओम श्री महालक्ष्मी इलेक्ट्रिक व अन्य की (1) ओम श्री महालक्ष्मी इलेक्ट्रिक जरिये प्रबंधक पता - ई-8 लक्ष्मी काम्पलेक्स निर्माण नगर ई., डी.सी.एम. अजमेर रोड जयपुर (2) जय द्वारका आटोमोबाईल्स (ऑथोराईज्ड हीरो इलेक्ट्रिक डीलरशिप) सर्विस सेन्टर पता - A-12 ट्रान्सपोर्ट नगर बिटाईण्ड पी.एन.बी. बैंक जयपुर राज. आपको एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नारायण लाल सैन पुत्र श्री राम सैन निवासी 4, साऊथ पार्ट, ग्रीन सिटी, जयपुर राजस्थान ने इस जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष एक परिवाद पेश किया है, जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है।

आपको एतद्वारा निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस की प्राप्ति के 30 दिवस के अन्दर अपना पक्ष प्रस्तुत करें एवं अपने बचाव में पेश करने वाले समस्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों को पेश करें।

आपको पुनः सूचित किया जाता है कि प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.12.2025 को 10 बजे दिन में रखी गयी है। यदि आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होने में असफल रहे तो उपर्युक्त सुनवाई की तारीख पर परिवाद का एकपक्षीय निर्णय कर दिया जायेगा।

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग
जयपुर (प्रथम) जयपुर


### जागरूक किया

**निवाई।** वनस्थली विद्यापीठ के कृषि विज्ञान केन्द्र में जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार देश में भगवान बिरसा मुण्डा के 150 वें जन्म दिवस पर जनजातीय किसानों के उत्थान हेतु क्षेत्र के गाँवों में जागरूकता शिविर, प्रशिक्षण, आधुनिक कृषि तकनीकी व पशुपालन विकास पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। केन्द्र के प्रभारी बंशीधर चौधरी ने बताया कि जनजातीय पखवाडे में विभिन्न विषयों पर अलग-अलग गतिविधियाँ आयोजित की गईं। उन्होंने बताया कि बिरसा मुण्डा के जन्म दिवस पर किसानों को समाज के विकास की योजनाओं, शिक्षा एवं कौशल विकास की खेती एवं तकनीकी दक्षता, कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक व कृषि के नए स्टार्ट अप के विषय में जानकारी दी।

# सांभर के श्री श्याम मंदिर में भी होंगे रानी सती के दर्शन

**सांभरझील।** सांभर की ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी की धरा पर नवनिर्मित श्री श्याम बाबा मंदिर में आने वाले अब श्रद्धालुओं को रानी सती जिन्हें नारायणी माता व ढोराय देवी के नाम से भी जाना जाता है की प्रतिमा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। अग्रोहा समाज की कुल देवी को अन्य समाज के लोग भी बड़ी श्रद्धा के साथ इसमें अपनी आस्था रखते हैं।

बता दें कि राजस्थान के झुंझुनू में रानी सती नारायणी माता का मंदिर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान रखता है। रानी सती दादी का धाम नाम से प्रसिद्ध है और देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। भाद्र पक्ष

- अग्रोहा समाज की कुल देवी को अन्य समाज के लोग भी बड़ी श्रद्धा के साथ इसमें अपनी आस्था रखते हैं।

अमावस्या को मेला भरता है। इसलिए अब क्षेत्र में श्री श्याम बाबा मंदिर परिसर में ही नारायणी माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित होने के बाद श्रद्धालुओं को अब सहज ही दर्शन हो सकेंगे।

बता दें कि सांभर में देवयानी पर श्री श्याम बाबा का प्राचीन मंदिर के बाद सांभर में ही श्री श्याम बाबा का यह दूसरा मंदिर है। यहां 12 नवंबर से आगामी 16 नवंबर तक मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक आयोजन से समूचा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। मंदिर के संपूर्ण निर्माण में भामाशाहों, दानदाताओं से मिला भरपूर आर्थिक योगदान यहां के लोगों की भक्ति भावना को खास तौर पर दर्शाता है। निर्माण से अंतिम चरण तक श्रद्धालुओं व सेवादारों की ओर से अपना हर संभव योगदान देकर युवाओं ने सनातन के प्रति अपना भाव प्रकट किया है।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के आखिरी रोज शाहपुरा त्रिवेणी धाम के संत श्री श्री 1008 श्री रिछपाल दास जी महाराज धार्मिक आयोजन का मुख्य हिस्सा होंगे। सांभर की धरा पर 16 नवंबर को अब एक नया इतिहास दर्ज हो जाएगा। स्मरण रहे कि 15 नवंबर को भी सुबह 9:15 बजे से सायं का 6:30 बजे तक देव पूजन हवन पूजन एवं अधिवास होगा।

इसी प्रकार 16 नवंबर को दोपहर 12:15 बजे देव पूजन, हवन पूजन एवं अधिवास होगा। दोपहर सवा दो बजे से पूर्ण आहुति एवं महाआरती, दोपहर तीन बजे से महाप्रसादी तथा शाम 5:15 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन संध्या प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से पेश की जाएगी


**खोया पाया**

जेडीए योजना अमृत कुंज-1। कालवाड़ रोड के मूल अलॉटमेंट लैटर, कब्जा पत्र एवं विनिमय पत्र कहीं गुम हो गये हैं, कृपया मिलने पर सूचित करें। चन्दा बैरवा पत्नि नारायण सिंह बैरवा, दौसा। मो.9413970948



**प्रपत्र संख्या 7**
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 95/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री रक्षित पौद्दार पुत्र श्री घनश्याम प्रसाद पौद्दार निवासी 718, 5वीं फ्लोर एकर मॉल, मदरामपुरा अजमेर रोड जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान कार्यालय 718, 5वीं फ्लोर एंकर मॉल मदरामपुरा अजमेर रोड जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 10.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15.12.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर


### वंदे मातरम् का सामूहिक गान

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जिले के समस्त पुलिस थानों में देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत उत्साह एवं गरिमा के साथ अमर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधिकारियों, पुलिस जवानों के साथ सीएलजी सदस्य, शांति समिति सदस्य,

- स्वदेशी संकल्प, प्रभात रैली भी निकाली गई

पुलिस मित्र, सुरक्षा सखी, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर थानो राष्ट्रगीत का गान कर, स्वदेशी संकल्प, प्रभात रैली आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान जिला पुलिस अधिकारियों ने राष्ट्रगीत के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए राष्ट्रहित एवं जनसेवा के प्रति दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। थाना पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में देशप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना, स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम के ऐतिहासिक योगदान का स्मरण करना तथा स्वदेशी संकल्प के साथ भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देना रहा।

# जनजाति नायकों को पुष्पांजलि अर्पित

**कोटपूतली।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली के सभागार में माननीय राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग, राज. सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान कोटपुतली विधायक हंसराज पटेल भी मौजूद रहे। इस दौरान गुजरात से राष्ट्र स्तरीय एवं डूंगरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। प्रभारी मंत्री ने जनजाति नायकों को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में जनजातीय गौरव वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। यह अवसर हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। आज हम बिरसा मुंडा जी के अद्वितीय योगदान, उनके संघर्षपूर्ण जीवन और जनजातीय समाज को संगठित करने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्मरण कर रहे हैं। इस दिन का उद्देश्य जनजातीय नायकों, उनकी संस्कृति और विरासत का उत्सव मनाना है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदानों और योगदानों के बारे में जान सकें। उन्होंने कहा कि भारत का जनजाति समाज अपनी परम्पराओं, संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ हमेशा से भारतीय सभ्यता का अभिन्न हिस्सा रहा है। अंग्रेजों के शासनकाल में भी सबसे सशक्त विरोध जनजाति क्षेत्रों से उठा था। जनजाति भाइयों-बहनों ने कभी भी अंग्रेजों की दासता को स्वीकार नहीं किया और समय-समय पर सशस्त्र विद्रोह कर स्वतंत्रता की लौ को प्रज्ज्वलित रखा। सिंह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर यह पखवाडा इसी गौरवशाली परम्परा को सम्मान देने का प्रयास है। बिरसा मुंडा जी ने स्वतंत्रता के लिए जन-जागरण का बिगुल बजाया। उनके नेतृत्व में प्रारंभ हुआ 'उलगुलान' आंदोलन आज भी संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक माना जाता है। उनका प्रभाव केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि उडीसा, छत्तीसगढ, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित अनेक राज्यों के नायक है। उन्होंने स्वराज और स्वधर्म की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आज हम उन्हें और सभी जनजाति नायकों को नमन करते है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने जनजाति कल्याण के लिए अनेक निर्णय लिए है जैसे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, मां बाडी केंद्र संचालित किए ताकि जनजाति समाज का हर परिवार विकास की मुख्यधारा से जुडे और आगे बढ सके। इस दौरान अतिथियों ने सभागार में लगाई जनजाति नायकों की जीवनी और सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में राजीविका के उत्पाद, कृषि विभाग एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल्स लगाए गए, जिन्हें जनसमूह एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक देखा। सरकार के विकास कार्यों एवं उपलब्धियों का भी व्यापक प्रदर्शन किया गया। साथ ही एनसीसी, स्काउट एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई जनजाति गौरव शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

### न्यायालय भवन का उद्घाटन

**किशनगढ़ बास।** अभिभाषक संघ के द्वारा न्यायालय परिसर में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक के लिए तैयार किए गए नवनिर्मित भवन का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीएल बुगालिया ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बुगालिया का थाना अधिकारी जितेंद्रसिंह शेखावत की अगवाई में पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीएल बुगालिया ने न्यायालय परिसर में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक के लिए अभिभाषक संघ के द्वारा निर्मित भवन का फीता काटकर व उद्घाटन पट्टिका का अनावरण किया। इस दौरान अभिभाषक संघ अधिवक्ताओं की ओर से जिला न्यायाधीश बीएल बुगालिया सहित उपस्थित जगदीश प्रसाद मीणा एडीजे, रनवीर सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लोकेश मीणा एसीजेएम, नीतू रानी एसीजेएम, डॉ. रिमझिम सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान जिला न्यायाधीश बीएल बुगालिया सहित उपस्थित न्यायिक अधिकारियों ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या एक के लिए भवन तैयार करने पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष सुनील यादव सहित सदस्यों व अधिवक्ताओं का धन्यवाद किया।


**आम सूचना** दिनांक 14.11.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि समिति की योजना गुरू कॉलोनी, गोनेर रोड, जयपुर के भूखण्ड संख्या 70, क्षेत्रफल 110.00 वगर्गज का श्रीमती भौरी देवी पत्नी श्री लाला राम मीणा, निवासी 70-ए, गुरू कॉलोनी, गोनेर रोड, जयपुर राज. को आवंटित किया था। श्रीमती भौरी देवी मीना से उक्त भूखण्ड के समस्त मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, रसीद पत्र, साईट प्लान कहीं गुम हो गए हैं। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट सायबर क्राईम पुलिस थाना, जयपुर में दिनांक 11.06.2025 को LR No. 2793784/2025 पर दर्ज है। प्रार्थीया ने डुप्लीकेट आवंटन पत्र, रसीद पत्र, साईट प्लान के लिये समिति कार्यालय में आवेदन किया है। अगर किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आज दिनांक से 07 दिवस के अन्दर समिति कार्यालय में आपत्ति पेश करें। बाद मियाद प्रार्थीया को डुप्लीकेट आवंटन पत्र, रसीदपत्र, साईट प्लान जारी कर दिये जायेंगे। समिति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
मंत्री, दी फोरेस्ट व्यू हाउसिंग को-आपरेटिव सोसायटी लि., जयपुर। मोबाईल- 9414047032



**कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) आमेर, जिला जयपुर**
क्रमांक-भू.अ./2025/6457 दिनांक-11.11.2025
**आम सूचना का नोटिस**

हर आम खास को सूचित किया जाता है उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रार्थी श्री गोपीबल्लभ पुत्र स्व. श्री दामोदरदास शर्मा जाति स्वामी निवासी प्लॉट नं. 834 रामनगर शास्त्रीनगर जयपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि स्व. श्री दामोदरदास शर्मा पुत्र स्व. चोखादास जाति स्वामी निवासी हरियाणों का मोहल्ला ग्राम चौप तहसील आमेर, जयपुर द्वारा अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा अपने पुत्र प्रार्थी श्री गोपीबल्लभ पुत्र स्व. श्री दामोदरदास शर्मा जाति स्वामी निवासी प्लॉट नं. 834 रामनगर शास्त्रीनगर जयपुर के पक्ष में दिनांक 28.07.2023 को उपपंजीयक कार्यालय जयपुर पंचम में पंजिबद्ध करवाया गया था। वसीयतकर्ता स्व. श्री दामोदरदास शर्मा पुत्र स्व. चोखादास की दिनांक 13.01.2025 को मृत्यु हो चुकी है मृतक खातेदार स्व. श्री दामोदरदास शर्मा पुत्र स्व. चोखादास के नाम राजस्व ग्राम चौप के जमाबन्दी के ख.नं. 1347 रकबा 0.33 हेक्टे. में हिस्सा पूर्ण एवं राजस्व ग्राम बगवाड़ा के ख.नं. 1/1 रकबा 0.05 हेक्टे. खातेदारी दर्ज रिकार्ड है। उपरोक्त भूमि का नामान्तकरण प्रार्थी श्री गोपीबल्लभ पुत्र स्व. श्री दामोदरदास शर्मा जाति स्वामी के पक्ष में दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण वसीयतनामा का होने के कारण धारा 135(2) एलआर एक्ट 1956 के तहत दर्ज किया जाकर यह पत्रावली खोली गई। प्रकरण में यदि किसी को कोई उज्र एतराज अथवा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत आगामी तारीख पेशी 26.11.2025 को न्यायालय हाजा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे। यह नोटिस आज दिनांक 26.11.2025 को न्यायालय हाजा में अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का एकतरफा निस्तारण कर दिया जावेगा। सूचित रहे। यह नोटिस आज दिनांक 11.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार (भू.अ.) तहसील आमेर (जयपुर)



**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 94/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री अजित कुमार जैन ने पंजीकृत प्रन्यास श्री अग्रवाल समाज चौरासी प्रवासी ट्रस्ट 123/274-275, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 338 जयपुर 2012 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास की नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को निर्वाचित कर कार्यकारिणी सदस्यों नाम प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख किये जाने किये जाने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 10.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15.12.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर




**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य रोशनलाल सैनी पुत्र श्री बोदूराम सैनी निवासी ढाणी भोजासवाली ग्राम सरूण्ड तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली बहरोड, राजस्थान का हूँ। उसकी तरफ से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य के दो पुत्र व एक पुत्री है जिसमें मेरा अभिभाष्य बडा पुत्र पवन कुमार सैनी मेरे अभिभाष्य के कन्ट्रोल में नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य का कहना नहीं मानता है। मनमर्जी से गलत व्यवहार करता है उसका चाल चलन गलत है। मेरे अभिभाष्य के साथ झगडा फिसाद करता है एवं अभद्र व्यवहार करता है। मेरे अभिभाष्य की सेवा नहीं करता है। समाज में बदनामी का काम करता है इसलिये मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र पवन कुमार सैनी से किसी प्रकार का कोई लेन देन करेगा एवं मेरे अभिभाष्य की एवं उसकी पत्नी की उक्त वर्णित सम्पत्ति के संबंध में कोई लेन देन करेगा तथा कोई संद्गिग्ध कार्यवाही में पकडा जाता है तो उसके लिये मेरा अभिभाष्य जुम्मेदार नहीं होगा। मेरे अभिभाष्य का पुत्र पवन कुमार सैनी व लेन देन करने वाला व्यक्ति स्वयं ही जिम्मेवार होगा अब मेरा मेरे पुत्र पवन कुमार सैनी से पिता पुत्र का संबंध नहीं रहा है मैने पवन कुमार सैनी से पिता पुत्र का संबंध समाप्त कर दिया है।
दिनांक-15.11.2025 कृष्ण कुमार शर्मा, एडवोकेट कोटपूतली, मो.नं. 9660710701, 9829731505, 9251778092


### 'नशा करने से अपना जीवन व परिवार दोनों होते है'

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय निवाई में प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन की अध्यक्षता में नशा मुक्ति व्याख्यान के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला समन्वयक डॉ. सीएल मीणा, विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र कुमार पारीक एवं प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन द्वारा मां सरस्वती के माल्यार्पण करके किया। शिविर के प्रथम बौद्धिक सत्र में नशा एक अभिशाप, परिवार व समाज पर इसके दुष्प्रभाव विषय पर पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र कुमार पारीक ने व्याख्यान देते हुए कहा कि नशा करने से अपने जीवन व अपने परिवार दोनों को नष्ट करता है। नशा करने वाले व्यक्ति से समाज नफरत करता है। उन्होंने आ न किया की स्वयंभी नशे से बचे व दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। नशा मुक्ति नोडल अधिकारी राजेशकुमार मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला समन्वयक डॉ. छोटूलाल मीणा ने माय भारत पोर्टल, नशा मुक्ति अभियान व एसआईआर विषय पर विस्तार से जानकारी दी।

# युवाओं को स्वदेशी अपनाने व देश बचाओ का संदेश दिया



जीआरपी स्टाफ व विद्यार्थियों ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया।

**फुलेरा।** पुलिस अधीक्षक जीआरपी अजमेर के आदेशानुसार राजकीय रेलवे पुलिस थाना परिसर फुलेरा में शनिवार को वंदे मातरम् देशभक्ति गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मी, सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखियों सहित निजी स्कूल के विद्यार्थी निदेशक दीपक शर्मा के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

- जीआरपी फुलेरा में स्कूली विद्यार्थियों संग स्वदेशी की शपथ ली

साथ ही सीएलजी सदस्य एवं सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एएसआई भजनाराम ने वंदे मातरम् के इतिहास, इसकी रचना और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी प्रेरक भूमिका के संबंध में विस्तृत संबोधन दिया। उन्होंने युवाओं को स्वदेशी अपनाओं और देश बचाओं का संदेश देते हुए राष्ट्रभक्ति एवं संस्कृति के संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। इसके पश्चात स्वच्छता अभियान चलाया गया। समापन पर विद्यार्थियों व उपस्थित सभी व्यक्तियों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की शपथ दिलाई गई।

### 'बिरसा मुंडा समाज सुधारक थे'

**टोंक।** भगवान बिरसा मुंडा की 15 वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय "जनजातीय गौरव दिवस" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने आदिवासी शोषण का विरोध किया और भूमि, जंगल और पारंपरिक अधिकारों के लिए जनजातीय समुदाय के लोगों को जागरूक किया। संबोधन के पश्चात चौधरी ने स्वदेशी अपनाने एवं नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। साथ ही जनजातीय समुदाय विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं हेतु राज्य स्तरीय पुस्तिका आदि किरण का विमोचन किया। इस दौरान देवली-दूनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**
क्रमांक-न.पा.फु./2025-26/2098 **आपत्ति सूचना** दिनांक-11.11.2025

एतद् द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने निम्नांकित ईजाजत हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.सं. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विक्रम सुरोलिया पुत्र श्री महेश सुरोलिया | व्यवसायिक भूखण्ड वाके न्यू गार्ड कॉलोनी फुलेरा | 25.55 | 90क व्यवसायिक |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार निम्नांकित ईजाजत बावत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मण्डल, फुलेरा



**जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड**
JAIPUR METRO
प्रथम तल, प्रशासनिक भवन, विंग-ए, मेट्रो डिपो, भृगुपथ, मानसरोवर, जयपुर-302020,
CIN: U60221RJ2010SGC030630, दूरभाषः 0141-2822780/फैक्स नं. 0141-2822781
वेबसाइटः transport.rajasthan.gov.in/jmrc, ई-मेलः dp@jaipurmetrorail.in

सं. F7(C-534)/JMRC/1C&1D/Electrical Traction/A&F Sanction//2025/604 दिनांक :- 13/11/2025

**निविदा सूचना**

जयपुर मेट्रो के चरण 1C और 1D के कार्य "25 KV ट्रैक्शन (रिजिड़ OHE- बड़ी चौपड़ डेड एण्ड से ऐलिवेटेड रैंप तक और फ्लेक्सिबल OHE- ऐलिवेटेड रैंप से ट्रांसपोर्ट नगर डेड एंड और मानसरोवर डेड एंड से अजमेर रोड चौराहा डेड एंड तक, जिसमें लूप लाइन भी शामिल है), 33 KV सहायक सब स्टेशन (ASS), संबंधित केबिलंग और SCADA सिस्टम के डिजाइन, डिटेल इंजिनियरिंग, मैन्यूफैक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग" के लिए ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी निविदाएं, इच्छुक भारतीय राष्ट्रीय बोलीदाताओं से 18.12.2025 को शाम 18:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के अन्य विवरण राज्य के ऑनलाइन खरीद पोर्टल **https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in** और विभागीय वेबसाइट **https://transport.rajasthan.gov.in/jmrc** पर देखे जा सकती हैं। खरीद की अनुमानित मूल्य INR 51,77,08,541/- (सभी कर सहित) है।

**Contract No: NCB No. JP/EW/1C and 1D/E-02,**
**(UBN No. JMR2526WLOB00116)**
Raj.Samwad/C/25/13922 MD, JMRC

प्रदूषण रहित, सस्ता, सुरक्षित एवं आरामदायक सफर - जयपुर मेट्रो

# भगवान बिरसा मुण्डा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को करना होगा आत्मसात : सांसद मंजू शर्मा

**जयपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस का जिला स्तरीय समारोह शनिवार को जिला परिषद, जयपुर के सभागार में भव्य रूप से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने शिरकत की।

मंजू शर्मा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जन-जंगल-जमीन बचाने के लिए चलाए गए उलगुलान आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने आदिवासी समुदाय की संस्कृति, परंपरा और अधिकारों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने इस अवसर पर जिला परिषद, जयपुर में एक नए सभागार के निर्माण हेतु 20 लाख रुपये सांसद कोटे से देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला प्रमुख रमादेवी चोपड़ा ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजाति गौरव दिवस मनाने का निर्णय आदिवासी समुदाय के स्वाभिमान को ऊंचा करने का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार भी आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विविध योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है।



सांसद मंजू शर्मा ने परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

विशिष्ट अतिथि जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा संचालित जंग-जंगल-जमीन की रक्षा के संदेश पर प्रकाश डाला।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 से पूरे वर्षभर जनजाति गौरव वर्ष मनाया गया, जिसके अंतर्गत आदिवासी कल्याण से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इसी क्रम में नीट, रीट तथा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को समारोह में

- जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का हुआ आयोजन

सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के तहत भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय नायकों के जीवन पर आधारित शोभायात्रा जिला परिषद परिसर से कलेक्टर सर्किल तक निकाली गई। इसके साथ ही आदिवासी संस्कृति और इतिहास पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया।

समारोह में जनजाति छात्रावासों के छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर कविता, भाषण तथा आदिवासी संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनों ने सराहा। इस अवसर पर जिला कलक्टर जयपुर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी जिला परिषद शेर सिंह लुहाड़िया, विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों के संस्था प्रधान, विद्यार्थी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## युवकों पर फायरिंग कर फरार हुए बदमाश

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में परिचित की शादी में शामिल होकर शुक्रवार देर रात कार से लौट रहे दोस्तों पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि तीन बाइकों पर छह बदमाश आए थे और उन पर फायरिंग कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फायरिंग में घायल दोनों दोस्तों का सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) में भर्ती करवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर पुलिस ने दोनों के पर्चा बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश में जुटी है। वहीं इस घटना के बाद आस-पास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई।थानाधिकारी मनीष गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार देर रात फायरिंग की वारदात में घाटगेट स्थित अंकुर सिनेमा के पास हुई थी। जहां ट्रांसपोर्ट नगर निवासी मोहम्मद शाहिद उर्फ धाबा और खोह नागोरियान निवासी आफताब गोली मारी गई थी। इस फायरिंग में घायल मोहम्मद शाहिद और आफताब अपने तीन दोस्तों के साथ कार से आगरा रोड पर एक परिचित की शादी में गए थे और शादी में शामिल होकर पांचों दोस्त कार से वापस लौट रहे थे। इस दौरान शुक्रवार देर ग्यारह बजे घाटगेट स्थित अंकुर सिनेमा के पास कार रोक कर पांचों दोस्त आपस में बातचीत कर रहे थे।

## 'परकोटे में चलाया जाएं विशेष सफाई अभियान'

### आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बैठक में दिए सख्त निर्देश

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परकोटे क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने, अतिक्रमण नियंत्रण और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

- बैठक में परकोटे क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाने, अवैध निर्माण पर कार्रवाई जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की

बैठक में अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल और प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। आयुक्त डॉ. सैनी ने दोनों अतिरिक्त आयुक्तों सहित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए तुरंत प्रभाव से कार्यवाही शुरू की जाए। आयुक्त गौरव सैनी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्रों में विशेष सफाई सुनिश्चित की जाए।

इस दौरान निगम आयुक्त ने कहा कि जोन उपायुक्त क्षेत्रवार योजना बनाकर सफाई व्यवस्था मजबूत करें। अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाए।

आयुक्त ने यह भी कहा कि परकोटे में चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान शहर की स्वच्छ छवि को और बेहतर बनाएगा तथा पर्यटकों को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक जयपुर का अनुभव मिलेगा। नगर निगम जयपुर शीघ्र ही परकोटे की मुख्य गलियों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और प्रमुख पर्यटक स्थलों पर विशेष सफाई ड्राइव शुरू करेगा, जिसमें अतिरिक्त निगरानी और त्वरित कार्रवाई पर जोर रहेगा। इस दौरान निगम के सभी जोन उपायुक्त, शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

## ग्राम विकास अधिकारी गफ्फार खान निलंबित

**जयपुर।** अलवर जिले की मालखेड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सालपुर में भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाए जाने पर पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर तत्कालीन सरपंच हाल प्रशासक इमरान खान को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर दिया है। साथ ही ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी गफ्फार खान तथा तत्कालीन सहायक अभियंता पंचायत समिति मालाखेड़ा जिला अलवर अशोक वर्मा को पद के दुरुपयोग का दोषी मानते हुए 16 सीसीए में कार्यवाही प्रारंभ करते हुए निलंबित कर दिया गया है। मंत्री के निर्देश पर चारों दोषी लोगों से कार्य के पेटे व्यय की गई राशि 4 लाख 99 हज़ार 664 रूपये समान भाग में वसूल करने के निर्देश दिए हैं।

नाली निर्माण कार्य रामस्वरूप जोगी के घर से तेजराम के घर तक ग्राम नगला जोगी में चार लाख 99 हज़ार 664 रुपए व्यय कर किया जाना था, जिसका कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र सक्षम तकनीकी अधिकारी सहायक अभियंता द्वारा जारी किया गया, परंतु जांच में उक्त कार्य मौके पर नहीं होना पाया गया।

## गोविंददेवजी मंदिर में एक दिसम्बर से हस्तलिखित 100 अरब राम नाम महामंत्रों के होंगे दर्शन

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में परिसर में 11वीं बार भक्तों को हस्तलिखित 100 अरब से अधिक राम महामंत्रों की परिक्रमा करने का सौभाग्य प्राप्त होने वाला है। सत्संग भवन में श्रद्धालु राम नाम पुस्तिकाओं की परिक्रमा कर सकेंगे।

गोविंददेवजी मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि मार्गशीर्ष माह में प्रद्युम्न कुमार गोस्वामी की स्मृति में एक से दस दिसंबर तक राम नाम महामंत्र परिक्रमा महोत्सव का आयोजन किया जा जाता है। एक दिन पहले ही राम नाम बैंक अजमेर की ओर से गोविंददेवजी मंदिर के सत्संग भवन में अरबों हस्तलिखित राम नाम पुस्तिकाओं को रख दिया जाता है। प्रद्युम्न कुमार देव जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मंदिर के सत्संग भवन में अरबों हस्तलिखित राम नाम परिक्रमा महोत्सव मनाया जा रहा है। गोस्वामी ने बताया कि आयोजन तिथि के अनुसार किया जाता है।

जयपुर में इस बार 11वीं बार राम नाम परिक्रमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी में सबसे पहले 2005 में यह आयोजन शुरू हुआ। तब इस बैंक में 17 अरब हस्तलिखित राम नाम महामंत्र ही थे, जो अब बढ़कर 100 अरब राम नाम महामंत्र का संग्रह हो गया है। जयपुर में पहला आयोजन 2005 में, दूसरा 2007 में, तीसरा 2012, चौथा 2017, पांचवां 2018, छठा 2019, 7वां 2021, आठवां 2022, 9वां 2023 दसवां 2024 में हुआ था। इसके अलावा अजमेर, उदयपुर, नाथद्वारा, भीलवाड़ा, झांसी, अहमदाबाद सहित अन्य शहरों में भी परिक्रमा महोत्सव का आयोजन हो चुका है।

- एक से दस दिसंबर तक राम नाम महामंत्र परिक्रमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा

## जीजा ने नशीला ज्यूस पिलाकर साली से किया दुष्कर्म

**जयपुर।** चाकसू थाना इलाके में एक कलयुगी जीजा ने अपनी ही साली को नशीला पदार्थ पिलाया और बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म करते हुए उसका अश्लील वीडियों बना लिया। जिसके बाद आरोपी जीजा वीडियों वायरल करने की धमकी देकर आए दिन उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और उसके साथ थाने पहुंच दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने बयानों के आधार पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। मामले की जांच कर रहे थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाले वाली विवाहिता ने मामला दर्ज कराया है बहन का पति होने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था। जुलाई - 2025 में आरोपी जीजा बहाने से घर पर आया और घुमाने का झांसा देकर उसे अपने साथ ले गया। आरोपी ने सोडाला पुलिस के नीचे उसे नशीला ज्यूस पिलाया और बेहोशी हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया।

## 'सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करना है'

**जयपुर।** 14 से 20 नवम्बर तक आयोजित किए जा रहे 72वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के अंतर्गत सहकारिता विभाग एवं सहकारी संस्थाओं द्वारा प्रदेश भर में प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) द्वारा "त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, सहकारी शिक्षा में परिवर्तन" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



राइसेम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जयपुर के झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यशाला में विचार व्यक्त करते हुए अपेक्स बैंक के प्रबन्ध निदेशक संजय पाठक ने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना संसद के एक अधिनियम के माध्यम से की गई है, जिसका उद्देश्य सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने और कुशल कार्यबल तैयार करने के लिए शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस विश्वविद्यालय की स्थापना सहकारी शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिससे देश में सहकारी शिक्षा को नई ऊंचाइयां मिलेगी। राजस्थान राज्य सहकारी संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंदर सिंह ने सहकारिता क्षेत्र में गहन प्रशिक्षण और धरातल पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना से देश भर में सहकारी आंदोलन का विस्तार होगा और भावी नेतृत्व तैयार होगा।

## शपथ ग्रहण समारोह आज

**जयपुर/कोटा।** कान्यकुब्ज ब्राहम्ण सभा कोटा का कान्यकुब्ज ब्राहम्ण समाज के भवन प्लॉट न.10 गोदावरी धाम योजना, दादाबाड़ी पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन होने रहा है।

अतिथि के रूप में संदीप शर्मा, विधायक कोटा दक्षिण, महेश मिश्रा महासचिव, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राहम्ण महासभा, मुकेश पारिक प्रदेश कार्यालय मंत्री, राजस्थान, भारतीय जनता पार्टी, डॉ.सुरेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक एवं समाजसेवी, राजेश चन्द्र द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय परशुराम कल्याण परिषद, प्रमोद द्विवेदी प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय परशुराम कल्याण परिषद, नीरज चौधरी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राहम्ण समाज, उत्तर प्रदेश माकांत दीक्षित राष्ट्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा शामिल होंगे।

## तबादला नीति की अनदेखी कर किए प्रिंसिपल के ट्रांसफर आदेश पर रोक

**जयपुर ।** राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने तबादला नीति का पालन किए बिना प्रिंसिपल का तबादला दूरस्थ स्थान पर करने के विभाग के गत 22 सितंबर के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अधिकरण ने प्रमुख शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक से जवाब तलब किया है। अधिकरण ने यह आदेश कमलेश कुमार मीना की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

अपील में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने बताया कि शिक्षा विभाग ने बिना विकल्प मांगे ही अपीलार्थी का तबादला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ठिकरवास कलां, राजसमंद कर दिया। इसे अधिकरण में चुनौती देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग ने तबादला आदेश जारी करते समय ट्रांसफर पॉलिसी का पालन नहीं किया है। अपीलार्थी 40 फीसदी निशक्तजन है और नियमों व तबादला नीति के अनुसार दिव्यांग कर्मचारी का ट्रांसफर उसकी सहमति के बिना नहीं किया जा सकता। यदि प्रशासनिक तौर पर तबादला जरूरी हो तो भी संबंधित कर्मचारी से उसकी सहमति वाली जगह के विकल्प मांगे जा सकते हैं, लेकिन शिक्षा विभाग ने मनमाने तौर पर अपीलार्थी का ट्रांसफर किया है। वहीं इससे स्कूल का शिक्षण कार्य व व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। जिस पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में लाया गया हिमालयन ब्लैक बियर का जोड़ा

**जयपुर।** केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की अनुमति के बाद जंबो जू जम्मू एंड कश्मीर से एक हिमालयन ब्लैक बियर का जोड़ा लेकर वरिष्ठ वन्य जीव चिकित्सक नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क के डॉक्टर अरविंद माथुर एवं उनकी टीम जयपुर पहुंची है। जानकारी के अनुसार हिमालयन ब्लैक बियर जोडें को पहले दिन रोटी,दूध,सेव,शहद सहित पूरी डाइट दी गई।

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के वन्य जीव ट्रांसपोर्टेशन प्रोटोकॉल के अनुसार हिमालयन ब्लैक बियर के पिंजरे को विशेष रूप से तैयार किया गया था, ताकि परिवहन के दौरान वन्य जीव किसी भी प्रकार के स्ट्रेस एवं शोक में नहीं आए।

राजस्थान में केवल नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में ही स्लॉथ बियर का पिछले वर्षों में तीन बार सफल प्रजनन हो रहा है एवं अभी तक पांच भालू के बच्चे राजस्थान में प्रथम बार नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में हो चुके हैं। उम्मीद है की हिमालयन ब्लैक बियर के आने के बाद भी इसका सफल प्रजनन एवं संरक्षण हो पाएगा एवं पार्क में एक नई स्पीशीज के आने से यह पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र रहेगा।



जंबो जू जम्मू एंड कश्मीर से एक हिमालयन ब्लैक बियर का जोड़ा नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाया गया।

वहीं जम्मू कश्मीर से आया स्टाफ रविवार को यहां से एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत तीन मादा जरख, दो मादा घड़ियाल और दो मादा मगरमच्छ लेकर जम्मू कश्मीर स्थित जंबो जू के लिए रवाना होंगे।

- नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में लाया गया हिमालयन ब्लैक बियर का जोड़ा
- नौ साल बाद पार्क में बढ़ा वन्यजीव आकर्षण

डॉ. अरविंद माथुर के अनुसार नर हिमालयन भालू की उम्र ढाई साल है एवं मादा हिमालयन भालू की उम्र लगभग पौने दो वर्ष है। अभी इन वन्य जीवों को तीन हफ्ते तक क्वॉरेंटाइन पीरियड में रखा गया है, ताकि नए वातावरण में वह अनुकूल हो जाए।

जहां उनकी चौबीस घंटे सघन मॉनिटरिंग एवं निगरानी एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा एवं साथ ही विभिन्न सैंपल्स लिए जाएंगे। उसके बाद ही इसको पर्यटक पार्क के एंक्लोजर नंबर वन में देख सकेंगे। इस टीम में पार्क के सुरेंद्र सिंह एवं गोपाल मीणा केयरटेकर भी शामिल रहे।

## उत्पन्ना एकादशी पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**जयपुर।** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी वैतरणी और उत्पन्ना एकादशी के रूप में मनाई गई। उत्पन्ना एकादशी पर कई श्रद्धालुओं ने वर्ष भर एकादशी का व्रत रखने का संकल्प लिया। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, विष्कुंभ, शुक्रादित्य और हंस योग सहित शुभ संयोगों में श्रद्धालुओं ने हरि भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की और व्रत रखा। छोटीकाशी के सभी कृष्ण एवं विष्णु मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

मंदिरों में विशेष झांकियां सजाई गई। मुख्य आयोजन आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालु ठाकुर राधा कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे। सुबह मंगला के बाद गुनगुने जल से स्नान के बाद पंचामृत से ठाकुरजी का अभिषेक कर लाल रंग की गर्म जामा पोशाक धारण कराई गई। गोचारण लीला के भाव से चंदन और पुष्प श्रृंगार किया गया।

## सार-समाचार

### वांछित इनामी आरोपित जगदीश रावत उर्फ बिंदास चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ डोडा-चुरा तस्करी मामले में पिछले दो साल से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को अजमेर से गिरफ्तार किया गया है। जो पुलिस से बचने के लिए दक्षिण भारत में फरारी काट रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ डोडा-चुरा तस्करी मामले में पिछले दो साल से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश जगदीश सिंह रावत उर्फ बिंदास निवासी भिनाय जिला अजमेर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित ट्रक चालक होने के कारण एक जगह स्थिर नहीं रहता था और राजस्थान, हरियाणा, अन्धप्रदेश ,कर्नाटक, तमिलनाडु आदि स्थानों पर फरारी काटता रहता था। साथ ही पुलिस ने बचने के लिए मोबाइल फोन भी प्रयुक्त नहीं करता था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम की ओर से पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित अपने गांव भिनाया जिला अजमेर आया हुआ है। जिस पर पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा है। पुलिस आरोपित से मादक पदार्थ के नेटवर्क के सबंध में पूछताछ कर रही है।

### गो-रन जयपुर का विशेष आयोजन आज

**जयपुर।** गो -रन जयपुर-2025 का का विशेष आयोजन रविवार को अल्बर्ट हॉल संग्रहालय के दक्षिण द्वार से प्रारंभ होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को दौड़ के बाद आयोजित होने वाले गौ मेले में मुफ्त प्रवेश मिलेगा, जहां गोमाता और कृषि उत्पादों से जुड़ी जानकारी उपलब्ध होगी। प्रतिभागियों के लिए प्रीमियम टी-शर्ट, फिनिशर मेडल, ज़ुम्बा सेशन, हाइड्रेशन सपोर्ट और पूर्ण चिकित्सा सहायता की व्यवस्था रहेगी। गौ राष्ट्र यात्रा जैसी प्रतिष्ठित टीमों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक मैराथन नहीं, बल्कि देसी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित एक राष्ट्रव्यापी जन-आंदोलन है। इस रन का मोटिवेशनल विषय धरती से नाता - देश, खेत और गोमाता! रखा गया है। इसका उद्देश्य फिटनेस, संस्कृति और सामाजिक चेतना का एक अनूठा संगम बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में अमरनाथ महाराज द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और बच्चियों द्वारा शस्त्र विधा का प्रदर्शन शामिल होगा। आयोजकों के अनुसार, इस कार्यक्रम में तीन बड़े विश्व रिकॉर्ड भी बनाए जाएंगे, जो इसे अपने आप में एक अनोखा आयोजन बनाएंगे। गो-रन के संस्थापक भारत सिंह राजपुरोहित हैं। राजू मंगोड़ी जिला अध्यक्ष, सीताराम गुप्ता सलाहकार, नवीन भंडारी उपाध्यक्ष और पी एम भारद्वाज मुख्य सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### परिचित ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिला युवती से किया दुष्कर्म

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में एक युवती ने अपने परिचित के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी परिचित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में कई जगहों पर दबिश भी दी। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 20 वर्षीय युवती का आरोप है कि परिचित होने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था और आए दिन उससे बातचीत होती रहती थी। आरोपी ने 25 अक्टूबर को पीड़िता को मिलने का झांसा देकर बुंलाया और नशीली को कोल्डड्रिंक पिलाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। शातिर बदमाश ने इसी दौरान पीड़िता का वीडिया बना लिया। होश में आने के बाद पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील वीडियों उसे दिखाते हुए वायरल करने की धमकी दी। बदनामी के डर से पीड़िता चुप रहीं । जिसके बाद आरोपी परिचित ने आए दिन उसे ब्लैकमेंल करना शुरु कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी और थाने पहुंच मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में कई जगहों पर दबिश दी। लेकिन आरोपी का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा।

### मंगवाया वेज,आया नॉनवेज पिज्जा

**जयपुर।** वैशाली नगर थाना इलाके में एक बड़ी ही रोचक घटना सामने आई है। थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने मशहुर फूड चेन कंपनी को वेज पिज्जा ऑर्डर किया। ऑन लाइन ऑर्डर आने के बाद पीड़ित ने जैसे ही पिज्जा खाया तो उसे खाने में अजीब लगा। अच्छे से चेक करने पर वेज पिज्जा ,नॉन वेज में तब्दील हो गया। जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाले तुषार गौतम ने शुक्रवार देर शाम मशहूर फूड चेन कंपनी से पिज्जा ऑर्डर किया था। कुछ ही देर बाद ऑन लाइन आर्डर घर पहुंच गया। तुषार ने पैकिंग खोल कर उसे खाना शुरु किया तो उसका स्वाद अजीब लगा। पैकिंग की अच्छे से जांच करने के बाद वेज पिज्जा , नॉन वेज में तब्दील हो गया।जिसकी जानकारी पीड़ित ने अपने पूरे परिवार को दी और सभी को पिज्जा खाने से रोका। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुस्साए परिजनों ने थाने पहुंचे। पिज्जा की पैकिंग देख एक बार तो पुलिस भी हैरान हो गई। जिसके बाद पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने सहित कई गंभीर धाराओं ने पिज्जा कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पिज्जा डिलीवरी करने वाले की तलाश शुरु कर दी है।

### पुलिस ने शातिर नकबजन को धर-दबोचा

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर नकबजन को धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर नकबजन रामजीत मीणा निवासी टोडा जिला करौली हाल जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से चुराए गए जेवरात भी बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित इलाके में दिन के समय पैदल घूमते हुए सूने मकानों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### रजत जयंती समारोह मनाया

**जयपुर।** श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में सन् 2000 में आयोजित शाश्वत सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर जी की 1300 किलोमीटर की पदयात्रा को 25 वर्ष पूर्ण होने पर पदयात्रा का रजत जयंती समारोह शनिवार को भक्तिभाव से मनाई गया। पदयात्रा संघ की ओर से सुबह जनता कॉलोनी दिगम्बर जैन मंदिर से राणाजी की नसियां खानिया तक अहिंसा शाकाहार पदयात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पदयात्रा संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि घाट की गूणी आगरा रोड खानिया स्थित श्री मुरलीधर राणा जी की नसिया में रजत जयन्ती समारोह का मुख्य आयोजन हुआ।

### 'हर घर मदद' अभियान का शुभारंभ

**जयपुर/छबड़ा।** कस्बे के जोहरीपुरा मदरसे में शनिवार को हर घर मदद अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान द इनोसेंट्स क्लब सोसाइटी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत लोगों के फॉर्म भरने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सोसाइटी अध्यक्ष एडवोकेट हस्सान ख़ान के अनुसार शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निजामुद्दीन खान रहे। कैम्प प्रभारी शारीक ख़ान, सह-प्रभारी इसरार मंसूरी रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सैयद जावेद अली ने की। प्कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एसआईआर के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक लोगों के फॉर्म भरवाने में सहायता प्रदान करना है।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
SUNDAY
16 November 2025
A-B

## UNESCO: Promoting Global Peace Through Knowledge

On November 16, 1945, the United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO) was officially established, marking a significant step towards global cooperation in education, science, and culture. Born in the aftermath of World War II, UNESCO aimed to foster peace, human rights, and sustainable development by promoting collaboration among nations. Its mission includes preserving cultural heritage, advancing scientific knowledge, supporting quality education, and encouraging freedom of expression. Over the decades, UNESCO has launched numerous programs, from protecting World Heritage sites to promoting literacy and scientific research, making it a cornerstone of international efforts to build a more informed and harmonious world.

#INTERVIEW

# Lal Bahadur Shastri On BBC

Lal Bahadur Shastri's 1964 BBC Interview from his first visit to the UK







A few months after taking office, Lal Bahadur Shastri, India's second PM, made a state visit to the UK. In his interview, he talked about his background, India's development and its policy on nuclear weapons.

**Question: You, perhaps with your humble origins and your dedication to poverty, find this a positive advantage as a leader of the people, compared with Pandit Nehru's very cosmopolitan, upper-class English education.**

**Answer:** It would be correct to say that I belong to the category of common men and common man. And I do find it easy to fight the battle of the common man, to think of taking measures to give relief to him.

**Question: Pandit Nehru himself ranged far and wide in his travels and his interests. But this is only the second time that you yourself have ever been outside India. Does this mean that you are going to concentrate more on Indian affairs than on world affairs?**

**Answer:** Well, I would very much like to concentrate on the home front, but some of the international problems are so interlinked with national issues that it would be difficult for me to confine myself to national problems only. I am here today in spite of the Indian Parliament being in session. Similarly, the Chinese aggression, although it was confined to India, yet, it has had a great international impact. So, I shall continue, I shall have to take interest in international problems and issues also.

**Question: Now, on the home front, the position you have inherited in India is very serious, indeed. There is famine and soaring food prices, soaring population and serious unemployment. Now, much of this situation was inherited, but there also have been charges of maladministration making the famine worse. Is there any justification in these charges?**

**Answer:** Well, it is not actually famine, but it is true that there has been shortage of foodgrains, which we have been able to meet with the help of imports from foreign countries, especially from the United States. However, we are trying to tackle the soaring prices and we are bent upon taking measures to increase our food production. Maladministration? I don't say that our administration is perfect. Yet, barring some countries, I think we are not worse off as compared to other countries.

**Question: Now, there is considerable agitation within India and even within your own Congress party that India should develop its own nuclear bomb. So far, you have refused to allow this yourself. But if the relations with China get worse, can you hold out for long against developing a nuclear armoury?**

**Answer:** Well, I have made the position of our government quite clear in this matter. And in the present context of things, it would be exceedingly difficult for India in terms of making an Atom Bomb. Our policy of not manufacturing atom bomb stands, and I have every hope that we will be able to rouse the world conscience against it.



# Why The Bhumihars Matter So Much In Bihar!



Anant Singh.

Why would major political parties, notably the NDA and the Mahagathbandhan, invest so much energy courting a community that accounts for less than three per cent of the vote? The answer lies in the historical and cultural significance of the Bhumihars. Traditionally viewed as an upper caste (almost equal to Brahmins), they have wielded considerable power in the political landscape of Bihar.


Surajbhan Singh.


Mahamaya Prasad Sinha.



Rambriksh Benipuri.


Rahul Sankrityayan.


Former Union Health Minister, and BJP MP C P Thakur.


Union Minister Gajraj Singh.


Deputy Chief Minister Of Bihar, Vijay Kumar Sinha.


Manoj Sinha.


Ramdhari Singh Dinkar.


Kailashpati Mishra.

● Jal Khambatta

Bhumihars are 2.9 per cent of the Bihar population, but the NDA fielded 32 Bhumihar candidates, the Mahagathbandhan 15. Still, the Bhumihars are the pivotal caste in Bihar, although their numbers should not support this at all. Why this extraordinary favour for one set of people, in a state known to be driven by caste politics. This is the exception which proves the rule, as they say it.

In the heart of Bihar, along the bank of the river Ganga, the town of Mokama (in the district of Patna) is an important and historically significant town known for being an industrial area in the past, a major lentil production centre.

Today, Mokama stands as a cruel irony, a testament to the complex interplay of crime and politics. In this microcosm, the past and present collide in a vivid tapestry of violence, power, and electoral ambition.

The 2025 assembly elections in Bihar have special place in polity, the stakes have never been higher, with the specter of old rivalries reemerging amid the backdrop of new allegations. The recent arrest of Anant Singh, a 64-year-old Bhumihar candidate from the JD(U), on charges related to the murder of 75-year-old Dular Chand Yadav, a gangster-turned-politician, underscores the enduring influence of strongmen in this tumultuous region, reigniting a fierce contest against Singh's longtime adversary, Suraj Bhan Singh, another infamous Bhumihar strongman.

### A Legacy of Violence

Mokama, located just 70 kilometres from Patna, has been marred by a bloody history that intertwines the lives of its political heavyweights. Anant Singh and Suraj Bhan Singh, both notorious figures from the Bhumihar caste, have long been embroiled in a cycle of violence that dates back to the 1980s. Their past is littered with gunfire and bloodshed, as they rose to power through muscle and menace, navigating a political landscape where muscle power often eclipsed strategy.

The recent killing of Jan Suraaj supporter Dularchand Yadav (an old Lalu Prasad acolyte) during clashes between political factions adds a grim chapter to Mokama's contemporary narrative. This incident, involving Anant Singh's supporters, not only highlights the precariousness of political life in the region but also serves as a chilling reminder of the ruthless tactics that define the arena.

As the police investigate the circumstances surrounding Yadav's death, the town holds its breath, caught between the ghosts of its violent past and the uncertain promise of electoral change.


### The Battle of Ballots

The current political landscape reflects a curious transformation, one where former enemies are now forced to navigate the complexities of electoral alliances and rivalries. While it has been nearly two decades since Anant Singh and Suraj Bhan Singh last clashed directly, the political environment has not dulled their animosity.

What has changed, though, is that this election marks a return to a battle of ballots, a shift from their earlier confrontations, which were often decided by bullets. Which is evident from the 'sweep out' of the RJD, which had ruled Bihar for almost a decade.

Suraj Bhan Singh, whose political ambitions now rest on the shoulders of his wife, Veena Devi, underscores the intricate dynamics of power in Mokama. After serving a life sentence for a 1992 murder, he has turned to his spouse to reclaim electoral influence. Her candidacy is not just a continuation of his legacy; it is a strategic move to leverage their shared history and the loyalty they command among constituents. And she has won.

## #"TAJ NITISH KO, RAJ BHUMIHAR KO"



> The current political landscape reflects a curious transformation, one where former enemies are now forced to navigate the complexities of electoral alliances and rivalries. While it has been nearly two decades since Anant Singh and Suraj Bhan Singh last clashed directly, the political environment has not dulled their animosity. What has changed, though, is that this election marks a return to a battle of ballots, a shift from their earlier confrontations, which were often decided by bullets. Which is evident from the 'sweep out' of the RJD, which had ruled Bihar for almost a decade.

### The Bhumihar Conundrum: Politics in a Fragmented Landscape

In the kaleidoscopic arena of Bihar politics, where caste and community often dictate allegiance more than ideology, the Bhumihar community presents a paradox worthy of contemplation. Despite constituting a mere 2.9 per cent of the electorate, the Bhumihars have become the focal point of intense political maneuvering. It is not just about numbers; it's about influence, heritage, and the survival of political dreams.

### Allure of a Small but Influential Community

Why would major political parties, notably the NDA and the Mahagathbandhan, invest so much energy courting a community that accounts for less than three per cent of the vote? The answer lies in the historical and cultural significance of the Bhumihars. Traditionally viewed as an upper caste (almost equal to Brahmins), they have wielded considerable power in the political landscape of Bihar.

One theory about the origins of Bhumihars is that they were Brahmins who received land grants from Ashoka, the Great Buddhist emperor. Once they decided to return to Hinduism, the Hindu priests gave them a status next to the ritually hierarchical Brahmins.

Some consider them a mixture of Brahmins and Rajputs. Bhumihars have been traditionally a land-owning caste, and they controlled smaller princely states and zamindaris: Bettiah, Tekari, Hathwa, Tamukhi, Sheohar, Pakur, Mahishadal and Maheshpur, and Varanasi in Uttar Pradesh. During British Rule, the Bhumihars largely joined the army and carved out a militant image.

### From Ramdhari Singh Dinkar to Rambriksh Benipuri

The Bhumihar community produced a large number of creative intellectuals, such as Rashtra Kavi Ramdhari Singh Dinkar, an icon of the Veer Ras tradition, writers such as Rahul Sankrityayan, Rambriksh Benipuri and several others. Prime Minister Narendra Modi began his road show on November 2, from the Dinkar Chauraha in Patna, while honouring poet laureate Dinkar.

The legacy of Krishna Sinha, a prominent Constituent Assembly member and the state's first Chief Minister (1946 to 1961) and a Bhumihar leader, is large, and is the stuff with which the community's potential can be seen to sway electoral fortunes. Sinha's long tenure saw the rise of a number of influential Bhumihar leaders, including Mahesh Prasad Sinha, Krishnakant Singh, LP Shahi, Basawan Sinha and Kailashpati Mishra. Kailashpati Mishra (former Governor of Gujarat) was a very influential BJP leader of Bihar.

So was former Union Health Minister, Dr. CP Thakur, a Kala Azar specialist. Today in the BJP, the top Bhumihar leaders are Union Minister, Giriraj Singh, Lt Governor of Jammu and Kashmir, Manoj Sinha and Deputy Chief Minister of Bihar, Vijay Sinha.

### Bhumihar dominate

Even after OBC leaders such as Lalu Prasad and Nitish Kumar began dominating Bihar politics (1990 to 2025), the Bhumihars dominated the bureaucracy, academia, media, and professional fields like law, medicine. The top contractors in Bihar are mainly Bhumihars. In education, the Bhumihars compete with the Kayastha and the Brahmins. In aggression, the Bhumihars compete with the Rajputs and Yadavs. In the enterprise, the Bhumihars compete with the Banias. They also dominate politics: Rajiv Ranjan Singh (alias Lalan Singh, the top JD(U) leader and the Union Minister of Panchayati Raj, Fisheries, Animal Husbandry and Dairying), who accompanied PM Modi during his road show, is a top Bhumihar leader.

So is former Congress President Akhilesh Prasad Singh. Lalan Singh is a close friend of Chief Minister Nitish Kumar for decades. When Nitish Kumar was made the Chief Minister of Bihar in 2005, the popular saying in Patna was "Taj Nitish ko, raj Bhumihar ko."

The Bhumihars are spread all over Bihar and Eastern Uttar Pradesh, but dominate three regions of central Bihar: Arwal, Jehanabad (the old Gaya and old Shahabad region), Mokama and Munger region, and Begusarai, Lakhisarai, and Baraiya region. In the Mithilanchal districts of Samastipur, the Bhumihars intermarry with the Brahmins and are known as the 'Do-Gamiya' community.

### Mokama is a powerful re-echo of the Ranvir Sena era of the 'Jungle Raj'

As their power in electoral politics declined after the 1990s, a number of Bhumihars were attracted to the Ranvir Sena, a private militia established in 1994. Named after Ranvir Chaudhary, a powerful Bhumihar chieftain in the 19th century, the Ranvir Sena carried out armed attacks in the late 1990s against the Lal Sena (an armed Maoist outfit) in the Jehanabad, Maqdoompur, and Aurangabad regions.

Scores of massacres like the one in Laxmanpur Bathe and several other places were committed by the Ranvir Sena. Later in Senari, the Lal Sena massacred several dozen Bhumihars. Today, the violence in Mokama is a powerful re-echo of the Ranvir Sena era of the 'Jungle Raj.'

rajeshsharma1049@gmail.com

#NUTMEG

# Wars Over Nutmeg



The Brutal History Of Massacres and Bloodshed in the Spice Trade

Nutmeg, a fragrant and valuable spice, has been prized for centuries for its flavour and supposed medicinal properties. Today, it might just be a humble kitchen staple, but its history is anything but mild. The quest to control the nutmeg trade led to some of the most brutal massacres and acts of violence in history, highlighting the deadly consequences of European colonial ambitions and the ruthless spice trade.

### The Banda Islands: The Nutmeg Heartland

The Banda Islands, a small archipelago in present-day Indonesia, were the only source of true nutmeg until the 18th century. This made the islands extraordinarily valuable, attracting the attention of powerful European colonial powers, primarily the Portuguese, Dutch, and British.

### The Banda Massacre: Dutch Colonial Brutality

One of the darkest chapters in the history of nutmeg trade is the Banda Massacre of 1621. The Dutch East India Company (VOC), determined to monopolize the nutmeg trade, launched a brutal campaign against the indigenous Bandanese people.

When the Bandanese resisted Dutch demands to surrender their nutmeg crops and submit to Dutch rule, the VOC responded with overwhelming military force. Led by Governor Jan Pieterszoon Coen, Dutch forces invaded the islands, slaughtering thousands of local inhabitants. Historical estimates suggest that up to 15,000 Bandanese people were killed, either in battle or through executions.

The massacre didn't stop at killing. The Dutch systematically enslaved surviving locals and repopulated the islands with imported slaves and Dutch settlers to maintain control over nutmeg production. This brutal event effectively ended indigenous resistance and established Dutch dominance over the nutmeg trade for centuries.





### The Nutmeg Wars and Colonial Competition

The Banda Massacre was part of a larger pattern of violent conflicts over nutmeg and other spices during the height of European colonial expansion. Nutmeg's value was immense, it was considered a luxury item in Europe, used to flavour food, preserve meat, and even as a medicinal remedy. European powers frequently resorted to military force and brutal tactics to control the spice routes, leading to numerous violent clashes, forced labour, and exploitation of indigenous populations throughout Southeast Asia.




### The Human Cost of Spices



While today nutmeg may seem innocuous, its history serves as a stark reminder of how the global appetite for luxury and profit fueled colonial violence. The spice trade helped build vast empires but also caused immense suffering, displacement, and loss of life.

The Bandanese massacre stands as one of the most tragic examples of this dark history, where a small island's inhabitants paid a devastating price for the world's demand for a simple spice. Nutmeg's legacy is layered with flavours of both culinary delight and colonial brutality. The spice that once symbolized wealth and power was at the center of some of the most ruthless acts of violence in history. Understanding this history helps us appreciate the human cost behind the spices that shaped global trade and modern society.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# जो सरकार बनाने की बात करते थे, वे दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंच पाए : शेखावत

## केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में मीडिया से बात की

- **बिहार की जनता ने प्रचंड बहुमत एनडीए को देकर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि देश में अब यदि किसी भी तरह की राजनीति का कोई मुद्दा रहेगा तो वह केवल विकास आधारित ही रहेगा : शेखावत**
- **'अंता उपचुनाव में भाजपा की हार के जो कुछ भी कारण रहे, निश्चित रूप से यह आत्मवलोकन का विषय है, हम सब मिलकर इस पर विचार करेंगे और इस पर आगे हम किस तरह से भाजपा की सरकार की नीतियों का प्रभाव जनता के हृदय तक पहुंचाएं, इस पर निश्चित रूप से कार्य करेंगे'**

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि झूठे नैरेटिव गढ़कर, वोट चोरी जैसे अर्थहीन, आधारहीन आक्षेप लगाकर और संवैधानिक संस्थाओं के ऊपर अनेक तरह के भ्रमजाल फैलाने का प्रयास करके वोट प्राप्त करने की कोशिश को अब जनता स्वीकार नहीं करेगी। बिहार चुनाव ने इस एक बात को बहुत अच्छी तरीके से इस देश के सामने स्पष्ट कर दिया है। शनिवार को अपने गृह जनपद पहुंचे शेखावत ने मीडिया से बातचीत में बिहार चुनाव के नतीजों पर कहा कि भाजपा और एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों ने जिस तरह से एकजुटता का परिचय देते हुए अपनी सामूहिक संगठनात्मक शक्ति का परस्पर उपयोग करके चुनाव लड़ा, उसके साथ-साथ बिहार के चुनाव में जो मुख्य मुद्दा जंगल राज बनाम विकासवाद का था, इन दोनों के बीच जनता को चुनाव करना था। जनता ने प्रचंड बहुमत एनड़ीए को देकर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि इस देश में अब यदि किसी भी तरह की राजनीति का कोई मुद्दा रहेगा तो वह केवल और केवल विकास-आधारित ही रहेगा।

शेखावत ने कहा कि सामान्यत: देश में अनेक ऐसे उदाहरण देखने को मिल सकते हैं, जब देश की जनता ने परिवर्तन के लिए घर से बाहर निकलकर औसत से अधिक मतदान किया हो, लेकिन इस बार पहली बार देश की जनता ने नकारात्मक राजनीति करने वाले और झूठ की राजनीति करने वाले लोगों को जवाब देने के लिए, औसत से कहीं अधिक मतदान करके प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बनाकर का स्पष्ट संदेश दिया है कि अब देश में झूठ की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। विपक्ष को लेकर शेखावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और आरजेडी के नेताओं ने जिस तरह से हल्के स्तर पर चुनाव को ले जाने का प्रयास किया था, जिस तरह की हल्की टिप्पणियां की गई थी। प्रधानमंत्री की माताजी से लेकर छठ मैया तक किसी को भी उन्होंने नहीं बख्शा था। बिहार की जनता ने जवाब दिया है। कांग्रेस का नाम लिए बगैर शेखावत ने कहा कि जो सरकार बनाने की बात करते थे, वे दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंच पाए। यह स्पष्ट हो गया है कि अब देश में केवल और केवल विकास की राजनीति व विकास के एजेंडा को ही देश की जनता स्वीकार करने वाली है।

अंता उपचुनाव में भाजपा की हार के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उपचुनाव कई विषयों से जुड़े होते हैं और उपचुनाव को किसी आम चुनाव के बराबर करके नहीं देखा जा सकता। अंता विधानसभा को आज से लेकर जब से चुनाव प्रारंभ है, तब से लेकर आज तक देखा जाए तो वैसे भी केवल दो बार को छोड़कर अधिकांश समय यह विधानसभा भाजपा के खाते में नहीं आ पाई। जो कुछ भी कारण रहे, जो कुछ भी विषय रहे, निश्चित रूप से यह आत्मवलोकन का विषय है। हम सब मिलकर इस पर विचार करेंगे और इस पर आगे हम किस तरह से भाजपा की सरकार की नीतियों का प्रभाव जनता के हृदय तक पहुंचाएं, इस पर निश्चित रूप से कार्य करेंगे।

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आज दिल्ली से सुबह जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर छात्र जीवन के साथी एवं शेरगढ़ के विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने गले मिलकर बाबू सिंह राठौड़ को जन्मदिन की बधाई शुभकामना दी। उन्होंने शेखावत का बालाजी भगवान का प्रसाद खिलाकर मुंह मीठा कराया।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर तिरंगा यात्रा निकाली




हनुमानगढ़ में ''जनजातीय गौरव दिवस'' पर तिरंगा यात्रा निकाली।

**हनुमानगढ़,** (निसं.)। केंद्र सरकार द्वारा 2021 में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, 15 नवंबर को ''जनजातीय गौरव दिवस'' के रूप में घोषित किया गया था। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक, ब्रिटिश राज में 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में आदिवासी धार्मिक आंदोलन के नेतृत्वकर्ता भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी भगवान मानते हैं और ''धरती आबा'' कहते हैं। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम से पहले अम्बेडकर चौक से कलेक्ट्रेट होते हुए सिविल लाइन स्थित सामुदायिक भवन तक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा से पहले अम्बेडकर चौक पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए।

जंक्शन के सिविल लाइन स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों ने आदिवासी महापुरुषों के योगदान को दर्शाती जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डूंगरपुर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुए मुख्य कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाइव प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड एवं भूखंडों के पट्टे वितरित किए गए। एनएमपीजी कॉलेज के सहायक आचार्य सिद्धार्थ राव ने बिरसा मुंडा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव सहित जनप्रतिनिधि अमित चौधरी, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल, विकास गुप्ता, देवेंद्र पारीक, आशीष पारीक, ओम सोनी, जिला परिषद सीईओ ओपी बिश्नोई, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र यादव, सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, डीओआईटी संयुक्त निदेशक योगेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, स्कूली विद्यार्थी, एनसीसी एवं स्काउट कैडेट्स मौजूद रहे।

# ट्रक और कार की भिड़ंत में दो जने गंभीर घायल



मांडल रेलवे ओवरब्रिज के खतरनाक घुमाव पर हुये हादसे में कार आगे से क्षतिग्रस्त हो गई।

- **कार सवार लोग पाली से सांवरिया सेठ दर्शन के लिए जा रहे थे**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल रेलवे ओवरब्रिज के खतरनाक घुमाव पर शनिवार तड़के करीब तीन बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रक और कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि टक्कर के बाद भी कार पुलिया के ऊपर से नीचे नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार शंकर (35) पुत्र कानाराम माली तथा पंकज पुत्र झालाराम, निवासी सोजत सिटी, पाली से सांवरिया सेठ दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार ओवरब्रिज के खतरनाक मोड़ पर पहुंची, सामने से आ रहे ट्रक से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मांडल पुलिस तथा 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। 108 के पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स गिरिराज पायक ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर तुरंत महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय, भीलवाड़ा पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। गौरतलब है कि मांडल ओवरब्रिज पर निर्माण समय से ही दो मोड़ के बीच खतरनाक और अप्राकृतिक घुमाव छोड़ा गया है। इसी तकनीकी खामी के कारण इस स्थान पर अब तक सैकड़ों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जबकि लगभग एक दर्जन लोगों की जान भी जा चुकी है। स्थानीय लोग कई बार इस मोड़ के पुनर्निर्माण व सुधार की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया, तो यह मोड़ और बड़ी दुर्घटनाओं को दावत देता रहेगा।

# लूट प्रकरण में नौकरानी सहित तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षैत्र में नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर महिला की हत्या या लूट की वारदात को अंजाम देने का असफल प्रयास करने वाली नौकरानी सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 12 नवंबर को पीड़ित मितेश पुत्र कमल किशोर गोलछा निवासी उदयविहार कॉलोनी प्रतापनगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि अपरान्ह में मेरी मां घर पर थी। इस दौरान नकाबपोश दो बदमाश मकान में घुसे तथा मां के गले पर हमला कर चाकू लाने की बात बोल रहे थे। इस दौरान मां व वहां मौजूद नौकरानी के चिल्लाने पर पकड़े जाने के भय से दोनों बदमाश बाहर बाइक पर खड़े साथी के साथ फरार हो गए।

मामले में प्रकरण दर्ज होने पर प्रतापनगर थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह चारण के नेतृत्व में टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रदीप परदेशी उर्फ प्रेक्षु उर्फ ओमप्रकाश परदेशी, रितिका विग पुत्री संजय विग तथा रेखा मेघवाल पत्नी रोशन मेघवाल को गिरफ्तार किया। अनुसंधान में पता चला कि नौकरानी रेखा का भाई कमलेश मेघवाल पूर्व में लूट के मामलों में चालानशुदा है, जिससे पूछताछ की तो उसने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर प्रदीप परदेशी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने वारदात करना कबूल किया था। पूछताछ में उसने बताया कि कमलेश मेघवाल की बहन रेखा तथा उसकी महिला मित्र रितिका ने उक्त मकान से नकदी व गहने चोरी का प्लान बनाया तथा मुझे लोकेश मेघवाल व कमलेश मेघवाल को प्लान में शामिल किया। प्लान के अनुसार मकान मालिक के घर से बाहर जाने पर रेखा मेघवाल ने रितिका को सूचित किया ताकि रितिका के बताए अनुसार हमने घटना की। आरोपी कमलेश, लोकेश तथा प्रदीप तीनों ही शातिर अपराधी होकर पूर्व में लूट व लड़ाई झगड़े के मामलों में चालानशुदा है।

**अवैध शराब समेत दो आरोपी गिरफ्तार :** उदयपुर के सविना थाना पुलिस ने अवैध शराब से भरी केन मय कार जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। सविना थानाधिकारी अजयसिंह व डीएसटी प्रभारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में गठित दल ने बिलिया में गुप्तेश्वर महादेव रोड़ पर स्थित गोदाम पर दबीश दी। जहां जितेन्द्र खटीक व रतनसिंह के कब्जे से किराए के गोदाम में रखी शराब बीयर की 500 एमएल के 43 केन व अन्य शराब की 500 एमएल के 866 केन सहित909 केनों को जब्त कर मौके से केनों को ड्रम में पैकिंग करने में प्रयुक्त सामग्री व कार जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई



आबकारी विभाग की टीम ने 110 लीटर हथकड़ शराब जब्त की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मंगरोप क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 2400 लीटर वॉश नष्ट की और 110 लीटर हथकड़ शराब जब्त की।

जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई पेट्रोलिंग ऑफिसर धोलाराम विश्नोई के नेतृत्व में की गई। टीम को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में गंदे पानी से अवैध रूप से शराब तैयार की जा रही है। कार्रवाई के दौरान मौके पर कई भट्टियां भी मिली, जिनसे शराब का उत्पादन किया जा रहा था। इन सभी भट्टियों को तोड़कर नष्ट किया गया।

बताया जा रहा है कि गंदे पानी से तैयार की जा रही यह शराब स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक थी। विभाग ने इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त नजर रखते हुए आगे भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रखने का संकल्प जताया है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र में जनस्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# दुष्कर्म के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**जालोर,** (का.सं.)। पॉक्सो न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने शुक्रवार को नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक रणजीतसिंह राजपुरोहित के अनुसार पीड़िता की माता ने एक पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश कर बताया कि 9 अप्रैल 2025 को सुबह नाबालिग पुत्री घर से स्कूल जा रही थी। तब मैन रोड पर एक ब्रेजा कार में सवार होकर आये दाउद खां व रफीक खां दोनों ने उसकी नाबालिग पुत्री को जबरन शादी करने की नियत से पकड़कर गाड़ी में डालकर भगाकर ले गये। लेकिन रास्ते में गाड़ी रोकी। उस दौरान उसकी नाबालिग पुत्री मौका देखकर गाड़ी से उतर अपने मामा के घर चली गई। उसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दी।

पीड़िता ने घर आकर बताया कि वह घर से स्कूल जा रही थी, तब दाउद खा व रफीक खान उसे भगाकर ले गये तथा दाउद खान ने उसके साथ गलत काम किया। रफीक खान गाड़ी चल रहा था। यदि वह मौके देखकर नही भागती तो ये लोग उसे आगे लेकर चले जाते।

उक्त रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सत्तराह गवाह के बयान लेखबद्ध किये गये। पॉक्सो न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद कुमार मलिक ने दोनो पक्षों की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दाउद खान को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने तथा रफीक खान को आरोपी दाउद खान का सहयोग करने के लिए दोनों को सामूहिक रूप से दुष्कर्म का दोष्शी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं पचास हजार रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# कल्याणी अवाड्र्स-2025 का आयोजन

**भीलवाड़ा,** (निसं)। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उद्यिमता एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गठित कल्याणी फाउंडेशन द्वारा निजी रिसॉर्ट में आयोजित कल्याणी अवार्ड्स 2025 के तहत अपने क्षेत्र में सफल 11 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि मिसेज इंडिया इंटरनेशनल सिद्धी जौहरी को भी मुख्य अतिथि विधायक अशोक कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि एकता ओस्तवाल, टीना सोनी, फाउंडेशन अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने प्राउड वुमन ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा।

अवॉर्ड समारोह में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल सिद्धी जौहरी ने कहा कि शहर में विभिन्न क्षेत्रों की सफल महिलाओं का चयन कर एक माला में पिरोकर कल्याणी फाउंडेशन ने मिसाल कायम की है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि वे अपने काम के साथ परिवार, मेडिटेशन और स्वास्थ्य को लेकर भी जागरूक रहें। इन सभी का सामंजस्य ही सफलता की सीढ़ी बनेगी। विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि महिलाएं अलग अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। उनको एक प्लेटफार्म पर लाकर सम्मानित करना सभी के लिए प्रेरणा बनेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सम्मानित होने वाली महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन को ऐतिहासिक बताया। इससे पूर्व कल्याणी फाउंडेशन की अध्यक्ष दिव्या बोरदिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि अपने नाम के अनुरूप फाउंडेशन महिलाओं को पहचान दिलाने से लेकर सम्मान दिलाने तक की मुहिम के साथ काम कर रहा है। रेणु जैन द्वारा गणेश वंदना के साथ प्रारंभ समारोह में सुविख्यात गायिका चुनौती नाहर ने महिला शक्ति को समर्पित गीत का संगान किया।

# बाइकों की भिड़ंत एक की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। डांगियावास स्थित कांकेलाव गांव में दो बाइक की भिड़ंत हो गई। एक बाइक सवार घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कांकेलाव निवासी देवेंद्र प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पिता बिरमाराम प्रजापत बाइक लेकर 11 नवंबर को कांकेलाव गांव की सरहद से निकल रहे थे। तब एक अन्य बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# झुंझुनूं विधानसभा के बीएलओ ने किया कार्य बहिष्कार




झुंझुनूं विधानसभा के बीएलओ ने कार्य बहिष्कार कर धरना दिया।

- **एसआईआर के कार्य में गति देने के लिए अब बीएलओ को टारगेट दिए जा रहे हैं, जो उनके लिए सिरदर्द बन गया है**
- **बीएलओ के साथ पहले एसडीएम कौशल्या विश्नोई और बाद में एडीएम डॉ. अजय आर्य ने वार्ता की, बाद में बीएलओ वापस लौटे**

**झुंझुनूं,** (निसं)। पूरे प्रदेश में एसआईआर का काम चल रहा है, लेकिन एसआईआर के कार्य में गति देने के लिए अब बीएलओ को टारगेट दिए जा रहे हैं, जो उनके लिए सिरदर्द बन गया है। इसी के चलते शनिवार को झुंझुनूं विधानसभा के बीएलओ ने कार्य बहिष्कार कर धरना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को झुंझुनूं विधानसभा में एसआईआर के काम को गति देने के लिए रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम कौशल्या विश्नोई ने बीएलओ की बैठक बुलाई थी, लेकिन सभी बीएलओ बैठक में जाने की बजाय कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गए। अचानक बीएलओ के धरने की सूचना पर तहसीलदार महेंद्र मूंड पहुंचे,जिन्होंने समझाइश की और फिर जिला परिषद के सभागार के बंद कमरे में बीएलओ के साथ पहले एसडीएम कौशल्या विश्नोई और बाद में एडीएम डॉ. अजय आर्य ने वार्ता की। करीब चार घंटे की कशमकश के बाद बीएलओ वापिस लौटे।

इस मामले में जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बताया कि बीएलओ भी हमारी टीम का हिस्सा है। उनकी कुछ समस्याएं थी, जिनको सुन लिया गया है और समाधान कर रहे हैं। झुंझुनूं, मंडावा और उदयपुरवाटी विधानसभा में एसआईआर का काम धीमी गति से चल रहा है। जिसे जल्द ही तेज कर लिया जाएगा। इधर, मंडावा विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी मलसीसर एसडीएम सुमन देवी ने एक साथ ही 136 के करीब बीएलओ को धीमी गति में काम करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिससे बीएलओ में हड़कंप मच गया है।

वहीं दूसरी तरफ झुंझुनूं विधानसभा के झुंझुनूं शहर के 10 बीएलओ पर लगाए गए सुपरवाइजर का अधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप में शनिवार सुबह किया गया मैसेज भी वायरल हो रहा है, जिसमें यह सुपरवाइजर अपनी पीड़ा बताते हुए अंत में लिख रहा है कि 'चार दिसंबर तक मैं जिंदा रहूंगा या नहीं, यह भी नहीं पता।' बहरहाल, अब बीएलओ काम पर लौट आए है। जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

इससे पहले झुंझुनूं में शनिवार सुबह एसआईआर कार्यक्रम को ब्रेक के साथ-साथ उस समय झटका लग गया। जब एसआईआर अभियान के दौरान बढ़ते काम के दबाव को लेकर झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों ने सुबह-सुबह ही फिल्ड में काम पर जाने की बजाय कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और धरना दिया। बीएलओ ने आरोप लगाया था कि बिना आवश्यक सहायक स्टाफ के उनसे दोहरी जिम्मेदारियों को पूरा करने का दबाव डाला जा रहा है, जो व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। बीएलओ ने बताया कि पहले उनकी आईडी लेकर फार्म ऑनलाइन कर दिए गए। अब अचानक प्रत्येक बीएलओ पर 150 फॉर्म कलेक्ट करने और उनमें से 100 फॉर्म ऑनलाइन अपलोड करने के लिए पाबन्द किया गया है।

उनका कहना है कि फील्ड में जाकर फार्म भरवाना और साथ-साथ ऑनलाइन अपलोड करना अकेले व्यक्ति से इस टारगेट को पूरा करना सम्भव नहीं है। बीएलओ प्रतिनिधियों ने कहा कि भारी कार्यभार के बावजूद उन्हें किसी प्रकार की सहायक टीम, तकनीकी सहयोग या अतिरिक्त समय नहीं दिया जा रहा है, जिससे वे मानसिक दबाव महसूस कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें कार्यभार कम करने तथा सहायक स्टाफ उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीएलओ से बातचीत कर स्थिति समझने की कोशिश की। उनकी समझाइश के बाद आंदोलनरत बीएलओ और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच वार्ता का दौर प्रारंभ हुआ, लेकिन इस वार्ता से भी मीडिया को दूर रखा गया और बंद कमरे में वार्ता की गई। इधर, बीएलओ ने चेतावनी दी कि यदि कार्यभार संबंधी समस्याओं का समाधान नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी।

# बीकानेर की मंडियों में मूंगफली की बंपर खरीद, 10 दिन में 40 लाख बोरी उठाव

- **पिछले दस-पंद्रह दिनों में गुजरात से आए 30-40 बड़े ब्रोकरों ने बीकानेर की दो प्रमुख मंडियों से करीब 25 से 40 लाख बोरी मूंगफली का उठाव किया**
- **अचानक बढ़ी मांग से बीकानेर के किसानों को बाजार में करीब 500-700 रुपए क्विंटल की सीधी बढ़ोतरी का लाभ मिला**

**बीकानेर,** (निसं)। गुजरात में इस साल मूंगफली की फसल में बारिश व कटाई में देरी ने बीकानेर के कृषि बाजार को अचानक 'हॉटस्पॉट' बना दिया है। पिछले दस-पंद्रह दिनों में गुजरात से आए 30-40 बड़े ब्रोकरों ने बीकानेर की दो प्रमुख मंडियों श्रीगंगानगर रोड व पूगल रोड से करीब 25 से 40 लाख बोरी मूंगफली का रिकॉर्ड उठाव किया है। अचानक बढ़ी मांग से बीकानेर किसानों को बाजार में करीब 500-700 रुपए क्विंटल की सीधी बढ़ोतरी का लाभ मिला है।

गुजरात में दीपावली के बाद मूंगफली की बंपर आवक हर साल तय रहती है, लेकिन इस बार हालात पूरी तरह उलट गए। नवंबर के पहले पखवाड़े में गुजरात के कई मूंगफली उत्पादक जिलों में दो-दो इंच तक बारिश हो गई। खेतों में खड़ी या कट चुकी फसल की नमी बढ़ने और छिलके काले पड़ने से वहां के व्यापारियों के लिए समय पर एक्सपोर्ट का दबाव बढ़ गया। गुजरात की मंडियों में आवक शुरू होने में अभी कम से कम 10-15 दिन और लगने का अनुमान है।

ऐसे में एक्सपोर्ट शेड्यूल न बिगड़े, इसलिए गुजरात के ब्रोकरों ने बीकानेर की मंडियों की तरफ रुख कर लिया। बीकानेर देश की प्रमुख मूंगफली बेल्ट में से एक है। यहां का दाना आकार, तेल प्रतिशत और नमी अनुपात के कारण एक्सपोर्ट क्वालिटी मानकों पर खरा उतरता है। यही कारण है कि महज 10 दिनों में गुजरात से आए ब्रोकरों द्वारा 25 से 40 लाख बोरी की रिकॉर्ड खरीद दर्ज की गई। इसी मांग ने बाजार को तेजी दे दी।

पिछले सप्ताह तक जहां मूंगफली के भाव 500-700 रुपए प्रति क्विंटल नीचे चल रहे थे, वहीं शुक्रवार को श्रीगंगानगर रोड मंडी में 1.25 लाख बोरी और पूगल रोड मंडी में 40-60 हजार बोरी मूंगफली की आवक दर्ज हुई। बीकानेर जिले में इस वर्ष 2.90 लाख हेक्टेयर में मूंगफली की बिजाई हुई और कृषि विभाग के अनुमान अनुसार उत्पादन 8.70 लाख मैट्रिक टन तक पहुंच सकता है। बढ़ी हुई खरीद शक्ति से अब किसानों में तेजी से विक्रय करने का उत्साह देखा जा रहा है। दूसरी ओर, गुजरात में अपेक्षित 55 लाख बोरी के बजाय अब 40 लाख बोरी की संभावित आवक मानी जा रही है। यानी लगभग 25 प्रतिशत तक फसल अनुमान घट गया है। इसी अंतर ने बीकानेर की मंडियों को देशभर के ब्रोकरों के लिए 'रीलायबल सोर्स' बना दिया।

दी बीकानेर वूल एवं अनाज ट्रेडर्स संस्था के अध्यक्ष रामदयाल सारण ने बताया कि बीकानेर की मूंगफली गुणवत्ता, जलवायु और तेजी से उपलब्धता के कारण इस बार देशभर के खरीदारों के लिए मजबूरी नहीं, बल्कि प्राथमिक पसंद बन गई है। गुजरात में फसल देरी से जहां ब्रोकरों को नया विकल्प मिला, वहीं बीकानेर किसानों को भी वर्षों बाद अचानक उभरी बाजार मांग से बड़ा आर्थिक लाभ मिला है। आने वाले 15 दिन में गुजरात में आवक बढ़ने की उम्मीद के बीच फिलहाल बीकानेर देश की मूंगफली मंडियों का केंद्र बनी हुई है।

# बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते बुहाना थाने की हैड कांस्टेबल गिरफ्तार

## परिवादी ने एसीबी के 1064 टोल फ्री नंबर पर रिश्वत मांगने की शिकायत की थी

**बुहाना, (निसं)।** झुंझुनूं एसीबी की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बुहाना थाना में तैनात एक महिला हैड कांस्टेबल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी टीम ने यह कार्रवाई गोपनीय सत्यापन के बाद ट्रेप की रूपरेखा तैयार कर अंजाम दी।

एसीबी झुंझुनूं के डीएसपी शब्बीर खान ने बताया कि परिवादी ने एसीबी के 1064 टोल फ्री नंबर पर 04 नवंबर को बुहाना थाने में तैनात हैड कांस्टेबल संतोष कुमारी के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। इसके बाद परिवादी ने एसीबी झुंझुनूं में भी लिखित शिकायत दी, जिसके बाद एसीबी ने 10 नवंबर को सत्यापन करवाया। सत्यापन के दौरान हैड कांस्टेबल द्वारा परिवादी के खिलाफ 22 अक्टूबर को पारिवारिक झगड़े में दर्ज मारपीट के मामले में मदद करने के तथा परिवादी, उसके भाई और परिवादी के भाई को गिरफ्तार ना करने की एवज में 30 हजार रुपए मांगे जाना सामने आ गया। सत्यापन के दौरान ही हैड कांस्टेबल ने परिवादी से तीन हजार रुपए ले लिए। इसके बाद



आरोपी हैड कांस्टेबल संतोष कुमारी।

- पारिवारिक झगड़े में दर्ज मारपीट के मामले में मदद करने तथा परिवादी, उसके भाई और परिवादी के भाई को गिरफ्तार ना करने की एवज में 30 हजार रूपए मांगे थे

एसीबी लगातार ट्रेप का प्लान तैयार कर रही थी। इसी दौरान 14 नवंबर को परिवादी को हैड कांस्टेबल ने बयानों के लिए बुलाया। इस दौरान भी हैड कांस्टेबल ने डर दिखाकर सात हजार रुपए ले लिए। पूर्व में तय सौदे के अनुसार शेष 20 हजार रुपए देने के लिए आज परिवादी को थाने बुलाया। परिवादी ने ज्यों ही 20 हजार रुपए दिए, हैड कांस्टेबल ने 20 हजार रुपए रिश्वत के रूप में लेकर अपनी जेब में रख लिए, जिसके बाद एसीबी टीम ने मौके पर ही उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी की जेब से 20 हजार रुपए की राशि बरामद कर ली गई है।

यह कार्रवाई एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता के निर्देशन, एसीबी जयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के सुपरविजन तथा एसीबी झुंझुनूं इकाई के उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में पूरी की गई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एसीबी) स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। एसीबी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

# रोडवेज बस ने दंपती को टक्कर मारी, महिला की मौत

## घायल पति को जोधपुर के अस्पताल में भर्ती कराया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर-बाड़मेर हाइवे धवा सिणली फांटा के पास में शनिवार दोपहर में रोडवेज बस ने सड़क के किनारे खड़े दंपती को अपनी चपेट में लेकर कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति बुरी तरह घायल हो गया, जिसे जोधपुर अस्पताल भेजा गया है। इधर इस घटना को लेकर दोपहर में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और डिवाइडर अथवा जम्पर लगाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया

- जोधपुर- बाड़मेर हाइवे धवा सिणली फांटा के पास सड़क किनारे खड़े थे दम्पती

और नेशनल ऑथोरिटी के अधिकारियों को भी बुलाने की मांग रखी। देर शाम तक मौके पर पुलिस अधिकारी और ग्रामीणों में बातचीत चल रही थी।

जानकारी के मुताबिक झंवर के गेहलावास निवासी गुमानाराम और उसकी पत्नी यहां जोधपुर- बाड़मेर हाइवे के पास धवा सिणली फांटा के पास सड़क किनारे खड़े थे। तब बाड़मेर की तरफ से आ रही एक रोडवेज बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई और गुमानाराम बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया गया। इधर घटना के बाद जोधपुर-बाड़मेर हाइवे पर लोगों ने रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

# 18 दिन के मासूम की मौत, नरबलि की आशंका

## मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए

- बच्चा अपनी मौसी के घर में था, मौसियों पर हत्या की आशंका जाहिर कर पिता ने थाने में रिपोर्ट दी
- पुलिस ने पूछताछ के लिए बच्चे के मौसी पक्ष के कुछ लोगों को हिरासत में लिया है, जांच जारी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के रातानाड़ा स्थित नेहरू कॉलोनी में शनिवार सुबह 18 दिन के मासूम की संदिग्ध हालात में मौत को लेकर सनसनी फैल गई। बच्चे की मौत पर नरबलि की आशंका भी जताई जा रही है। बच्चा अपने मौसी के घर में था। पिता ने बच्चे की मौसियों पर हत्या की आशंका जाहिर करते हुए एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दी है। दोपहर में मेडिकल बोर्ड गठित कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बच्चे की संदिग्ध मौत की खबर पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं, मगर पुलिस ने मौका ए हालात का ब्यौरा देने से इंकार कर दिया। पूछताछ के लिए बच्चे के मौसी पक्ष के कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

एयरपोर्ट थानाधिकारी रामकृष्ण ताड़ा ने बताया कि नेहरू कॉलोनी निवासी पूनाराम सांसी के पहले से एक बेटा है। हाल में 18 दिन पहले उसके एक और बेटा हुआ था। दूसरा बेटा अपनी मौसी के पास में साथ था। आज सुबह उसे सूचना मिली कि बच्चे की मौत हो गई। उसे अस्पताल लाया गया है। अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी। इस पर रात्रिकालीन अधिकारी अस्पताल पहुंचे और फिर संबंधित थाने में सूचना दी। थानाधिकारी रामकृष्ण ताड़ा ने बताया कि बच्चे की संदिग्ध मौत को लेकर पूनाराम की तरफ से अपनी सालियों के खिलाफ हत्या में रिपोर्ट दी गई है। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया और साक्ष्य जुटाए गए हैं। डीसीपी पूर्व शाहिन सी., एसीपी पूर्व प्रतीक सिंह और खुद थानाधिकारी ताड़ा भी वहां पहुंचे।

मासूम की मौत को लेकर आशंका है कि उसकी हत्या गला दबाकर की गई है। आसपास पड़ौस से पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि परिवार के लोग आपस में झगड़ते रहते थे। नरबलि की आशंका में हत्या तो नहीं की गई, ताकि घर में कलह ना हो। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर जांच में जुटी है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चल पाएगी।

# सामाजिक कार्यक्रम से लौट रहे दोस्तों की कार पलटी, तीन की मौत

## आधा दर्जन से ज्यादा युवक घायल, दो गंभीर घायलों को जोधपुर भेजा

**जोधपुर, (कासं)।** निकटवर्ती बिलाड़ा के खारिया मीठापुर गांव के पास में रात दो बजे एसयूवी पलटी खा गई। हादसे में चालक सहित तीन की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से ज्यादा युवक घायल हो गए। दो बुरी तरह घायलों को जोधपुर भेजा गया है। सूचना पर देर रात पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को बिलाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

बिलाड़ा थाने के एएसआई भगवान सहाय ने बताया कि बिलाड़ा के सरगरों का बास के रहने वाले आठ-दस युवक रात दो बजे किसी सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर जैतारण से अर्टिगा कार से लौट रहे थे।

रात दो बजे के आस पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। हादसे में आकाश पुत्र भैराराम सरगरा, रवि पुत्र हेमराज और अभिषेक पुत्र नरपत चौहान की मौत हो गई। कार को चालक रवि चला रहा था, जोकि इस हादसे में मारा गया। कार में सवार आधा दर्जन अन्य युवक घायल हो गए। इनमें दो घायलों सूरज पुत्र ललित और पिंटू पुत्र पूनाराम को देर रात में ही जोधपुर रैफर कर दिया गया। एएसआई भगवान सहाय के अनुसार हादसे का कारण पता लगाया जा रहा है। शवों को कार्रवाई के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। यह संभवत: किसी शादी समारोह से लौट रहे थे।

# पुलिस लाइन में कॉन्स्टेबल के आवास में चोरी

- डेढ़ लाख नगद व दस लाख से ज्यादा के जेवर चुराये

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन में कॉन्स्टेबल के आवास से अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपए नगद व दस लाख से ज्यादा के जेवर चुरा कर ले गए। चोरी के वारदात के समय कॉन्स्टेबल प्रहलाद बैरवा रात्रि ड्यूटी पर था, वहीं उसके परिजन पैतृक गांव मालपुरा गए हुए थे।

जानकारी मिलने के बाद पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचंद गोयल मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। बताया जा रहा है कि कॉन्स्टेबल प्रहलाद पुरानी टोंक थाने में ही तैनात हैं, पुलिस लाइन में 400 पुलिस कर्मचारियों के परिवार रहते हैं। यहां पुलिस कर्मचारी के अलावा अन्य की एंट्री पूरी तरह से बंद है, मुख्य गेट पर एक पुलिसकर्मी बिना परमिशन के किसी को प्रवेश नहीं देता। कॉन्स्टेबल प्रहलाद ने बताया कि वह शुक्रवार रात को रात्रि ड्यूटी के दौरान गश्त पर था, जिसका आवास तीसरी मंजिल पर है तथा इस दौरान उसके परिवारजन गांव गए थे, जिसका फायदा उठाकर चोर क्वार्टर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और कमरे के अंदर रखी अलमारी से करीब डेढ़ लाख रुपए नकद समेत 10 लाख के आभूषण पार कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण में अनुसंधान प्रारम्भ किया।

# 3.12 लाख के चेक बाउंस मामले में आरोपी को कोर्ट ने दोषमुक्त किया

**नोहर, (निसं.)।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, नोहर ने आज पराक्रम्य लिखित अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत दायर एक मामले में आरोपी गोविंदराम को दोषमुक्त कर दिया है। यह मामला 3,12,000 के चेक के अनादरण (चेक बाउंस) से संबंधित था।

न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों और पेश किए गए साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया। न्यायालय में पेश तथ्यों के अनुसार, परिवादी ओमप्रकाश ने आरोपी गोविंदराम के विरुद्ध यह केस दायर किया था। यह आरोप लगाया गया था कि परिवादी और अभियुक्त के मध्य हुए एक पुराने पहचान के चलते अभियुक्त ने घरेलू जरूरत के लिए परिवादी से 25 अक्टूबर 2023 को एक माह के लिए 3,12,000 रुपये नकद उधार लिए थे। बाद में परिवादी द्वारा अदायगी की तक़ाज़ा करने पर अभियुक्त द्वारा पंजाब नेशनल बैंक, शाखा परलीका के अपने बैंक खाते पर जारी किया गया उक्त राशि 3,12,000 रुपये का चेक भुगतान हेतु परिवादी को सौंपा गया था। परिवादी द्वारा जब चेक अपने बैंक में जमा किया गया, तो वह खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण 9 जनवरी 2024 को अनादरित होकर वापस हो गया था। आरोपी गोविंदराम की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजपाल जाड़ीवाल और अधिवक्ता अमित स्वामी ने न्यायालय के समक्ष यह निर्णायक तर्क मजबूती से रखा कि बैंक द्वारा जारी किए गए रिटर्न्स मेमो पर बैंक की मोहर और अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर मौजूद नहीं थे। न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए पाया कि यह कमी दस्तावेज की वैधानिकता और प्रामाणिकता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। तकनीकी खामियों के कारण, अभियोजन पक्ष संदेह से परे आरोपी पर आरोप सिद्ध करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप गोविंदराम को दोषमुक्त कर दिया गया।

# अजमेर : दो थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की वारदात

- घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, सर्विस सेंटर की दुकान को भी निशाना बनाया
- पुलिस ने मौका मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू की

**अजमेर, (निसं)।** शहर में बढ़ती चोरी की वारदात पुलिस की रात्रि गश्त पर सवालिया निशान लगा रही है। बीती रात दोनों ने दो थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदात अंजाम दी। रामगंज थाना क्षेत्र के गौतम नगर में घर के बाहर खड़ी सफाई कर्मी की बाइक अज्ञात चोर चुरा ले गया। बाइक चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

गौतम नगर निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात चोर चुरा ले गया है। वहीं गंज थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक सर्विस सेंटर की दुकान को निशाना बनाते हुए 40 हजार नगदी सहित ऑटो पार्ट्स सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर छत के रास्ते से दुकान में घुसे थे। चोरी का पता शनिवार सुबह तब चला जब दुकान मालिक दुकान खोलने पहुंचा था। दुकान के ताले टूटे पड़े थे। पीड़ित अशोक बंजारा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी वरुण सागर रोड पर अशोक सर्विस सेंटर के नाम से दुकान है, शनिवार को जब वह सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर के ताले टूटे हुए थे, जब दुकान के अंदर घुसा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर रात में छत के रास्ते से दुकान में घुसे और सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने छत के रास्ते से दुकान में घुसकर सामान अस्त-व्यस्त करते हुए 40 हजार नकदी सहित ऑटो पार्ट्स सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोरों द्वारा दुकान से ऑटो पार्ट्स और तेल के बॉक्स सहित अन्य सामान चुरा ले गए। मामले की जानकारी गंज थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# घर के मंदिर में जलते दीपक से आग लगी, लाखों का नुकसान

- अलमारी में रखे सोना-चांदी के जेवर पिघले, सामान भी जला

**अजमेर, (निसं)।** हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र के कोटड़ा स्थित खादू श्याम विहार कॉलोनी में शनिवार सुबह मंदिर में जल रहे दिए से घर में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने पूरे कमरे में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कमरे में रखी अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात गल गए साथ ही अन्य घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही मौके पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भागचंद ने बताया कि शनिवार सुबह कंट्रोल रूम पर सूचना मिली थी कि कोटड़ा स्थित खादू श्याम विहार कॉलोनी में रहने वाले कैलाश रावत के घर में आग लगी है। सूचना मिलते ही विभाग से करीब एक गाड़ी मौके पर भेजी गई। मौके पर घर के कमरे में आग लगी हुई थी, जिस फायर फाइटर ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। अग्निशमन कर्मचारी ने बताया कि आग की तपिश इतनी तेज थी कि पीड़ित मकान मालिक कैलाश रावत के कमरे में रखी अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात भी पिघल गए। मकान मालिक रावत ने बताया कि आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग मंदिर में जल रहे दिए के कारण आग लगी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बाजार गई नाबालिग से बलात्कार

**अलवर, (निसं)।** अलवर के राजगढ़ में नाबालिग के साथ बलात्कार करने का मामला दर्ज हुआ है। घटना क्षेत्र से संबंधित थाना पुलिस के अनुसार पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस थाने में दर्ज मामले के अनुसार उसकी 17 वर्षीय पुत्री 14 नवम्बर को घर से बाजार के लिए गई थी। वहां उसको एक युवक मिला। वह युवक उसकी पुत्री का जबरदस्ती हाथ पकड़कर एक कैफे के अंदर ले गया, जहां इस युवक ने उसकी पुत्री के साथ बलात्कार किया।

युवक ने लड़की को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस बारे में जब लड़की ने अपने घर पर इस घटना का जिक्र किया तो सब सकते में आ गए। पिता ने तुरंत पुलिस थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पिता ने बेटे पर तलवार से हमला किया



घायल को अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरु किया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के आसींद थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां पिता ने ही अपने बेटे पर तलवार से हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार, जगदीश कालबेलिया पुत्र नाथू राम, निवासी 25 दौलतगढ़ (वर्तमान निवासी बानियों का बंदा गांव) पर उसके पिता ने किसी अज्ञात कारण से तलवार से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान पिता ने अचानक गुस्से में आकर बेटे के चेहरे पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद परिवारजन और आसपास के लोगों ने घायल जगदीश को तत्काल आसींद चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे भीलवाड़ा एमजी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया और जांच प्रारंभ कर दी है। अभी तक हमले के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है और प्रशासन से न्यायिक कार्रवाई की मांग की है।

# स्वहित के साथ समाज और राष्ट्रहित का ध्यान रखें संगठन : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

- राज्यपाल ने भारतीय परिवहन मजदूर संघ के 26वें त्रैवार्षिक अखिल भारतीय अधिवेशन का उद्घाटन किया
- देश के सर्वांगीण विकास का सपना साकार करना है, तो स्वदेशी के प्रोत्साहन का कोई विकल्प नहीं है : राज्यपाल



भारतीय परिवहन मजदूर संघ के त्रैवार्षिक अखिल भारतीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह को राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने संबोधित किया।

**बीकानेर, (निसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि पिछले लगभग बारह वर्ष में हमने प्रत्येक क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी बड़ा बदलाव आया है। वर्ष 2014 तक हम दुनिया की ग्यारहवीं अर्थव्यवस्था थे। अब बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरते हुए हम चौथे स्थान पर पहुंच चुके हैं। इसमें हमारे श्रमिकों और मजदूरों का बड़ा योगदान है। राज्यपाल बागड़े शनिवार को बीकानेर के गंगाशहर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में भारतीय परिवहन मजदूर संघ के 26वें त्रैवार्षिक अखिल भारतीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने देशभर के मजदूरों को एक किया और 23 जुलाई 1955 को भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की। उन्होंने विचार था कि मजदूर अपने आचार, विचार और सभ्यता से पूरी दुनिया को एक कर सकते हैं। उनका कहना था कि देश के सर्वांगीण विकास का सपना साकार करना है, तो स्वदेशी के प्रोत्साहन का कोई विकल्प नहीं है।

राज्यपाल ने कहा कि जो संगठन सिर्फ स्वहित के विचार से काम करता है, उसका अस्तित्व धीरे-धीरे कम हो जाता है। प्रत्येक संगठन को स्वहित के साथ समाज और देश के हित का विचार रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने अधिकारों के साथ कर्त्तव्यों को भी समझें। उन्होंने मजदूरों को देश के विकास की धुरी बताया। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ आज देश के विविध क्षेत्रों में काम कर रहा है। देश के सबसे ज्यादा मजदूर इस संगठन से जुड़े हैं। प्रत्येक मजदूर ठेंगड़ी के सिद्धांतों का अनुसरण करें और राष्ट्रहित में अपना योगदान दें।

बागड़े ने राजस्थान को वीरों और संतों की भूमि बताया। उन्होंने कहा कि यहां बप्पा रावल जैसे शूरवीर और प्रतापी राजा हुए। जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं के दांत खट्टे कर दिए। उन्होंने कहा कि यह भौगोलिक विविधताओं वाला प्रदेश है। यहां के 9 जिले जनजातीय बाहुल्य वाले हैं। ये गौभक्तों का प्रदेश है। यहां की सभ्यता और परंपराएं अच्छी हैं। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को बीकानेर के भुजिया और रसगुल्ला के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यहां के भुजिया और रसगुल्ला दुनिया भर में विशेष पहचान रखते हैं।

इससे पहले राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दीप प्रज्वलित कर अधिवेशन का शुभारम्भ किया। स्वागताध्यक्ष मक्खन लाल कांडा ने स्वागत उद्बोधन दिया। भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय महामंत्री रविंद्र हिमते ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना, इतिहास और वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। भारतीय मजदूर परिवहन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत सचान ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। इस दौरान भारतीय परिवहन मजदूर संघ के प्रभारी वीआर वाच्छानी और भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री हरमिंदर शर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, सुमन छाजेड़ सहित देशभर से आए प्रतिभागी मौजूद रहे।

# प्रतिभा खोज परीक्षा आज

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 का आयोजन रविवार को किया जाएगा। प्रदेश के समस्त 41 जिलों के 73 परीक्षा केन्द्रों पर यह परीक्षा ली जाएगी। इसमें कुल 15 हजार 919 विद्यार्थी शामिल होंगे। बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कक्षा 10 और 12 के लिए राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा एसटीएसई का आयोजन रविवार को सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा 41 जिलों के 73 राजकीय विद्यालयों पर बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।


**Office of The District Education Officer (HQ) Secondary Jalore (Raj.)**

No. deo/hq/sec/jalore/Accounts/25-26/228 Date: 10.11.2025

**NOTICE INVITING TENDER NO.-1**

Bid of procurement of supply of complete Ladies & Gents Bicycles procurement is inviting form interest bidders up to 01.12.2025 time 11.30 AM. Other particulars of the bid may be visiting on the procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in of the site.

| S. No. | Item/Description of work | Estimated cost (In Rupees) | UBN |
|---|---|---|---|
| 01. | Supply of Complete Ladies & Gents Bicycles 20" (Colour-Orange) | 1,04,53,914/- | EDU2526 GLOB00078 |

DIPR/C/16660/2025 (Bhanwar Lal Parmar) Dist. Education Officer, (HQ) Secondary, Jalore

**हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि०, हनुमानगढ़ (राज.)**

Head Office, Hanumangarh Jn. (Raj.)

क्रमांक : 2025-26/सीबीएस /6269 दिनांक- 15.11.2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 02/2025-26

हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक क्षेत्रांतर्गत 232 ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं 51 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों में Request for Proposal (RFP) for supply, installation, commissioning and maintenance of Micro ATMs for PACS and DUSS of Hanumangarh Kendriya Sahakari Bank Ltd. के कार्य के लिए ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित विवरण व शर्तें वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर एवं कार्यालय समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर देखे जा सकते है।

NIB CODE:- HKB2526A0002, UBN No :- HKB2526GLRC00002

- प्रबन्ध निदेशक

# सनातन विचार ही है एकात्म मानव दर्शन : डॉ. मोहन भागवत

## स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत दीनदयाल स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम में शामिल हुए



डॉ. मोहन भागवत ने जयपुर में एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित दीनदयाल स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान विचार व्यक्त किए।

- कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बेरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, मदन राठौड़, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, राज्यवर्धन राठौड़,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे

**जयपुर।** सनातन विचार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देश, काल, स्थिति के अनुसार एकात्मक मानव दर्शन का नया नाम देकर लोगों के समक्ष रखा। यह विचार नया नहीं है किंतु 60 वर्ष बाद भी वर्तमान समय में यह एकात्मक मानव दर्शन पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आज जयपुर में एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित दीनदयाल स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

डॉ मोहन भागवत ने कहा कि एकात्मक मानव दर्शन को एक शब्द में समझना है तो वह शब्द है धर्म। इस धर्म का अर्थ रिलिजन, मत, पंथ, संप्रदाय नहीं है। इस धर्म का तात्पर्य गंतव्य से है, सब की धारणा करने वाला धर्म है। वर्तमान समय में दुनिया को इसी एकात्म मानव दर्शन के धर्म से चलना होगा।

डॉ मोहन भागवत ने कहा कि भारतीय जब भी बाहर गए किसी को लूटा नहीं, किसी को पीटा नहीं, सबको सुखी किया।

भारत में भी पिछले कई दशकों में रहन-सहन, खानपान, वेशभूषा सब बदला होगा, किंतु सनातन विचार नहीं बदला। वह सनातन विचार ही एकात्म मानव दर्शन है और उसका आधार यह है कि सुख बाहर नहीं हमारे भीतर ही होता है। हम अंदर का सुख देखते हैं तब समझ में आता है कि पूरा विश्व एकात्म है। इस एकात्म मानवदर्शन में अतिवाद नहीं है।

शरीर, मन, बुद्धि की सत्ता की बात करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता की भी मर्यादा है। सबका हित साधते हुए अपना विकास करना यह वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में अनेक बार आर्थिक उठापटक होती हैं लेकिन भारत पर इसका असर सबसे कम होता है क्योंकि भारत के अर्थतंत्र का आधार यहां की परिवार व्यवस्था है।

डॉ मोहन भागवत ने कहा कि वर्तमान में विज्ञान की प्रगति चरम पर जा रही है। विज्ञान के आधार पर सबका जीवन भौतिक सुविधाओं से संपन्न हो, ऐसे प्रयास हो रहे हैं लेकिन क्या मनुष्य के मन में शांति और संतोष भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान की प्रगति के कारण बहुत सी नई दवाइयां बनी है, किंतु क्या स्वास्थ्य पहले की तुलना में अधिक ठीक हुआ है। कुछ बीमारियों का तो कारण ही कुछ दवाइयां हैं।

डॉ मोहन भागवत ने कहा कि वैश्विक स्तर पर केवल चार प्रतिशत जनसंख्या 80 संसाधनों का उपयोग उपयोग करती है। विकसित और अविकसित में भेद बढ़ रहा है।

डॉ मोहन भागवत ने कहा कि हमारे यहां प्रारंभ से ही अनेक विषयों में विविधता रही है लेकिन हमारे यहां की विविधता कभी झगड़े का कारण नहीं बनी अपितु हमारे यहां की विविधता उत्सव का विषय बनी। हमारे यहां पहले से अनेक देवी देवता थे कुछ और भी आ गए तो हमें कोई समस्या नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि दुनिया यह तो जानती है कि शरीर, बुद्धि और मन का सुख होता है लेकिन उसे एक साथ कैसे प्राप्त किया जाए, यह दुनिया नहीं जानती। यह केवल भारत जानता है क्योंकि भारत में शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा सभी के सुख का विचार है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष डॉ महेश शर्मा ने रखी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण सृष्टि एकात्म है। सृष्टि का एक कण भी हिलता है तो संपूर्ण सृष्टि पर असर दिखता है। डॉ महेश शर्मा ने कहा कि इस समय वंदे मातरम की रचना का 150 वां वर्ष चल रहा है और वर्तमान परिस्थितियों में पूरा वंदे मातरम गाना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, राज्य सरकार में मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, राज्यवर्धन राठौड़, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी ,पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक, क्षेत्र संघ चालक डॉ रमेश अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निंबाराम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर प्रमुख शिक्षा सचिव और निदेशक को अवमानना नोटिस

- अवमानना याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश की पालना की जाए और दोषी अफसरों को दंडित किया जाए

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने रिटायर व्याख्याता के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर प्रमुख शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश एनसी बलाई की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

अवमानना याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता जयपुर जिले में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बधाल में व्याख्याता पद से गत जुलाई माह में रिटायर हुआ। सेवाकाल के दौरान शैक्षिणक सत्र 2018- 19 में नागौर जिले के मिंडा स्कूल में पदस्थापित रहते समय वहां का परीक्षा परिणाम तय मापदंड से कम रहने पर याचिकाकर्ता को साल 2021 में 17 सीसीए का नोटिस दिया। याचिकाकर्ता की ओर से दिए जवाब पर ध्यान दिए बिना ही शिक्षा निदेशक ने जुलाई 2021 में दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश देकर उसे दंडित किया। याचिकाकर्ता ने इसकी अपील शिक्षा सचिव के यहां की।

शिक्षा सचिव ने मार्च 2024 में उसकी अपील आंशिक तौर पर स्वीकार करते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का आदेश दिया।

इसे हाईकोर्ट में चुनौती देने पर अदालत ने उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही रद्द कर दी। जिस पर प्रार्थी ने हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी सहित विभाग से रोकी गई एक वार्षिक वेतन वृद्धि देने का आग्रह किया, लेकिन शिक्षा विभाग ने आदेश के 8 महीने बाद भी इसकी पालना नहीं। अवमानना याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश की पालना की जाए और दोषी अफसरों को दंडित किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# जयपुर हेरिटेज फोटो प्रदर्शनी का आज होगा उद्घाटन

**जयपुर।** गुलाबी नगरी के स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन का चौथा सीजन रविवार से आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलरी में शुरू होगा। रविवार को प्रदर्शनी का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी करेंगी। यह प्रदर्शनी 16 से 20 नवंबर तक चलेगी। इस एग्जीबिशन में शहरवासी पुराने और नए जयपुर की तस्वीरों को एक ही छत के नीचे देखने का मौका पाएंगे। प्रदर्शित कृतियों में हेरिटेज मॉन्यूमेंट, वॉल सिटी, मंदिर, पारंपरिक त्यौहार, पुरानी गलियां और जयपुर की जीवंत संस्कृति को दर्शाती तस्वीरें शामिल होंगी। एग्जीबिशन में 100 से अधिक फोटोग्राफर और कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रखा गया है, आने वाले विजिटर्स को गिफ्ट कूपन भी दिए जाएंगे।

# मोहन भागवत ने गोविंद देवजी के दर्शन किए

**जयपुर।** पावन उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर गोविंद धाम ठिकाना मंदिर गोविंद देवजी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शनिवार को ठाकुर राधा गोविंद देवजी महाराज के दर्शन करने राजभोग झांकी में पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर में विशेष श्रद्धा एवं भक्तिभाव का माहौल रहा। मंदिर के श्रीमन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज ने भागवत का चौखट पूजन करवाया। इसके बाद ठाकुर श्रीजी की ओर से आशीर्वाद स्वरूप उन्हें शॉल,दुपट्टा, प्रसाद, ठाकुर श्रीजी की छवि एवं गोविंद धाम शिव मंदिर का लघु स्वरूप भेंट किया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने मंदिर के इतिहास,परंपरा और महत्व की जानकारी भी उन्हें विस्तार से प्रदान की। उन्होंने मोहन भागवत द्वारा किए जा रहे सनातन धर्म के विभिन्न सेवा कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया तथा हिंदू राष्ट्र परिकल्पना के आवाहन का संदेश भी प्रकट किया।

# 'पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली जाएगी गंगा, यमुना, नर्मदा और गोदावरी यूनिटी मार्च'

- यूनिटी मार्च के तहत जयपुर से आरंभ होगी यमुना प्रवाह, सीएम भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दिखाएंगे हरी झंडी : जितेंद्र गोठवाल

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे भारत में चार यूनिटी मार्च निकाली जा रही हैं, जिनका उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सरदार पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का जो ऐतिहासिक कार्य किया, उसी भावना को लेकर यह सरदार पटेल 150वीं यूनिटी मार्च निकाली जा रही है। चारों प्रवाह यात्राएं हमारे देश की विविधता में एकता के प्रतीक के रूप में कार्य करेंगी। भाजपा कार्यकर्ता और सरकार दोनों मिलकर इसे एक जन-आंदोलन का स्वरूप देंगे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा 22 नवंबर को नई दिल्ली में गंगा प्रवाह को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गंगा प्रवाह दिल्ली से आरंभ होकर अलवर में प्रवेश करेगी और राजस्थान के अलवर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर से गुजरते हुए गुजरात के केवड़िया में पहुंचेगी। राजस्थान में इस प्रवाह के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र पिलानिया, सह-संयोजक घनश्याम गौतम और सह-संयोजक अरुण प्रधान रहेंगे। इनमें गंगा प्रवाह अलावा यमुना प्रवाह जयपुर से, नर्मदा प्रवाह नागपुर से और गोदावरी प्रवाह मुंबई से आरंभ होकर देश के विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेंगी और अंततः गुजरात के आनंद जिले में स्थित केवड़िया (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) में एकत्र होंगी। यहाँ इनका सांकेतिक समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

यमुना प्रवाह संयोजक जितेंद्र झा ने बताया कि यमुना प्रवाह जयपुर से 26 नवंबर को आरंभ होगी। यमुना प्रवाह को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, कार्यक्रम सह-संयोजक भीमराज मीणा और बाबूलाल गुर्जर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। यह प्रवाह जयपुर से पुष्कर, जैतारण, जोधपुर, पाली, माउंट आबू होते हुए गुजरात में प्रवेश करेगी और दो दिवसीय पैदल मार्च के पश्चात स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया में समापन होगा।

भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि यूनिटी मार्च केंद्रीय स्तर पर आयोजित सरकारी कार्यक्रम है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी सरकार के साथ मिलकर पूर्ण सहयोग करेगी। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 8-10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी।

# बिरसा मुंडा का संघर्ष इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज : मदन राठौड़

- भाजपा सरकारें भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को आगे बढ़ाते हुए आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : मदन राठौड़
- बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर शनिवार को आदिवासी चेतना के प्रतीक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण नमन किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक असाधारण समाज सुधारक भी थे जिन्होंने आदिवासी समाज की पहचान, अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जिस साहस और दृढ़ता के साथ अंग्रेजी शासन एवं अन्यायपूर्ण प्रथाओं के विरुद्ध संघर्ष किया, वह भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। राठौड़ ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को आगे बढ़ाते हुए आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सरकार द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार हेतु अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की विरासत हमें प्रेरित करती है कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहें।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में एलआईसी के स्टॉल का उद्घाटन



जे. पी. एस. बजाज ने एलआईसी के स्टॉल का उद्घाटन किया ।

**जयपुर।** 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में एलआईसी के स्टॉल का उद्घाटन जे. पी. एस. बजाज, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर क्षेत्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर एलआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। 14 दिनों की अवधि में बलने वाले इस मेले में निगम की विभिन्न योजनाओं तथा एजेंट के रूप में भर्ती के लिए उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी दी जाएगी। एलजाईसी की ई-सेवाओं एवं अन्य ऑनलाइन सेवाओं के बारे में भी जानकारी साझा की जाएगी। एलआईसी ने कार्यालय को पेपरलेस बनाने की दिशा में भी आगे कदम बहाए हैं। बदलते परिवेश में निगम ने विभिन साधनों को अपनाकर पॉनिमी सर्विसिंग को और अधिक आसान एवं सुलभ बना दिया है। पॉलिसीधारक विभिप्त ऑनलाइन माध्यमों में प्रीमियम जमा कर सकते हैं। ग्राहक अपनी पाँनिसियों से संबंधित जानकारी एलआईसी की वेबसाइट..पर जाकर वर्चुअल असिस्टेंट एलआईसी मित्र के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा वे 022-68276827 नंबर पर दायत करके के माध्यम से भी यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभी पॉलिसीधारक एलआईसी के व्हाट्सएप नंबर 8976862090 पर भी अपनी पॉलिगियों से संबंधित सूचनाएँ और सेवाएँ प्राप्म कर सकते हैं।

# जयपुर में 45 स्थानों से हटाया अतिक्रमण

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देश पर शनिवार को शहर में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। उपायुक्त सतर्कता पार्ट 2 पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में निगम की विशेष टीम ने सुबह से ही बाजारों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर सघन कार्रवाई शुरू की। अभियान का उद्देश्य, शहर की सड़कें मुक्त कराना, यातायात सुधारना और बाजार क्षेत्रों में पैदल आवाजाही को सुगम बनाना था।

कार्रवाई बड़ी चौपड़, हवामहल रोड, चांदी की टकसाल, सुभाष चौक, जौहरी बाजार सुई-गेदड़, बदनपुरा, रामगढ़ मोड, जलमहल-देवरी रोड, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, बापू बाजार, सांभर गेट, रामगंज बाजार, रामगंज फूटाकोट, खोले हनुमानजी रोड, लोहारों का खुर्रा, घाटगेट सहित शहर के प्रमुख और सबसे व्यस्त इलाकों में की गई। अभियान के दौरानसब्जी-फलों के ठेले, तख्ते, बेंच, बोर्ड व अन्य अस्थायी निर्माणों को हटाया गया। निगम टीम ने कुल 45 पॉइंट्स से अतिक्रमण हटाते हुए लगभग 5 ट्रक सामान जब्त किया।

## सार-समाचार

### एकादशी पर श्याम प्रभु के दरबार में हुआ खाटू नरेश का गुणगान



**जयपुर।** मार्गशीर्ष शुक्ल उपन्ना एकादशी शनिवार को छोटीकाशी में विभिन्न स्थानों पर श्याम प्रभु का दरबार सजाकर लखदातार का गुणगान किया गया। अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महाआरती की गई। स्थानीय और बाहर के कलाकारों ने श्याम प्रभु का गुणगान किया। मुख्य आयोजन श्याम परिवार झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के 27 वें वार्षिकोत्सव के रूप झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित आनंद मार्केट में भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। श्याम प्रभु का मनमोहक श्रृंगार कर अखण्ड ज्योति प्रज्वलित की गई। छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आनन्द गुप्ता ने बताया कि पुष्प वर्षा के बीच कुमार नरेन्द्र, गुरुग्राम से नरेश सैनी, कोलकाता के गौरव पारीक, रांची की पूजा पारीक के अलावा जयपुर के नवीन शर्मा, रोहित शर्मा, शुभम गोयल और हेमलता खण्डेलवाल ने कर्णप्रिय भजनों से वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, बाबा तेरा दरबार बड़ा प्यारा, खाटू में आज श्याम जी विराजे सहित अनेक भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते रहे। मुख्य संयोजक आनंद गुप्ता, संयोजक राजेन्द्र शर्मा, सूर्यकान्त गाडिया और प्रतीक जैन ने भजन कलाकारों और अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जयपुर तथा नव जनजागृति मंच सहित अनेक संगठनों और विभिन्न श्याम सेवी संस्थाओं के लोगों ने भी बाबा के कीर्तन का आनंद लिया। वार्षिकोत्सव का समापन बाबा श्याम की महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### जापान दौरे के लिये आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्वाज का चयन

**जयपुर।** केन्द्र सरकार के पशुपालन, मत्स्य एवं डेयरी विकास विभाग ने डेयरी विकास के नवीन प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना एवं ढांचागत सुदृढ़ीकरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये जापान जाने वाले उच्च स्तरीय दल में राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रशासक एवं प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज का चयन किया है। श्रुति भारद्वाज भारत सरकार द्वारा चयनित उच्च स्तरीय दल के साथ 16 नवम्बर, 2025 को दिल्ली से जापान के लिये रवाना होंगी। यह दल 22 नवम्बर, 2025 तक जापान के टोकियो, मियाजाकी और ओइटा शहरों में जापान इंटरनेशनल कोरपोरेशन एजेन्सी (जीका) की ओर से नवीन दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना और ढ़ांथागत सुदृढीकरण के विषयों पर टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। जापान इंटरनेशनल कोरपोरेशन एजेन्सी (जीका) द्वारा डेयरी विकास के लिये भारत सरकार के माध्यम से श्रण उपलब्ध कराया जाता है। राजस्थान राज्य को परियोजना के क्षेत्राधिकार में जुलाई, 2022 में शामिल किया गया था। राजस्थान राज्य परियोजना लागत का 22 प्रतिशत राशि स्वीकृत करा कर द्वितीय स्थान पर है। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन से सम्बद्ध जयपुर, भीलवाड़ा और पाली जिले के लिये जीका के अन्तर्गत कुल 257.21 करोड़ की योजनाएँ स्वीकृत हुई है। इस परियोजना के सफल परिचालन एवं संचालन के प्रशिक्षण के लिये आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्वाज का चयन किया गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार द्वारा हाल ही में दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना और ढ़ांचागत सुदृढीकरण के लिये 1000 करोड़ रुपये का कोरपस फण्ड भी स्वीकृत किया गया है।

### शॉप में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** झोटवाड़ा इलाके में ज्वेलरी शॉप पर चोरी कर पुलिस को गच्चा देने वाला शातिर नकबजन को अमृतसर पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल समेंत गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में अमृतसर पुलिस ने शातिर नकबजन की गिरफ्तारी की सूचना झोटवाड़ा पुलिस को दे दी है। एसीपी रिषभ भोला ने बताया कि थाना सिविल लाइन अमृतसर ने पुलिस नाकाबंदी के दौरान अवैध वाहनों की चेकिंग कर रहीं थी। नाकाबंदी के दौरान ध्रुव सोढ़ी (23)निवासी अमृतसर को चोरी की मोटरसाईकिल से कहीं जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को रोकर बाइक के दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की।

# एसओजी ने पचास हजार रुपए का इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया



आरोपी आकाश जैन

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी)ने कार्रवाई करते हुए क्रूड ऑयल चोरी के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे पचास हजार रुपए के इनामी बदमाश बैंगलोर से गिरफ्तार किया है। एसओजी ने पूर्व में मास्टर माइंड समेत सात बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस ( एडीजी एसओजी)) विशाल बंसल ने बताया कि क्रूड ऑयल चोरी में आरोपित आकाश जैन (28)निवासी बैंगलोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित फरवरी -2024 में क्रूड ऑयल चोरी के मामले में करीब डेढ़ साल से अधिक समय से फरार चल रहा था और वो बैंगलोर में ही रहकर व्यापार कर रहा था। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने शातिर बदमाश आकाश जैन पर पचास हजार रुपए इनाम भी घोषित कर रखा था।

विशाल बंसल ने बताया कि फरवरी -2024 में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंधक शेर सिंह चौहान ने मामला दर्ज कराया था कि बर ब्यावर स्थित आईओसीएल की भूमिगत पाइप लाइन मुदड़ा पानीपत का प्रेशर कम होने पर चैक किया गया। बर ब्यावर में एचपीसीएल के पेट्रोल पम्प परिसर में सुरंग बनाकर क्रूड ऑयल चोरी करनी की वारदात का पता चला। मामला दर्ज होने के बाद एसओजी ने मास्टर माइंड संदीप गुप्ता, सोहन लाल विश्नोई, निशांत कर्णिक, मयुर जाधव, भगवान सिंह उर्फ भग्गी रावत, भूपेंद्र रावत उर्फ राजू, प्रभुदयाल उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप गुप्ता के खिलाफ पूर्व पेट्रोलियम पदार्थ की पाइल लाइनों से तेल चोरी करने के कई मामले विचाराधीन है। आरोपी के खिलाफ गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में करीब तीन दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। एसओजी की छानबीन में सामने आया है कि आकाश जैन ने क्रूड ऑयल चोरी के सरगना संदीप गुप्ता, निशांत कार्णिक, सोहनराम उर्फ सोहनलाल विश्नोई व अन्य आरोपियों के साथ मिलकर प्लानिंग की। प्लान के तहत पेट्रोल पंप मालिक को झांसे में लेकर उसके बर स्थित पेट्रोल पंप किराए से संचालन के लिए लिया। पेट्रोल पंप के पीछे खाली जगह में चेंबर बनाकर उसमें सुरंग बनाकर पेट्रोल पंप के पीछे से गुजर रही आईओसीएल की पाइप लाइन में वाल्व लगाकर क्रूड ऑयल चोरी कर टैंकरों के द्वारा बेचने की वारदात को अंजाम दिया।एसओजी ने किया पचास हजार रुपए का इनामी बदमाश को गिरफ्तार

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी)ने कार्रवाई करते हुए क्रूड ऑयल चोरी के मामले में करीब डेढ़ साल से फरार चल रहे पचास हजार रुपए के इनामी बदमाश बैंगलोर से गिरफ्तार किया है। एसओजी ने पूर्व में मास्टर माइंड समेत सात बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस ( एडीजी एसओजी)) विशाल बंसल ने बताया कि क्रूड ऑयल चोरी में आरोपित आकाश जैन (28)निवासी बैंगलोर को गिरफ्तार किया है।

## तीये की बैठक



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय

**लोकेश पुनिया**


(पुत्र रमेश पुनिया)

का आकस्मिक देहांत 14 नवम्बर 2025 को हो गया है। तीये की बैठक 16 नवम्बर (रविवार), को सायं 3 से 4 बजे तक अनुविभा केन्द्र, डी-ब्लॉक, मालवीय नगर पर होगी।

**शोकाकुल**

श्री शिशुपाल पुनिया (दादा), महेश-ममता, राजेश-सविता (ताऊ-ताई), रमेश पुनिया-अनुष्का (माता-पिता), दिनेश-मनीषा, राकेश-कीर्ति, उमेश-निधी (चाचा-चाची), दीपाली चहल-भानु प्रताप, रवीना-मानिका (बहन-बहनोई), कुहू, चारूल, यासना, रविशु, यस, ऋषभ, करण, युवराज, खुशी, ऋषिराज (बहन-भाई), विजयपाल आर्य-सुचित्रा (पूर्व-विधायक) (नाना-नानी), प्रवीण आर्य (मामी)

संपर्क : 9829050323, 9462028619



राजस्थान रॉयल्स ने मुझे पहला मंच दिया और पहली जीत का स्वाद भी चखाया था। टीम में लौटना घर लौटने जैसा है।
- रविन्द्र जडेजा

भारतीय क्रिकेटर, राजस्थान रॉयल्स टीम में चयन होने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### अमन सहरावत

**भारतीय** कुश्ती महासंघ ने अमन सहरावत पर लगाया गया एक साल का निलंबन वापस ले लिया है, क्योंकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप में अपने इवेंट के दौरान अधिक वजन के पाए गए थे। अनुशासन समिति की सिफारिशों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, डब्ल्यूएफआई अमन और नेहा पर लगाया गया निलंबन हटाता है। समिति ने सिफारिश की कि उन्हें एक अवसर दिया जाए और महासंघ उनके प्रति नरम रुख अपनाने पर विचार कर सकता है।''इस फैसले के बाद, दोनों पहलवान दिसंबर में अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप और अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेने के योग्य हो गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय क्रिकेट टीम के रिकॉर्ड में श्रीलंका के खिलाफ 168 मैचों में से 99 में जीत दर्ज की है, जो किसी एक टीम के खिलाफ उनकी सबसे ज़्यादा जीत है।

## आरसीए एडहॉक कमेटी से चयन कमेटी ने मुलाकात कर चर्चा की



जयपुर, 15 नवंबर। आज आरसीए ऑफिस , आरसीए अकादमी पर बीसीसीआई के आगामी मैचों में भाग लेने वाली राजस्थान की पुरष- महिला टीमों के चयन हेतु आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा बहुमत से घोषित आरसीए चयन कमेटी (पुरष- वीमन) ने आरसीएएडहॉक कमेटी द्वारा नियुक्त आरसीएपुरुष- महिला चयन कमेटी ऑब्जर्वेशन कमेटी सदस्यों, आरसीएएडहॉक कमेटी सदस्यों पिंकेश पोरवाल, आशीष तिवाडी की उपस्तिथि में विशेष रूप से राजस्थान की विभन्न पुरष - महिला टीमों की बीसीसीआई की राष्ट्रिय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन सहित सभी महत्वपूर्ण विषयों पर मुलाकात कर गहन चर्चा की।

## 7 वर्षीय श्रेयांशी ने राज्य की वरिष्ठ शतरंज चैंपियन को चौंकाया



जयपुर, 15 नवंबर 2025 - राजस्थान राज्य जूनियर शतरंज टूर्नामेंट, जिसका आयोजन चेस पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान द्वारा जयपुर जिला शतरंज संघ और राजस्थान शतरंज संघ के तत्वावधान में वीकेआईए रिक्रिएशन क्लब में किया जा रहा है, अत्यधिक रोमांच के साथ शुरू हुआ है। राउंड 2 में हुए एक सनसनीखेज उलटफेर ने राज्य के शतरंज जगत का ध्यान तत्काल अपनी ओर खींच लिया है। यह गौरव विशेष रूप से 7 वर्षीय उभरती हुई सितारा श्रेयांशी जैन को जाता है। युवा प्रतिभा, जिन्होंने हाल ही में प्रतिष्ठित एशियाई स्कूल शतरंज टूर्नामेंट अंडर-7 रैपिड श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया था, उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए मजबूत खिलाडी दक्षीता कुमावत, जो कि राजस्थान राज्य सीनियर चैंपियन 2025 हैं, को पराजित कर दिया। श्रेयांशी ने राउंड 2 के एक बेहद कडे मुकाबले में यह शानदार जीत हासिल करने के लिए असाधारण कौशल और उल्लेखनीय धैर्य का प्रदर्शन किया। एक अनुभवी चैंपियन पर यह जीत एक शक्तिशाली बयान है, जिसने तुरंत माहौल को विद्युतीकृत कर दिया है और श्रेयांशी को देखने लायक प्रतिभा के रूप में चिह्नित किया है। टूर्नामेंट को उल्लेखनीय ध्यान मिल रहा है, जिसमें 16 जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाडी भाग ले रहे हैं, जो इस आयोजन के प्रतिस्पर्धी स्तर को उजागर करता है। इस प्रतिष्ठित आयोजन का आधिकारिक उद्घाटन जयपुर की माननीय सांसद, मंजू शर्मा ने किया। प्रतियोगिता का संचालन अनुभवी डॉ. जयेंद्र चतुर्वेदी के सावधानीपूर्वक पर्यवेक्षण में किया जा रहा है, जो चीफ आर्बिटर के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं।

## राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम अनंतपुर रवाना




जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान बालिका जूनियर फुटबॉल टीम अनंतपुर, आंध्र प्रदेश के लिए रवाना हुई है। यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउण्डेशन ने टीम को किट और आर्थिक सहायता देकर इस यात्रा को संभव बनाया। राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलिप सिंह शेखावत ने बताया राजस्थान की खेल प्रतिभाएं लगातार देशभर में अपनी पहचान बना रही हैं। यह टीम गांवों और कस्बों से निकली उन बालिकाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो अब राष्ट्रीय मंच पर उतरने जा रही हैं। यह उनके सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है और प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

## माहेश्वरी स्कूल ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा बॉक्स क्रिकेट लीग का आगाज

जयपुर, 15 नवंबर। माहेश्वरी स्कूल ओल्ड स्टूडेंट एसोसियेशन के तत्वाधान में चौथे संस्करण का आगाज आज जय क्लब के प्रागंण में अंशुमान भोमिया अधिकारी के कर कमलो से हुआ। विशिष्ट अतिथि माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बाहेती थे।

महसोसा संस्था के अध्यक्ष सीए. शरद काबरा व सचिव संजीव जैन ने बताया कि महसोसा जयपुर के सबसे पुराने एवं रिनाउंड स्कूल के पूर्व छात्रों की संस्था है जिसमे 25000 से अधिक सदस्य हैं।

इस टूर्नामेंट के होस्ट 2009 बैच के अभिषेक लाटा व अनिक गुप्ता ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 25 विभिन्न वर्षो की टीमें भाग ले रही हैं व दो दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 58 मैच खेले जायेगें व जीतने वाली टीम को ट्राफी, नगद राशि एवं विभिन्न प्रकार के पुस्कार दिये जायेगे।

2009 बैच के लवनीश खगारोत व कन्हैया माहेश्वरी ने बताया कि टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही टीमों को तीन ग्रुपो में बाँटा गया है व तीनों ग्रुपो में विजेता व उपविजेता घोषित किये जायेगें। इस टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आशीष राना गोयल व सह-प्रायोजक एडवोकेट गर्वित खण्डेलवाल है।

# विकेटों के पतझड़ के बीच भारत को मिली जीत की सुगंध




कोलकाता, 15 नवंबर। रवींद्र जडेजा (चार विकेट) और कुलदीप यादव (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के दूसरी पारी में 93 पर सात विकेट झटक कर मैच में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। दक्षिण अफ्रीका अभी 63 रनों से आगे है और उसके तीन विकेट बाकी हैं।

भारत को पहली पारी में 189 रन पर समेटने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की एक बार फिर शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह भारतीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण के आगे बेबस नजर आया। लेफ्टआर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने 29 रन पर चार लेकर मेहमान टीम को झकझोर दिया। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने 12 रन पर दो विकेट निकाले। लेफ्टआर्म स्पिनर अक्षर पटेल को 30 रन पर एक विकेट मिला।

दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में कप्तान टेम्बा बावुमा ने सर्वाधिक नाबाद 29 रन बनाये। रायन रिकलटन (11), वियान मुल्डर (11) और मार्को यानसन (13) ही दहाई की संख्या में पहुंच सके। स्टंप्स के समय बावुमा के साथ कॉर्बिन बॉश एक रन बनाकर क्रीज पर थे। मैच के दूसरे दिन कुल 15 विकेट गिरे और भारत को इस मुकाबले में जीत की सुगंध नजर आने लगी है।

इससे पहले भारत ने पहली पारी में 189 रन बनाकर 30 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी। भारत ने कल के एक विकेट पर 37 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में भारत का दूसरा विकेट 75 रन के स्कोर पर वाशिंगटन सुंदर के रुप में गिरा। उन्हें साइमन हार्मर ने आउट किया। इसके बाद केशव महाराज ने केएल राहुल 39 रन को आउट किया। ऋषभ पंत (27 रन) को कॉर्बिन बॉश ने अपना शिकार बनाया। 49वें ओवर में हार्मर ने ध्रुव जुरेल (14) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। उन्होंने रवींद्र जडेजा (27) को भी अपना शिकार बनाया। इस दौरान मैच में आक्रामक बल्लेबाजी और धैर्यपूर्ण डिफेंस का मिश्रण देखने को मिला।

राहुल ने केशव महाराज की गेंद पर एक छक्का और कई चौके लगाए, जबकि पंत शानदार फॉर्म में थे और आउट होने से पहले उन्होंने दो छक्के और इतने ही चौके लगाए। सुंदर ने भी अपनी पहुंच और टाइमिंग का अच्छा इस्तेमाल करते हुए एक छक्का और दो चौके लगाकर प्रभावित किया। भारत का सातवां विकेट कुलदीप यादव (एक) का विकेट 172 के स्कोर पर गिरा। उन्हें मार्को यानसन ने आउट किया। मोहम्मद सिराज (एक) को भी यानसन ने अपना शिकार बनाया। 63वें ओवर की दूसरी गेंद पर साइमन हार्मर ने अक्षर पटेल (16) को आउटकर नौ विकेट पर 189 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया।

इससे पहले शुभमन गिल स्वीप शॉट लगाने के प्रयास में 79/2 के स्कोर पर चोटिल होकर पवेलियन लौट गये थे और वह दोबारा बल्लेबाजी करने मैदान पर नहीं उतरे। दक्षिण अफ्रीका के लिए साइमन हार्मर ने चार विकेट लिये। मार्को यानसन को तीन विकेट मिले। कॉर्बिन बॉश और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## शुभमन गिल गर्दन में ऐठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए



कोलकाता, 15 नवम्बर । भारतीय कप्तान शुभमन गिल कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के सुबह के सत्र में गर्दन में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। बीसीसीआई ने शनिवार दोपहर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है। गिल ड्रिंक्स ब्रेक के ठीक बाद बल्लेबाजी करने आए जब साइमन हार्मर ने वाशिंगटन सुंदर को आउट किया। दाएं हाथ के स्पिनर ने भारत के चौथे नंबर के बल्लेबाज को राउंड द स्टंप्स से गेंदबाजी जारी रखी, जिन्होंने पहली गेंद पर डिफेंस किया और फिर अगली गेंद पर स्लॉग स्वीप किया। उन्होंने अच्छी तरह से गेंद को हिट किया और अपना पहला चौका भी लगाया, लेकिन शॉट लगाने के तुरंत बाद ही वह असहज महसूस करने लगे। फ़िज़ियो गिल को देखने आए, जिन्होंने अपनी गर्दन के पिछले हिस्से को पकड रखा था और अपना सिर खुलकर नहीं हिला पा रहे थे। त्वरित जांच के बाद, गिल रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए, और उनकी जगह ऋषभ पंत मैदान पर आए। वह भारत की पहली पारी के दौरान पूरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं लौटे, जो अगले डेढ़सत्र में 189/9 पर समाप्त हुई - 30 रनों की बढ़त के साथ। बीसीसीआई ने कहा कि आज (शनिवार) उनके खेल में भाग लेने पर भी मेडिकल स्टाफ की निगरानी रहेगी।

## ऋषभ पंत ने टेस्ट में सहवाग का रिकॉर्ड तोडा, बने भारत के सबसे बडे सिक्सर किंग!



स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोडते हुए टेस्ट मैचों में भारत के सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाडी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है ! उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका पहले टेस्ट के दूसरे दिन 24 गेंदों पर 2 छक्के लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। पंत अब 92 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं, उनके बाद सहवाग (90), रोहित शर्मा (88), रवींद्र जडेजा (80) और एमएस धोनी (78) का नंबर आता है। वह इंग्लैंड के बेन स्टोक्स (136) के बाद विश्व स्तर पर भी सातवें स्थान पर हैं।

## अंडर 23 एक दिवसीय ट्रॉफी राजस्थान ने दिल्ली को हराया

### करण लाम्बा, मुकुल चौधरी के शानदार शतक





जयपुर, 15 नवम्बर । अहमदाबाद में खेली जा रही अंडर 23 एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने दिल्ली को हराया। राजस्थान की जीत में करण लाम्बा, मुकुल चौधरी के शतक व चेतन शर्मा

राजस्थान पारी 330 / 6- राजस्थान टीम ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए करण लाम्बा व मुकुल चौधरी के शानदार शतकों की सहायता से 6 विकेट के नुकसान पर 330 रनो का विशाल स्कोर बनाया। दोनों ने पांचवे विकेट के लिए ताबडतोड 186 रनो की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत किया।

टीम के लिए करण लाम्बा नाबाद 125 रन ( 113 गेंद , 11 चोक्के व 4 छक्के ) तथा मुकुल चौधरी 121 रन ( 79 गेंद , 7 चोक्के व 9 छक्के ) , रोहन राजभर 39 व चेतन शर्मा नाबाद 15 रनो का योगदान दिया।दिल्ली के गेंदबाज रजनीश 68 / 2 व अमन 77 / 2 विकेट। दिल्ली पारी 193 आल आउट।टीम के लिए देव 53 रन। राजस्थान के गेंदबाज चेतन शर्मा 43 / 3 , मोहित चांगरा 38 / 3 , नीलेश टांक 38 / 2 व दीपेंद्र , अनिरुद्ध 1 - 1 विकेट।

**अंडर 19 वीमेन चैलेंजर ट्रॉफी -** प्रिया यादव का शतक , तनिका शर्मा ,तानिया शर्मा ,अंशु , सुरभि , मुस्कान , रोज़ा , धृति , कनिष्का , माहि की बढ़िया बल्लेबाजी। वंशिका सिंधल , पर्ल बामनावत , हृतिका , मानवी , प्रीति ज्योयी की शानदार गेंदबाजी **पहला मैच** टीम डी - टीम सी ( टीम सी जीती ) टीम डी पारी 89 आल आउट। टीम के लिए अनुष्का 18 रन। टीम सी की गेंदबाज वंशिका सिंदल 17 / 6 व हृतिका 14 / 3 विकेट। टीम सी पारी 90/ 1, टीम के लिए अंशु 46 व भूमिका 24 रन। **दूसरा मैच** टीम जी - टीम एच ( टीम एच जीती ) टीम जी पारी 99 आल आउट। टीम के लिए नीतू 22 , कनिष्का 19 व प्रियांशी 18 रन।टीम एच की गेंदबाज पर्ल बामनवत 12 / 5 , मानवी 12 / 3 विकेट। टीम एच पारी 100 / 3, टीम के लिए वृंदा शर्मा नाबाद 30 , सुरभि 29 व मुस्कान नाबाद 26 रन। **तीसरा मैच** टीम एफ - टीम ई ( टीम एफ जीती ) टीम एफ पारी 108 आल आउट।टीम के लिए रोज़ा 34 , धृति 22 व रुतबा 15 रन। टीम ई की गेंदबाज मायना 13 / 4, संजू , वध्या 2 - 2 विकेट।टीम ई पारी 91 आल आउट।टीम के लिए कनिष्का 23 , माहि 22 व तानिया शर्म 14 रन, टीम एफ की गेंदबाज ज्योति 11 / 3 विकेट। **चौथा मैच** टीम ऐ - टीम बी ( टीम बी जीती )टीम ऐ पारी 185 आल आउट।टीम के लिए प्रिय यादव 127 रनो की शानदार शतकीय पारी खेली।टीम बी की गेंदबाज प्रीति 33 / 3 विकेट। टीम बी पारी 188 / 6, टीम के लिए तनिका शर्मा नाबाद 104 , श्रिष्टि 35 रन, टीम ऐ की गेंदबाज कनिष्का 42 / 2 विकेट।

## पाकिस्तान ने जीती सीरीज

रावलपिंडी, 15 नवम्बर। पाकिस्तान ने रावलपिंडी में दूसरे वनडे में श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। यह मैच पहले गुरुवार को होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। मेहमान टीम को 288 रनों पर रोकने के बाद, बाबर आजम के शतक (नाबाद 102) और फखर जमान (78) के अर्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने आसानी से यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने 51 रनों की साझेदारी करके एक मज़बूत नींव रखी। हालांकि दोनों बल्लेबाज क्रीज पर अच्छी स्थिति में दिख रहे थे।

## कल होगा सांसद खेल महोत्सव का दिव्य एवं भव्य शुभारंभ

जयपुर, 15 नवंबर। जयपुर शहर में सांसद खेल महोत्सव- 2025 के तहत 7 खेल मैदानों पर 17 नवंबर से 25 नवंबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सोमवार, 17 नवंबर को सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में सांसद खेल महोत्सव- 2025 का शुभारंभ होगा। जयपुर के चौगान स्टेडियम, आदर्श नगर स्थित सूरज मैदान, भवानी निकेतन महाविद्यालय, विद्याधर नगर स्टेडियम, प्रताप नगर स्थित जानकी देवी विद्यालय एवं रेल्वे स्टेडियम में कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़ सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा जिसमें हजारों खेल प्रतिभाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग, नगर निगम, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर-उत्तर मुकेश कुमार मूंड को प्रभारी अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी जयपुर दक्षिण अरुण कुमार शर्मा को सह प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## राज्य जूनियर हैंडबॉल में जयपुर की लडकियां चैंपियन

### लडकियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाडी रही जयपुर की नोरती कुमारी मेवाडा




जयपुर, 15 नवंबर। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में जिला हैंडबॉल संघ करौली द्वारा आयोजित 42वी राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका)- 2025-26 में जयपुर बालिका वर्ग में चैंपियन रही। जबकि बालक वर्ग में तीसरे स्थान पर रही। शुक्रवार को श्रीमहावीर जी (करौली) में संपन्न प्रतियोगिता में बालक वर्ग में श्रीगंगानगर विजेता, आरएसएससी बालक अकादमी जैसलमेर उपविजेता रही। वही बालिका वर्ग में श्रीगंगानगर उपविजेता तथा आरएसएससी बालिका अकादमी जयपुर तीसरे स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बालक खिलाडी श्रीगंगानगर का दीक्षांत रहा एवं बालिका खिलाडी की सर्वश्रेष्ठ खिलाडी जयपुर की नोरती कुमारी मेवाडा, जिन्हें राज्य हैंडबॉल संघ की ओर से स्व. लोकेंद्र सिंह गौड तथा स्व. इजि. तनराम मेघवाल की स्मृति में 2100-2100 रू. के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक करौली लोकेश सोनवाल थे। जबकि अध्यक्षता राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी महेंद्र शर्मा, कृपा बाबा हैंडबॉल अकैडमी के अध्यक्ष कैप्टेन टीआर कसाना, श्रीमहावीर जी थानाधिकारी गिरिराज प्रसाद थे। इस अवसर पर आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले जिला हैंडबॉल संघ करौली के सचिव अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाडी महेश सिंह गुर्जर का भी सम्मान किया गया।

## आईपीएल 2026: 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी ने रिटेन और रिलीज़ किए गए खिलाडियों की सूची की घोषणा






नई दिल्ली, 15 नवंबर। अगले महीने होने वाली मिनी नीलामी से पहले 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी ने रिटेन और रिलीज़ किए गए खिलाडियों की सूची की घोषणा कर दी है। संजू सैमसन के ट्रेड डील के तहत पांच बार की चैंपियन टीम में शामिल होने के बावजूद, रुतुराज गायकवाड आईपीएल 2026 में सीएसके की कमान संभालेंगे। एक बडे झटके के रूप में, आंद्रे रसेल को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिलीज़ कर दिया है। तीन बार की चैंपियन ने पिछले साल की बडी रकम वाले वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड रुपये) को भी रिलीज़ कर दिया। इस बीच, सीएसके ने श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को बेच दिया है, जिन्हें पिछले साल आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले 13 करोड रुपये में रिटेन किया गया था। पथिराना का पिछले सीज़न में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, उन्होंने केवल 13 विकेट लिए थे और 10 प्रति ओवर से अधिक की औसत से रन लुटाए थे।

कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने वाली आईपीएल की मिनी नीलामी में खिलाडियों को लेकर होड लगने की उम्मीद है क्योंकि दस टीमों में से सबसे ज्यादा पैसा इन्हीं दोनों के पास बचा है। केकेआर ने वेंकटेश अय्यर (23 .75 करोड रूपये) और आंद्रे रसेल (12 करोड) जैसे महंगे खिलाडियों को रिलीज कर दिया है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने संजू सैमसन को खरीदने के बावजूद कई खिलाडियों को रिलीज करके 40 करोड रूपये बचा लिये हैं। एमएस धोनी अगले साल भी आईपीएल खेलेंगे। केकेआर को नये सिरे से टीम बनानी होगी जबकि चेन्नई अपने गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करने की जुगत में होगी। उसकी नजरें मथीषा पथिराना को वापिस लेने या बेन स्टोक्स को खरीदने पर भी लगी होगी बशर्ते वह एशेज के बाद उपलब्ध रहे। केकेआर ने क्विंटोन डिकॉक, मोईन अली और एनरिक नॉर्किया को भी रिलीज कर दिया है जबकि अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, सुनील नारायण, वरूण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, हर्षित राणा और अंगकृष रघुवंशी को बरकरार रखा है।

**जारी एवं ट्रेड किए गए खिलाडियों की पूरी सूची**

- **डीसी:** मोहित शर्मा, फाफ डु प्लेसिस, सेदिकुल्लाह अटल, जेक फ्रेज़र-मैकगर्क, मनवंत कुमार, मुस्तफिजुर रहमान, दर्शन नालकांडे
- **जीटी:** गेराल्ड कोएत्ज़ी, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, दासुन शनाका, कुलवंत खेजरोलिया
- **एमआई:** कर्ण शर्मा, बेवॉन जैकब्स, मुजीब उर रहमान, विग्नेश पुथुर, केएल श्रीजीत, पीएसएन राजू, रीस टॉपले और लिज़ाद विलियम्स; अर्जुन तेंदुलकर (एलएसजी में स्थानांतरित)
- **सीएसके:** राहुल त्रिपाठी, दीपक हुडा, विजय शंकर, कमलेश नागरकोटी, आंद्रे सिद्धार्थ, शेख रशीद, वंश बेदी, डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र, मथीशा पथिराना; रवीन्द्र जडेजा सैम कुरेन (दोनों आरआर में ट्रेड किए गए)
- **सनराइजर्स हैदराबाद:** राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, अभिनव मनोहर, सचिन बेबी, अथर्व ताइदे, वियान मुल्डर; मोहम्मद शमी (एलएसजी में स्थानांतरित)
- **केकेआर:** वेंकटेश अय्यर, लवनिथ सिसौदिया, चेतन सकारिया, आंद्रे रसेल, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज़, मोइन अली, स्पेंसर जॉनसन, एनरिक नॉर्टजे; मयंक मारकंडे (एमआई से जुडे)
- **एलएसजी:** रवि बिश्नोई, आकाश दीप, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, डेविड मिलर, शमर जोसेफ, शार्दुल ठाकुर (एमआई में शामिल)
- **पीबीकेएस:** ग्लेन मैक्सवेल, आरोन हार्डी, काइल जैमीसन, कुलदीप सेन, प्रवीण दुबे, मिशेल ओवेन
- **आरआर:** कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, कुणाल सिंह राठौड, अशोक शर्मा, वानिंदु हसरंगा, फजलहक फारूकी, महेश थीक्षाना; संजू सैमसन (सीएसके में ट्रेड), नितीश राणा (डीसी में ट्रेड)
- **आरसीबी:** लियाम लिविंगस्टोन, लुंगी एनगिडी, मयंक अग्रवाल, स्वास्तिक चिकारा, मनोज भंडागे, मोहित राठी।

## 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025, एथलेटिक्स में 560 एथलीट लेंगें भाग

जयपुर, 15 नवंबर। 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के तहत एथलेटिक्स की सभी स्पर्धाएं जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम के एथलेटिक्स ट्रैक पर आयोजित की जायेगी।यह पहली बार है जब राजस्थान इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी कर रहा है।

शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार और अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् डा. नीरज के. पवन ने बताया कि एथलेटिक्स में सर्वाधिक 556 खिलाडी 23 इवेंट में भाग लेंगे। इन प्रतिभागियों में जहां 304 पुरूष एथलीट्स भाग लेंगे, वहीं 256 महिलायें पदक के लिए जोर आजमाईश करेंगीं। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स में पुरूष व महिलाओं में 100 मी. व्यक्तिगत स्पद्र्धा के साथ 200 मी., 400 मी., 800 मी., 1500 मी, 5000 मी., 10000 मी., 110 मी. हर्डल्स, 400 मी. हर्डल्स, 3000 मी. स्टीपल चेज, 20 कि.मी. वॉक, चार गुना सौ मी. रिले, चार गुना चार सौ मी. रिले, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, हैमर थ्रो, लोंग जम्प, हाई जम्प, ट्रिपल जम्प, पोल वॉल्ट, डेकाथलोन (पुरूष) और हैप्टाथलान (महिला) के अलावा चार गुना 400 मिश्रित रिले की स्पद्र्धाएं शामिल हैं। चार गुना 400 मीटर रिले में सर्वाधिक 48 एथलीट्स पदक के लिए दावा पेश करेंगे। शेष सभी इवेंट में 8-8 एथलीट्स होंगे।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार



सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

61 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 322 कुल भूखण्ड | 311 औद्योगिक भूखण्ड | 11 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 17 नवम्बर, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 01 दिसम्बर, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 02 दिसम्बर, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 04 दिसम्बर, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33 आबू रोड़ | 09 चूरू | 34 नागौर | 09 उदयपुर |
| 21 अजमेर | 10 बीकानेर | 07 पाली | 03 जयपुर (दक्षिण) |
| 02 अलवर | 14 श्रीगंगानगर | 26 झालावाड़ | 01 जयपुर (उत्तर) |
| 07 भिवाड़ी-I | 22 किशनगढ़ | 01 जालोर | 28 ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 14 भिवाड़ी-II | 16 भीलवाड़ा | 14 राजसमंद | 01 जोधपुर |
| 08 बोरानाडा | 01 जयपुर (ग्रामीण) | 20 कोटा | 05 सवाईमाधोपुर |
| 09 घिलोठ | 04 भरतपुर | 03 नीमराना | |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/13905

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

# ‘जनजाति समुदाय ने जल, जंगल व जमीन के संतुलन से जीना सिखाया’

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने डूंगरपुर में जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित किया

डूंगरपुर/जयपुर, 15 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनजाति समुदाय ने सदियों से प्रकृति, संस्कृति, साहस और सत्य के मार्ग को जीवंत रखा है। राजस्थान के हृदय में सबसे जीवंत और प्रखर धारा के रूप में हमारे आदिवासी भाई-बहन हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का इतिहास संघर्ष से भरा है, लेकिन उससे भी अधिक गौरवपूर्ण है।

इन्होंने जल, जंगल और जमीन के साथ संतुलन बनाकर विश्व को जीना सिखाया है। त्योहारों, गीतों और परम्पराओं से राजस्थान की पहचान को समृद्ध बनाया है।

■ **भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती पर मु.मंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों और छात्र-छात्राओं को 204 करोड़ रूपए की राशि डीबीटी के द्वारा ट्राँसफर की।**

उन्होंने कहा कि जनजातियों के नृत्य में ताल ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों की कहानियां समाहित हैं। इसी प्रकार, त्योहारों में रंग ही नहीं, आदिवासी गौरव की चमक भी बसती है। राज्य सरकार इन परम्पराओं को संजोने के साथ ही, उन्हें दुनिया के सामने गर्व से पेश करेगी। राज्य सरकार जनजाति कल्याण के लिए संकल्पित है।

शर्मा शनिवार को डूंगरपुर के भोगीलाल राजकीय महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

शर्मा ने कहा कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु गांव में जन्मे भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजा दिया। सामाजिक असमानता और अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों ने उनके अंतर्मन को विद्रोह से भर दिया।

केवल 15 वर्ष की आयु में उन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और 25 वर्ष की आयु में ‘उलगुलान आंदोलन’ का नेतृत्व कर पूरे देश में जनक्रांति की लौ जलाई।

शर्मा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के 53 हजार 766 लाभार्थियों को फार्म पौंड, डिग्गी, पाइपलाइन, तारबंदी, कृषि यंत्र, गोवर्धन उर्वरक योजना एवं खेती के विभिन्न कार्यों के लिए और कृषि की पढ़ाई कर रहीं छात्राओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 200 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी की। उन्होंने 12 हजार से अधिक जनजाति छात्र-छात्राओं को पोशाक एवं स्टेशनरी के लिए 4 करोड़ 8 लाख रुपये की राशि भी हस्तान्तरित की।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को डूंगरपुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 87 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।*

# पठानकोट का डॉक्टर दिल्ली हमले के आतंकियों से सम्पर्क में था

पठानकोट, 15 नवंबर। दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट के तार पठानकोट से भी जुड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार, पठानकोट के एक अस्पताल में एनआईए की टीम की ओर से बीती रात इस मामले में जुड़े एक मुस्लिम डॉक्टर को राउंड अप किया गया है।

सूत्रों से पता चला है कि उक्त डॉक्टर की बात दिल्ली में हुए आतंकवादी हमले के आरोपियों के साथ होती थी। सूत्रों के अनुसार, एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों तथा थाना प्रभारी मामून प्रीति ने, घटना की पुष्टि के लिए बार-बार फोन करने के बावजूद, फोन नहीं उठाया। गिरफ्तार किए गए डॉक्टर की पहचान रईस अहमद भट निवासी अनंतनाग जम्मू-कश्मीर के रूप में हुई है। अहमद भट्ट 4 साल से व्हाइट मेडिकल कॉलेज पठानकोट में एसोसिएट प्रोफेसर सर्जरी डिपार्टमेंट का हेड था।

■ **डॉ. रईस अहमद भट को पुलिस ने जांच के लिये राउण्ड अप किया।**

# बिहार चुनाव के बाद चुनाव आयोग ने बारह राज्यों में “सर” प्रक्रिया आरंभ कर दी आज से

## इन बारह राज्यों में राजस्थान भी शामिल है तथा चुनाव आयोग 4 दिसम्बर से पहले यह प्रक्रिया पूरी करने का इरादा रखता है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। बिहार चुनाव के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेनिसव रिवीजन- एसआईआर) के आधार पर पूरा हो जाने के बाद, चुनाव आयोग ने अब एसआईआर का दूसरा चरण शुरु कर दिया है। यह अभियान राजस्थान सहित, 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में चल रहा है और 4 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।

एक महीने तक चलने वाली इस गणना प्रक्रिया में उन मतदाताओं को शामिल किया जाएगा, जो 27 अक्टूबर 2025 तक पात्र हैं। इस प्रक्रिया में मतदाताओं के लिए विशेष गणना फ़ॉर्म की छपाई और वितरण भी शामिल है।

राजस्थान में कुल 5,48,84,479 मतदाता हैं, जिनके लिए एसआईआर जारी किया जाएगा। राज्य में कुल 1,01,333 बीएलओ (बीएलओ) हैं, जबकि 5,46,56,215 गणना फ़ॉर्म छापे जा चुके हैं और 5,34,11,991 फ़ॉर्म वितरित किए जा चुके हैं।

राजस्थान की तरह, जिन अन्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू होकर 4 दिसंबर तक चलेगी, वे हैं: पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी, मध्य प्रदेश, लक्षद्वीप, केरल, गुजरात, गोवा, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।

इस चरण में शामिल 12 राज्यों में कुल 50,99,72,687 मतदाताओं को कवर किया जाएगा, जबकि 48,67,37,064 मतदाताओं को उनके गणना फ़ॉर्म वितरित किए जाएंगे।

# ‘विवाहित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आगे जारी नहीं रखा जाए। अदालत ने कहा कि ऐसा मुकदमा पिता-पुत्र के पवित्र रिश्ते पर कलंक है और समाज के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है।

# दिल्ली बम ब्लास्ट में पुलिस को एक दर्जन डॉक्टरों की तलाश

## डॉ. मुजम्मिल के मोबाइल के कॉल डिटेल रिकॉर्ड में डॉक्टरों के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ

नई दिल्ली, 15 नवंबर। दिल्ली में लाल किले के पास हाल ही में हुए बम धमाके के मामले में जांच एजेंसियों को बड़ा सुराग मिला है। गिरफ्तार संदिग्ध डॉक्टरों के साथ-साथ डॉक्टर मुजम्मिल के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड, यानी सीडीआर से एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसियों ने डॉक्टरों की एक लंबी लिस्ट तैयार की है। इसमें अल फलाह यूनिवर्सिटी से पढ़े और वहां काम करने वाले डॉक्टरों की संख्या ज्यादा है। इनमें से कई डॉक्टरों के फोन उमर के बम धमाके के बाद से बंद हैं, जिन्हें जांच एजेंसियां ट्रेस कर रही हैं। सूत्र बताते हैं कि करीब एक दर्जन से ज्यादा डॉक्टरों की तलाश की जा रही है, जो जैश से जुड़े इन संदिग्धों के संपर्क में थे।

दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए ब्लास्ट की जांच अब हरियाणा के नूंह तक पहुंच गई है। नूंह के अब तक 5 लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं, इनमें 2 डॉक्टर और एक एमबीबीएस स्टूडेंट है। तीनों का फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से नाता है। फिरोजपुर झिरका से डॉ. मोहम्मद, नूंह शहर से डॉक्टर रिहान और पुन्हाना के सुनहेड़ा गांव से डॉ. मुस्तकीम को अरेस्ट किया गया है।

■ **अल फलाह यूनिवर्सिटी की जमीन की गहन जांच चल रही है। यह देखा जा रहा है कि 78 एकड़ भूमि में से कितनी इस्तेमाल हो रही है और कितनी खाली है।**

इसी कड़ी में फरीदाबाद जिला प्रशासन ने अल फलाह यूनिवर्सिटी की जमीन की गहन जांच के आदेश दिए हैं। धौज गांव में बनी यूनिवर्सिटी की जमीन करीब 78 एकड़ में फैली हुई है। अब प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि इस जमीन का कितना हिस्सा इस्तेमाल हो रहा है और कितना खाली पड़ा है। इसके लिए पटवारी यूनिवर्सिटी की जमीन की पैमाइश कर रहे हैं। जमीन की लंबाई, चौड़ाई और जिस जगह पर इमारतें बनी हैं, उसका पूरा हिसाब-किताब तैयार किया जा रहा है। सिर्फ जमीन की माप ही नहीं, बल्कि प्रशासन यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि ये जमीन किससे और किस कीमत पर खरीदी गई थी। यूनिवर्सिटी ने जमीन खरीदने में किन लोगों को पैसे दिए और कितने दिए, इसका भी पूरा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

# किसी भी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजद का सबसे अधिक वोट शेयर यह दिखाता है कि कई सीटों पर उसने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन जीत की रेखा पार नहीं कर सका। यानी राजद को मिले वोटों से उसका वोट शेयर तो बढ़ गया, लेकिन ये वोट सीटों में बदल नहीं पाए। दूसरे शब्दों में, राजद ने अपनी ताकत का अधिक आकलन कर लिया।

2010 के बाद से (जब उसने 22 सीटें जीती थीं) अपने सबसे खराब प्रदर्शन से जूझ रहे राजद के सामने सबसे बड़ी चुनौती है: लालू यादव द्वारा बनाए गए मुस्लिम-यादव (एम.वाय.) वोट बैंक में तीसरा सामाजिक समूह जोड़ना। लेकिन इस दिशा में काम करने के बजाय, यह पार्टी परिवार के भीतर उत्तराधिकार की लड़ाई में उलझा हुई है। तेजस्वी के बड़े भाई तेज प्रताप पहले ही बागी हो चुके हैं और बहन रोहिणी आचार्य अब राजनीति छोड़कर परिवार से दूर हो चुकी हैं। ऐसी अंदरूनी कलह पार्टी को और कमजोर कर सकती है।

पिछले कुछ वर्षों में, लालू प्रसाद के पुराने सहयोगी या तो गुजर गए हैं या हाशिये पर चले गए हैं। इसलिए माना जा रहा है कि राजद अपनी वैचारिक दिशा से भटक गई है और बिना पतवार के बह रही है।

# लालू की पुत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आचार्य की यह पोस्ट पहले से ही उथल-पुथल झेल रहे परिवार और पार्टी में और अधिक हलचल पैदा कर देगी। राजद पहले ही लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से निकाल चुकी है।

तेज प्रताप ने नई पार्टी, “जनशक्ति जनता दल” बनाई थी, जिसने चुनाव अकेले लड़ा और राघोपुर विधानसभा सीट से तेजस्वी के खिलाफ भी उम्मीदवार उतारा। पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली, यहाँ तक कि महुआ सीट भी नहीं, जहाँ से तेज प्रताप ने चुनाव लड़ा था। आचार्य, जो कथित रूप से तेज प्रताप के निष्कासन से नाखुश थीं, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भी कई बार पार्टी के प्रति अपनी नाराज़गी जताती रही थीं, हालांकि कई बार उन्होंने मेल-मिलाप वाले संदेश भी पोस्ट किए।

सितंबर के आसपास, आचार्य ने सभी राजनीतिक नेताओं और अपने परिवारजनों को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया था। इसके बाद उन्होंने एक पोस्ट किया था कि उनके बारे में गलत बातें फैलाई जा रही हैं।

उन्होंने लिखा था: “मैं उन सभी को खुली चुनौती देती हूँ, जिनके मन में गलत विचार हैं और जो ऐसे लोगों को बढ़ावा देते हैं। अगर कोई यह साबित कर दे कि मैंने कभी भी अपने लिए या किसी और के लिए किसी से कोई अनुरोध किया है, या यह दावा झूठ है कि मैंने अपने सम्मानित पिता को किडनी दान की, तो मैं राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन से सन्यास ले लूंगी।”

उन्होंने आगे कहा: “अगर आरोप लगाने वाले अपनी झूठी बातें और प्रचार साबित नहीं कर सकते, तो उनमें इतनी हिम्मत हो कि वे मुझसे और इस देश की हर मां, बहन और बेटी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और कसम खाएं कि वे आगे ऐसी गलत बातें नहीं फैलाएंगे।”

तथापि, 9 नवंबर को, मतदान के दो चरणों के बीच, आचार्य ने अपने भाई तेजस्वी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं और उनकी नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने पोस्ट में लिखा: “उम्र में युवा, पर दिल से सच्चे और अपने वचन के पक्के। “कर्मवीर”, हमारे कर्तव्यनिष्ठ भाई तेजस्वी। आपके सभी सपने पूरे हों, बिहार के युवाओं और पूरे प्रदेश के सपनों को साकार करें, और आपका जीवन हमेशा खुशियों से भरा रहे।”

उनकी हालिया अन्य पोस्ट भी पार्टी के समर्थन में थीं।

आरजेडी 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में सिर्फ 25 सीटें जीत सकी, जबकि पूरा महागठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया। दूसरी ओर, एनडीए ने 202 सीटों पर शानदार जीत हासिल की।

# चांदनी चौक मस्जिद से तब्लीगी जमात के सदस्यों को हिरासत में लिया

नयी दिल्ली, 15 नवंबर। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किला विस्फोट मामले में जाँच एजेंसियों ने चांदनी चौक स्थित फैज़ इलाही मस्जिद से तब्लीगी जमात के कई सदस्यों को हिरासत में लिया है।

कथित तौर पर यह मस्जिद वही है, जहाँ कथित आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर नबी ठहरा था।

सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध डॉ. उमर की मौजूदगी के कारण जमात के सदस्यों से पूछताछ की गई , हालांकि पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मस्जिद प्रबंधन समिति से आगंतुकों के लिए रखे गए रिकॉर्ड का विवरण देने को कहा गया।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने मामले में एक नयी प्राथमिकी दर्ज की है , हालांकि मुख्य जाँच राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। विशेष प्रकोष्ठ ने यह प्राथमिकी साजिश के पहलू की जाँच शुरू करने के लिए दर्ज की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के धौज और नूंह इलाकों और राष्ट्रीय राजधानी से सटे अन्य इलाकों में रात भर छापेमारी की, जिसमें एनआईए के अधिकारी भी शामिल थे। इस कार्रवाई के दौरान, फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय के तीन डॉक्टरों को कथित तौर पर हिरासत में लिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि हिरासत में लिए गए डॉक्टरों में से दो के नाम मोहम्मद और मुस्तकीम हैं, जिन्हें नूंह इलाके से हिरासत में लिया गया था।

■ **इसी मस्जिद में लाल किले का आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर नबी ठहरा था**

■ **सूत्रों के अनुसार, जमात के सदस्यों से डॉ. उमर की मौजदगी के कारण पूछताछ की गई तथा पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। मस्जिद प्रबंधन समिति से आंगतुकों का रिकॉर्ड देने के लिये कहा गया है।**

# हाई कोर्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एक्टिंग सीजे एसपी शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि यदि पुलिस ठगी की गई राशि की बरामदगी कर लेती है तो वह बैंक लेने के लिए अधिकृत है। उपभोक्ता राकेश तोतूका की ओर से अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने बताया कि 11 फरवरी, 2022 की शाम 6.39 बजे से 12 फरवरी, 2022 को 1.30 एएम के बीच 14 बार में याचिकाकर्ता के बैंक खाते से 58.93 लाख रुपए ठगी के जरिए निकले थे। बैंक ने 9 बार ओटीपी भेजने के आधार पर 15.60 लाख रुपए ही लौटाने की बात कही। इसे चुनौती देते हुए पीड़ित की ओर से कहा गया कि आरबीआई के परिपत्र के अनुसार, बैंक को ठगी गई पूरी राशि पीड़ित को अदा करनी चाहिए।

# भाजपा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पहुँचा है और यह गंभीर अनुशासनहीनता है। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री को सात दिन का समय दिया गया है कि वे बताएं कि उन्हें पार्टी से निष्कासित क्यों न किया जाए।

पत्र में कहा गया: “श्री राज कुमार सिंह जी, पूर्व सांसद, आरा, आपकी गतिविधियाँ विरोधी पार्टी और अनुशासनहीन व्यवहार की श्रेणी में आती हैं। इससे संगठन को नुकसान पहुँचा है और पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है। इसलिए, निर्देशानुसार, आपको पार्टी से निलंबित किया जाता है और यह “कारण बताओ नोटिस” जारी किया जाता है कि आपको पार्टी से निष्कासित क्यों न कर दिया जाए।

आर.के. सिंह, जो पूर्व आईएएस अधिकारी और कभी बिहार में पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक थे, पिछले कई महीनों से भाजपा के राज्य नेतृत्व की खुलकर आलोचना कर रहे थे। उन्होंने बार-बार उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को निशाना बनाया, जद (यू) नेता अनंत सिंह के प्रभाव पर सवाल उठाए और सरकार के बिजली क्षेत्र से जुड़े समझौतों पर भी चिंता जताई।

इस महीने की शुरुआत में, सिंह ने एक प्रस्तावित बिजली परियोजना से जुड़े 62,000 करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार से सम्बंधित कई दस्तावेज ऑनलाइन साझा किए थे।

उन्होंने चुनाव आयोग पर भी आरोप लगाया था कि वह चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू कराने में नाकाम रहा है। सिंह ने कहा था, चुनाव आयोग को मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना चाहिए। यह चुनाव आयोग और जिला प्रशासन, दोनों की नाकामी है। चुनाव के समय यह बहुत चिंता की बात है और स्वीकार्य नहीं है।

आर.के. सिंह ने केन्द्र के गृह सचिव पद से सेवानिवृत्त होने के बाद, 2014 में भाजपा जॉइन की थी। इसके बाद उन्होंने आरा लोकसभा सीट से दो बार जीत हासिल की और ऊर्जा व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) के रूप में कार्य किया।

लेकिन 2024 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद, सिंह भाजपा की बिहार इकाई के प्रति और अधिक आलोचनात्मक होते गए और कई बार वरिष्ठ नेताओं से उनके टकराव की स्थिति बन गई।

अब पार्टी में उनका भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वे अनुशासन समिति को क्या स्पष्टीकरण देते हैं।

# अंदर ही अंदर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ बैठक की और एनडीए की भारी जीत के लिए वोट चोरी को जिम्मेदार ठहराया।

हार के बाद उन्होंने आज लालू यादव, तेजस्वी, सैनी और तमाम लोगों को फोन करके उन्हें समझाने की कोशिश की कि वोट चोरी ही वह मुद्दा है, जिसे दुनिया के सामने उठाना चाहिए।

लेकिन लगता है कि आत्मचिंतन, विश्लेषण, जिम्मेदारी तय करना या जवाबदेही, राहुल गांधी के शब्दकोष का हिस्सा नहीं हैं।

पार्टी के अंदर, पार्टी को चलाने के तरीके को लेकर नाराज़गी गहरी होती जा रही है। कैसे राहुल ने देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के सक्रिय व अनुभवी नेताओं को किनारे कर दिया और उनकी जगह झोला ढोने वाले पुरुषों, महिलाओं, पूर्व आई.ए.एस. अधिकारियों और कॉरपोरेट पृष्ठभूमि वाले लोगों को पार्टी चलाने की जिम्मेदारी दे दी। इनमें से ज़्यादातर प्रयोग नाकाम रहे और पार्टी लगातार केन्द्र और राज्यों, दोनों जगह चुनाव हारती गई।

हार-जीत राजनीति का हिस्सा हैं, लेकिन भाजपा के हाथों पूर्ण विनाश नहीं, जो इस बार बिहार में हुआ।

चुनाव से ठीक पहले राहुल की नई टीम ने ओ.बी.सी. (जिस पर राहुल सबसे अधिक जोर देते रहे हैं) से फोकस हटाकर ई.बी.सी. (इकोनॉमिकली बैकवर्ड क्लास) पर शिफ्ट कर दिया, जिससे पार्टी का संदेश कमजोर हो गया।

राहुल ने जातिगत राजनीति या अपने दृष्टिकोण को संतुलित या परिष्कृत करने से इनकार कर दिया और उच्च जातियों को लगभग पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर दिया गया।

टिकट अंतिम समय तक घोषित नहीं किए गए, और यह आरोप भी लगे कि टिकटों के लिए उचित जांच नहीं की गई और टिकट-वितरण में सौदेबाजी की गई। अल्लुवेरा ने राहुल को आश्वस्त कर दिया था कि तेजस्वी यादव के साथ कड़ा रुख अपनाया जाए और उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित न किया जाए। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि यदि राहुल इसी तरह चलते रहे तो कांग्रेस पार्टी मोदी-शाह की राजनीतिक मशीनरी का मुकाबला कभी नहीं कर पाएगी और कई अच्छे नेता पार्टी छोड़ने पर गंभीरता से विचार करेंगे।

आज भी, बिहार में हार के बाद भी, राहुल और उनकी टीम यह स्वीकार करने को तैयार नहीं कि वे चुनाव हार गए हैं। उनका कहना है कि भाजपा और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र और जनता, दोनों को धोखा दिया है और उन्हें एकजुट होकर इससे लड़ना चाहिए।

अब पार्टी के भीतर यह सवाल उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी ने इन निरंतर हारों से कुछ भी सीखा है?

या फिर पार्टी को नेतृत्व बदलने पर विचार करना चाहिए और एक अनिच्छुक व अंशकालिक नेता को हटाना चाहिए, जिसके राजनीतिक “प्रयोगों” ने कांग्रेस को विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

# कश्मीर के नौगाम थाने में विस्फोट में 9 मरे, 32 घायल

## फरीदाबाद में बरामद विस्फोटक की फोरेंसिक जांच के लिये नमूना लेते समय आकस्मिक विस्फोट हुआ

श्रीनगर, 15 नवंबर। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने शनिवार को कहा कि नौगाम थाने में विस्फोट एक आकस्मिक घटना है, जिसमें नौ लोग मारे गए और 32 घायल हुए हैं। उन्होंने इस घटना में किसी भी आतंकी पहलू से इनकार किया है।

प्रभात ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नौगाम थाना में दर्ज एक प्राथमिकी की जांच के दौरान, नौ और 10 नवंबर को हरियाणा के फरीदाबाद से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ, रसायन और अभिकर्मक भी बरामद किए गए थे।

डीजीपी ने कहा, ''इन्हें अन्य बरामद सामग्रियों की तरह, नौगाम थाने के खुले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से ले जाया गया और रख दिया गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत, बरामदगी के नमूनों को फोरेंसिक और रासायनिक जांच के लिए भेजा जाना था।''

उन्होंने कहा कि बरामदगी की विशाल प्रकृति के कारण यह प्रक्रिया पिछले दो दिनों, यानी कल और परसों फोरेंसिक टीम द्वारा चलायी जा रही थी। उन्होंने कहा, बरामदगी और नमूना लेने की प्रक्रिया की अस्थिर और संवेदनशील प्रकृति के कारण एफएसएल टीम द्वारा अत्यंत सावधानी के साथ काम किया जा रहा था। हालांकि, दुर्भाग्यवश इस दौरान कल रात लगभग 11.20 बजे एक आकस्मिक विस्फोट हुआ। इस घटना के कारण के बारे में कोई अन्य अटकलें लगाना अनावश्यक है।

उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नौ लोगों की जान चली गई है। मारे गए लोगों में राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) का एक कर्मी, एफएसएल के तीन कर्मी, जम्मू-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा के दो फ़ोटोग्राफ़र, मजिस्ट्रेट की टीम में शामिल दो राजस्व अधिकारी और टीम से जुड़ा एक दर्जी शामिल हैं।

प्रभात ने कहा, ''इसके अलावा 27 पुलिसकर्मी, दो राजस्व अधिकारी और आस-पास के इलाकों के तीन नागरिक घायल हुए हैं।'' उन्होंने कहा कि घायलों को तुरंत नज़दीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

डीजीपी ने कहा, थाने की इमारत को बहुत नुकसान पहुंचा है। साथ ही आस-पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान की सीमा का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

■ **जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने कहा कि अत्यंत सावधानी के साथ काम करते समय दुर्भाग्यवश आकस्मिक विस्फोट हुआ। इस घटना के कारण के बारे में कोई अन्य अटकलें लगाना अनावश्यक है।**

# डॉ. शाहीन व डॉ. मुजम्मिल देश छोड़कर भागाने की फिराक में थे

फरीदाबाद, 15 नवंबर। दिल्ली में हुए आत्मघाती हमले का षड्यंत्र रचने वाली अल फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत डॉ. शाहीन और डॉ मुजम्मिल की योजना देश छोड़कर भागने की थी। जांच में कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिनसे सिद्ध हो रहा है कि डॉ. शाहीन ने भारत छोड़ अरब जाने की तैयारी पूरी कर ली थी।

इस संबंध में जानकारी मिली है कि धौज थाना क्षेत्र में पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए आवेदन आया था। हालांकि, वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने के पहले ही आतंकी डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

बता दें कि जैश की महिला विंग की प्रमुख के रूप में सामने आई और अब गिरफ्तार हो चुकी सफेदपोश आतंकी डॉ. शाहीन खाड़ी देश भागने की फिराक में थी। मगर पासपोर्ट वैरिफिकेशन की प्रक्रिया में कुछ देरी हो गई। इस दौरान डॉ. मुजम्मिल व डॉ. शाहीन की गिरफ्तारी हो गई और प्लान धरा का धरा रह गया।

■ **दिल्ली के आत्मघाती हमले का षड्यंत्र रचने वाली शाहीन के पासपोर्ट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होने से पहले पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।**

पुलिस सूत्रों के अनुसार अक्टूबर माह में अल फलाह यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. शाहीन सईद ने पासपोर्ट बनवाने के लिए आवदेन किया था। आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होनी थी। अल फलाह यूनिवर्सिटी धौज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आती है। डॉ. शाहीन ने आवेदन में पता यूनिवर्सिटी का ही दिया था। इसलिए धौज थाना पुलिस यूनिवर्सिटी के हॉस्टल के टावर संख्या 15 के फ्लैट नंबर 32 में पहुंची थी।

# डॉ. आदिल का भाई विस्फोटक उपकरण के लिये कच्चा माल इकट्ठा करता था

नयी दिल्ली, 15 नवंबर। राष्ट्रीय राजधानी के लाल किला विस्फोट मामले की जांच में डा. आदिल अहमद के भाई मुजफ्फर का नाम भी सामने आया है, जो दुबई से विस्फोटक उपकरण के लिए कच्चा माल इकट्ठा करने में सक्रिय था।

■ **सुरक्षा एजेंसी के अनुसार मुज़फ्फर पांच साल से सक्रिय था तथा दुबई से काम करता था।**

घटना की जांच कर रही सुरक्षा एजेंसी के सूत्रों ने कहा, “वह पांच साल से सक्रिय था। हमारी जांच से पता चला है कि मुजफ्फर दुबई से काम कर रहा था।” मुजफ्फर पर विस्फोटक उपकरण के लिए कच्चा माल इकट्ठा करने का आरोप है।

सूत्र ने कहा,''वह (मुजफ्फर) आतंकवादियों के लिए सेतु का काम कर रहा था। पाकिस्तान में आतंकवादियों से संपर्क कर रहा था और भारत में अपने गुर्गों को निर्देश दे रहा था।''डा. शाहीन विदेश यात्रा करना चाहती थीं। सूत्रों ने बताया कि डा. शाहीन विदेश यात्रा की योजना बना रही थीं। वह गिरफ्तार डॉक्टरों में से एक है। वह जैश-ए-मोहम्मद के आकाओं के सीधे संपर्क में थी। डा. शाहीन कथित तौर पर युवा डॉक्टरों को कट्टरपंथी बना रही थी। जांच अधिकारी ने कहा, वह धर्मांतरण का रैकेट भी चला रही थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908